आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज संत भूरा भगत जयंती जानकी जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 99 | उज्जैन, शनिवार 25 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा: नरवणे

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था। सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने गुरुवार को कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी से जुड़े विवादों पर बात की। उन्होंने कहा, जो उचित समझो वह करो टिप्पणी सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था। दरअसल, राहुल गांधी ने 2 और 3 फरवरी को संसद में नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देकर चीन घुसपैठ और अग्निवीर योजना के रीव्यू का मुद्दा उठाया था।

### कांग्रेस नेता को पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत देने से इनकार

**गुवाहाटी।** असम हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिससे उनके लिए कानूनी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां से जुड़े कथित मानहानि आरोपों पर आधारित है। अदालत के इस फैसले के बाद अब संभावना जताई जा रही है कि पवन खेड़ा को या तो सरेंडर करना पड़ सकता है या फिर नियमित जमानत की प्रक्रिया अपनानी होगी। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब पवन खेड़ा ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया कि रिंकी भुइयां के पास विभिन्न देशों जैसे यूएई, मिस्त्र और एंटीगुआ और बारबुडा के पासपोर्ट हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास विदेश में संपत्तियां हैं।

### राकेश बेदी को धुरंधर में नहीं मिला 1 करोड़ बोनस



#### एक्टर ने खबरों को बताया गलत; जमील जमाली के रोल से मिली नई पहचान

**मुंबई।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' और उसके सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। फिल्म में रणवीर सिंह के एक्शन के साथ-साथ एक्टर राकेश बेदी के किरदार 'जमील जमाली' की खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में खबरें आई थीं कि मेकर्स ने राकेश बेदी की परफॉर्मेंस से खुश होकर उन्हें कॉन्ट्रैक्ट से अलग 1 करोड़ रुपए का बोनस दिया है। अब खुद राकेश बेदी ने इन खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ी और दिलचस्प अंदाज में इसका जवाब दिया। फीस से ज्यादा बोनस मिलने की थी चर्चा बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश बेदी को शुरूआत में दोनों फिल्मों के लिए कुल 50 लाख रुपए की फीस दी गई थी। लेकिन सीक्वल की बड़ी कामयाबी और 'जमील जमाली' के किरदार को मिले पब्लिक रिस्पॉन्स को देखते हुए डायरेक्टर आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर ने उन्हें 1 करोड़ रुपए का चेक बोनस के तौर पर दिया। राकेश बोले- पैसा कहां है मुझे भी बताओ जब एनडीटीवी ने राकेश बेदी से इस 1 करोड़ के बोनस के बारे में पूछा, तो उन्होंने अपने अंदाज में इन दावों को गलत बताया। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, भाई, ये पैसे हैं कहां? किसके पास रखे हैं मुझे तो पता ही नहीं। उन्होंने आगे हंसते हुए कहा कि अगर किसी को पता चले कि पैसा कहां है, तो उन्हें जरूर बताएं, वे खुद जाकर ले आएंगे क्योंकि उनके बैंक अकाउंट में तो अभी तक ऐसा कोई अमाउंट नहीं आया है। एक्टर ने साफ किया कि ये खबरें फिलहाल सिर्फ अफवाह है।

**70 की उम्र में बढ़ा राकेश बेदी का क्रेज** 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी में राकेश बेदी का रोल पहले एक सपोर्टिंग किरदार जैसा था, लेकिन सीक्वल में आए एक बड़े ट्विस्ट ने उन्हें कहानी के सेंटर में ला दिया। जमील जमाली के किरदार में कॉमेडी और इमोशन्स का ऐसा तालमेल था कि दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया।

### बिहार विधानसभा में सम्राट चौधरी सरकार ने पास किया फ्लोर टेस्ट

**पटना।** बिहार विधानसभा के एक विशेष सत्र में आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारी बहुमत के साथ विश्वास मत सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। 243 सदस्यों वाली विधानसभा में सरकार को अपना बहुमत साबित करने के लिए 122 वोटों की आवश्यकता थी, लेकिन एनडीए ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 201 विधायकों के समर्थन का दावा पेश किया. सरकार ने यह फ्लोर टेस्ट ध्वनिमत के साथ पास कर लिया जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने नई सरकार को बधाई दी। विश्वास मत पर चर्चा के दौरान सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में एनडीए पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से सत्ता में है। एनडीए सरकार ने किसानों और महिलाओं के कल्याण को प्राथमिकता दी है और सुशासन स्थापित करने के लिए व्यापक रूप से काम किया है।

### सेंसेक्स 1000 अंक गिरकर 76,664 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 24 अप्रैल को सेंसेक्स 1000 अंक (1.29%) की गिरावट के साथ 76,664 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 275 अंक (1.14%) गिरकर 23,898 के स्तर पर आ गया। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर की 22 अप्रैल की डेडलाइन को आगे तो बढ़ा दिया है, लेकिन तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी अब भी जारी रखी है, वहीं ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' में दो जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों देशों के बीच बातचीत का पिछला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया था, जिसके बाद उम्मीद थी कि पाकिस्तान में दूसरे दौर की बातचीत होगी।

---

## आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका : राघव चड्ढा ने अंदरखाने गिरा दिए सात विकेट

# आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा भाजपा में शामिल हुए

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसद भाजपा में शामिल होंगे। इसका ऐलान पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार शाम को 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उन्होंने बताया कि राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता हमारे साथ हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ संदीप पाठक और अशोक मित्तल भी मौजूद थे। अशोक मित्तल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन हैं और जालंधर में उनके घर 10 दिन पहले (15 अप्रैल) ईडी ने छापेमारी की थी।

> **10 में से 7 सांसद साथ, अशोक मित्तल ने ईडी छापे के 10वें दिन भाजपा जॉइन की**

राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल ने भाजपा मुख्यालय पहुंचकर पार्टी जॉइन की। बाकी चार सांसद अभी सामने नहीं आए हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा- मैं इटानगर में हूं। शाम को दिल्ली लौटकर बात करूंगी। पंजाब में 2027 में विधानसभा चुनाव हैं।



#### राघव बोले- दलबदल कानून नहीं लगेगा

राघव ने बताया कि पार्टी के दो-तिहाई सांसदों ने यह फैसला लिया। इसलिए दलबदल कानून लगने का कोई मतलब नहीं है। राघव चड्ढा ने कहा पिछले कुछ सालों से, मुझे यह महसूस हो रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही आदमी हूं। हमने यह फैसला किया है कि हम संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए खुद को बीजेपी में मिला लेंगे।

#### राघव बागी, भाजपा पर बिफरी आप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये ऑपरेशन लॉट्स के जरिए पंजाब में घटिया खेल कर रही है। पंजाब में आम आदमी की सरकार ने शानदार काम किया है उसके सामने अब भाजपा ने अपना घटिया राजनीति खेल शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि ये जो सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, उनके नाम पंजाब के लोगों को याद रखना चाहिए और इन्हें आने वाले चुनाव में सबक सीखाने का काम करें। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी और सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ धोखा किया।

---

## महाराष्ट्र के भंडारा जिले में एक भीषण सड़क हादसा

# शादी से लौट रही वैन ट्रेलर से टकराने पर 5 की मौके पर मौत, कई गंभीर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में गुरुवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें शादी समारोह से लौट रहे कम से कम पांच बारातियों की मौत हो गई। इस दिल दहला देने वाली घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस के अनुसार, पवनी तालुका के सौंदड के पास तेज रफ्तार वैन का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रेलर ट्रक से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, भंडारा के कोंडा कोसरा इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाराती वैन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक वैन का एक टायर फट गया, जिससे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते तेज रफ्तार वैन सीधे सामने चल रहे ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।



#### 4 महिलाओं समेत 5 की मौके पर मौत

इस हादसे में वैन में सवार चार महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दुर्गा देवराम नांगरे, नैना देवराम नागरे, श्वेता पुरुषोत्तम नागरे, प्रभाकर चाचेरकर और मुन्नी प्रभाकर चाचेरकर के तौर पर हुई है। सभी भंडारा जिले के अलग-अलग गांवों के निवासी थे।

#### घायलों की हालत गंभीर

हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रक्षा खेलकर, स्नेहा गिरीधर और सोहम जागेश्वर गेडेकर को भंडारा जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं उमेश बोडणालाल सोनवणे का वडाला ग्रामीण अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

---

### वेनेजुएला में राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ने वाला सैनिक गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले ऑपरेशन पर सट्टा लगाया और इससे करीब 4.09 लाख डॉलर (करीब 4 करोड़ रुपए) कमा लिए। डाइक अमेरिकी सेना के स्पेशल फोर्स (ग्रीन बैरे) का हिस्सा है। इसी यूनिट ने वेनेजुएला जाकर निकोलस मादुरो को पकड़ा था। ऐसे में डाइक को पहले से वेनेजुएला पर होने वाले सीक्रेट एक्शन की जानकारी थी। इसी जानकारी के आधार पर उसने दांव लगाया। उसके जीतने के बाद मिली रकम, भले ही गुमनाम थी, लेकिन तुरंत ही जांच एजेंसियों के शक में आ गई।

### मुजतबा खामेनेई का चेहरा-होंठ जला, प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत

#### पैर काटने की नौबत, नकली पैर लगेगा

एजेंसी ▸▸ ईरान

28 फरवरी को जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान में मुजतबा खामेनेई के पिता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के ठिकाने पर हमला किया था, तब से वह छिपकर रह रहे हैं। उसी हमले में अयातुल्ला खामेनेई, पत्नी और बेटे की मौत हो गई। मुजतबा खुद भी घायल हो गए और अब डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। उनसे मिलना बहुत मुश्किल है।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान जो पेशे से हार्ट सर्जन हैं और स्वास्थ्य मंत्री भी उनके इलाज में शामिल रहे हैं। मुजबता से मिलने बड़े अधिकारी और सेना के कमांडर नहीं जाते, क्योंकि उन्हें डर है कि इजराइल उनके जरिए ठिकाने का पता लगाकर हमला कर सकता है।



मुजतबा खामेनेई की हालत गंभीर रही है, लेकिन दिमाग से वह पूरी तरह एक्टिव हैं। उनके एक पैर का तीन बार ऑपरेशन हुआ है और अब उन्हें नकली पैर लगाना पड़ेगा। एक हाथ की भी सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उनके चेहरे और होंठ बुरी तरह जल गए हैं, जिससे बोलना मुश्किल है और आगे प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ेगी। यह पूरी जानकारी कई वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व अधिकारियों, सेना के लोगों और जानकारों से बातचीत के आधार पर सामने आई है।

---

### चोरी के शक में दंपती को अर्धनग्न कर गांव में घुमाया

एजेंसी ▸▸ अंबिकापुर

अंबिकापुर संभाग के सूरजपुर जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। रामानुजनगर थाना क्षेत्र के पस्ता गांव में चोरी के संदेह में एक युवक और उसकी पत्नी के साथ बेहद अमानवीय व्यवहार किया गया। ग्रामीणों ने युवक को अर्धनग्न कर, सिर के बाल आंशिक रूप से मुंडवाकर उसके गले में जूते-चप्पलों की माला पहनाई और दोनों को पूरे गांव में घुमाया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम कल्याणपुर निवासी 32 वर्षीय मोहम्मद रहमान ताज पर सोलर पैनल सिस्टम के तार चोरी करने का शक जताया गया था। इसी के चलते गांव के कुछ लोगों ने उसे पंचायत में बुलाया। जब वह अपनी पत्नी के साथ पस्ता गांव पहुंचा, तो वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और कथित तौर पर सजा देने लगे। पीड़ित की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद युवक के पिता शमसुद्दीन ने रामानुजनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### गोरखपुर क्लब के संचालक के बेटे ने मुंह में गोली मारी

एजेंसी ▸▸ गोरखपुर

गोरखपुर में अरबपति कारोबारी और हाईप्रोफाइल गोरखपुर क्लब के संचालक अतुल श्रीवास्तव के बेटे अम्बरीश (40) ने सुसाइड कर लिया। अम्बरीश ने शुक्रवार को लाइसेंसी पिस्टल से अपने मुंह में गोली मार ली। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

अम्बरीश अपनी फॉर्च्यूनर से शुक्रवार सुबह 8 बजे अकेले फार्महाउस पहुंचे। वहां मोबाइल पर किसी से बात करते हुए ऊपरी मंजिल पर गए। साढ़े 8 से 9 बजे के बीच में उन्होंने खुद को गोली मार ली।

### बुलंदशहर में पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

#### उसके पास से फर्जी आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद हुआ

एजेंसी ▸▸ बुलंदशहर

पुलिस ने नुमाइश पुल के नीचे से एक पाकिस्तानी नागरिक बासिद इरशाद को गिरफ्तार किया। वह फर्जी भारतीय दस्तावेजों के सहारे रह रहा था। उसके पास से फर्जी आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद हुआ।

बुलंदशहर में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने नुमाइश पुल के नीचे से एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी नाम-पते पर तैयार किए गए भारतीय दस्तावेजों के सहारे यहां रह रहा था। आरोपी के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद किया गया है।



#### नुमाइश पुल के पास से हुई गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन और एसपी सिटी अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर बासिद इरशाद को दबोच लिया। आरोपी मूल रूप से न्यू कराची, पाकिस्तान का निवासी है।

### कांग्रेस समेत विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विपक्ष की तरफ से एक बार फिर सीईसी ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने के लिए नया प्रस्ताव दिया है। जानकारी के मुताबिक, 73 विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में महाभियोग चलाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए राष्ट्रपति को एक नोटिस सौंपा है। इससे पहले भी विपक्ष की तरफ से सीईसी के खिलाफ प्रस्ताव दिया गया था, जो पास नहीं हो सका था।



---

## पीएम मोदी ने हुगली नदी में नाव की सवारी की

# नाव चलाने वाले को गले लगाकर 1 हजार रु. दिए

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हुगली नदी में नाव की सवारी की है। इस दौरान पीएम ने खुद से फोटोग्राफी भी की। तस्वीरों में वे हाथ में कैमरा लिए नजर आ रहे हैं। उन्होंने नाविकों से बातचीत भी की। हुगली में नाव की सवारी कराने वाले नाविक को एक हजार रुपए भी दिए।

पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नाव की सवारी वाली तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा, हर बंगाली के लिए गंगा का एक बहुत ही खास स्थान है। यह कहना गलत नहीं होगा कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। इससे पहले पीएम 19 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में रास्ते में वह एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई।

पीएम मोदी ने कोलकाता के हुगली घाट पर नाव की सवारी के बाद नाविक गौरांगो बिस्वास को गले लगाया और 1000 रुपए दिए। पीएम ने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर लिखा- कल शाम हावड़ा से कोलकाता तक लंबे रोड शो के दौरान हावड़ा ब्रिज पर था। आज सुबह उसे हुगली नदी से देखा।

पीएम मोदी रविवार 19 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने झाड़ग्राम में एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई। झालमुड़ी बनाते हुए दुकानदार ने पूछा, आप प्याज खाते हैं। पीएम ने जवाब दिया- हां प्याज खाता हूं बस दिमाग नहीं। यह सुनकर दुकानदार हंसने लगा।




#### ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा हमला

#### 'वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, मैं भेलपुरी खिलाऊंगी'



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बौबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको भेलपुरी खिलाऊंगी।' उन्होंने आरोप लगाया कि झारग्राम में प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खाने का कार्यक्रम पहले से तैयार किया गया था। ममता बनर्जी ने दावा किया कि दुकान पर पहले से सीसीटीवी और टीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'सुरक्षा के नाम पर झालमुड़ी घर से बनाकर लाई गई थी और दुकानदार को सिर्फ 10 रुपये दिए गए।' भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, 'वे कहते हैं कि जीतने पर झालमुड़ी खाएंगे, लेकिन मैं कहती हूं कि दिल्ली से आपको भेलपुरी खिलाऊंगी। चुनाव जीतने के लिए झालमुड़ी दिखा रहे हैं।'मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'हम तीखी झालमुड़ी के आदी हैं, लेकिन क्या आपने कभी मछली और चिकन करी खाई है? मैं आपका ढोकला खाती हूं, डोसा खाती हूं, लिट्टी, ठेकुआ और सत्तू भी खाती हूं। ईद पर सेवइयां और हलवा भी खाती हूं, मुझे धर्म मत सिखाइए।'

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## आयोजन से पहले ही शहर की कमाई शुरू

महाआयोजन को लेकर अभी तैयारी का दौर चल रहा है। इसमें तेजी बनी हुई है। यह तो समय ही बताएगा की तय समय के अनुसार ही तैयारी हुई या कुछ पिछड़े। वैसे महाआयोजन से पूर्व ही शहर में राजस्व के आने की शुरूआत और श्रद्धालुओं के भाव और शहर वासियों के सेवा की स्थिति अब बनने लगी है। सेवा के तहत लोगों ने अपने आशियानों को दिल पर पत्थर रखकर दिया है। इस महाआयोजन में शहर वासियों का त्याग और समर्पण अविस्मरणीय रहने वाला है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के भाव से अब शहर में जमावड़े की शुरूआत हो चुकी है। वर्दी ने अपने प्रशिक्षण की शुरूआत की है। ये बात अलग है कि इस बार कम संख्या में अन्य जिलों से वर्दी के सामान्य एवं स्टारधारी अधिकारी आएंगे लेकिन यह भी तय है कि बाबा की नगरी में आने वाले यहां आकर श्रद्धालु बन जाएंगे। यहां से वे प्रशिक्षण लेकर जाएंगे और अपने जिलों में अन्य को प्रशिक्षण देंगे। करीब 21 दिन तक एक बैच प्रशिक्षण लेगी। इस दौरान वे खाली समय में शहर में घुमेंगे और श्रद्धा के तहत इसे धरातल तौर पर जानेंगे। खर्च भी करेंगे। इससे शहर में आय की स्थिति बढ़ेगी। ये संख्या चाहे कम हो लेकिन शहर के छोटे मोटे से लेकर बड़े व्यवसाय को भी कुछ न कुछ हासिल होगा ही। वर्तमान में गर्मी के कारण श्रद्धालुओं की संख्या प्रभावित देखी जा रही है। खुसूर-फुसूर है कि अब शहर में महाआयोजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ छोटे व्यापारी,लोक परिवहन सेवक के साथ तमाम श्रद्धालुओं से जुड़े शहरी लोगों को सेवा के जज्बे को बल प्रदान करना चाहिए। आने वाले श्रद्धालुओं को धर्म नगरी से ऐसा व्यवहार मिलना चाहिए की वह लौटने पर वहां से 4 श्रद्धालुओं को यहां का जिक्र करने से न चुके। शहर में, मंदिर में, पार्किंग में, सभी स्थानों पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ बाबा की नगरी की तरह का व्यवहार होना चाहिए। हर जगह पर उनकी पूछ परख होना चाहिए। उनकी समस्याओं के निदान के लिए शहर वासियों को सेवा के तमाम प्रयास शुरू करना चाहिए।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### श्रीरामलला मंदिर शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित



**उज्जैन।** वैशाख मास अष्टमी महापर्व में रामघाट स्थित श्रीरामलला मंदिर के शिखर पर हर्षोल्लास से कलश स्थापना की गई मंदिर के पुजारी पं नारायण त्रिवेदी ने बताया कि श्री वाल्मीकिधाम के पीठाधीश्वर बालयोगी उमेशनाथजी महाराज (राज्यसभा सांसद) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ इस दौरान रामघाट पर निरंतर सेवा देने वाले सफाई मित्रो का सम्मान राज्य सभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज द्वारा किया गया एवं भोजन का वितरण किया गया इस अवसर पर पूजा अमृतेश त्रिवेदी, अर्पित जी शुक्ल, रितेश त्रिवेदी, अम्रतेष त्रिवेदी, मोहन त्रिवेदी, मनीष डब्बावाला, राकेश जोशी, ऋषभ त्रिवेदी, शुभम डब्बावाला अनमोल गुप्ता अर्जुन कहार आदि मौजूद रहे।

### नागर ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह 26 को, परिणय सूत्र में बंधेंगे 9 जोड़े

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद शाखा उज्जैन के तत्वावधान में रविवार 26 अप्रैल को नागर ब्राह्मण समाज का भव्य सामूहिक परिणयोत्सव आयोजित किया जाएगा। खाक चौक स्थित मंगल कलश गार्डन में होने वाले इस समारोह में समाज के 9 जोड़े वैदिक विधि-विधान से परिणय सूत्र में बंधेंगे। परिषद के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं महासचिव संजय जोशी ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे गणपति पूजन, मंडप स्थापना एवं गृह शांति के साथ प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे चल समारोह निकाला जाएगा। गोधूलि बेला में मुख्य आचार्य पं. कैलाशचंद्र शुक्ल के सानिध्य में विवाह संस्कार संपन्न होंगे। शाम 7:30 बजे से स्नेहभोज रखा गया है, जिसके बाद रात 10 बजे विदाई के साथ आयोजन का समापन होगा। नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की सुखद शुरूआत के लिए आवश्यक सामग्री और उपहार भी प्रदान किए जाएंगे। समारोह में शुभम नागर-पूर्णिमा नागर, अतुल नागर-तनिषा नागर, हर्ष नागर-श्वेता नागर, ऋषि नागर-बुलबुल नागर, मयंक शर्मा-सोना नागर, गौतम नागर-मोना नागर, श्याम सुंदर नागर-आहुति नागर, अपूर्व शर्मा-मेघा मेहता एवं कृष्णकांत शर्मा-आशी व्यास विवाह बंधन में बंधेंगे। यह आयोजन पं. कमल किशोर नागर एवं पं. विजय शंकर मेहता के आशीर्वाद तथा श्री हाटकेश्वर धाम न्यास के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें नागर ब्राह्मण महिला परिषद, नागर ब्राह्मण युवक परिषद, हाटकेश्वर देवालय न्यास उदूर्पुरा, श्री नागर ब्राह्मण हाटकेश्वर मंदिर न्यास हरसिद्धि पाल एवं हाटकेश्वर धाम मित्र मंडल की सक्रिय भागीदारी रहेगी। पदाधिकारियों ने समाजजनों से समारोह में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है।

---

### मुख्य सड़कों पर ही हॉकर्स जोन के हालात बने हुए, सुचारू आवागमन कैसे हो

# फुटपाथ गायब, हॉकर्स जोन बने, कैसे हो यातायात व्यवस्थित


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में यातायात की बदहाल स्थिति के कारण सूचारू आवागमन की समस्या बढ़ती जा रही है। फुटपाथ गायब हो चुके हैं और हाकर्स जोन बने हुए हैं। ऐसी हालत में व्यवस्थित यातायात आखिर कैसे हो। नगर निगम प्रशासन प्रमुख बाजारों में हाकर्स जोन बनाने को लेकर गंभीर नहीं है। इसके चलते समस्या से जद्दोजहद के साथ ही वाहन चालक आवागमन कर रहे हैं।

यातायात की व्यवस्था पुलिस ही नहीं स्थानीय शासन की अहम जिम्मेदारी है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुंह बाए खड़ा है। शहर में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ गायब है। हाकर्स जोन बने हुए हैं। सवाल यह है कि यातायात सुव्यवस्थित हो तो कैसे?

शहर में यातायात की बदहाली अब ऐसी बीमारी के रूप में सामने आती जा रही है जो लाईलाज के स्तर पर जा पहुंची है। पुलिस जैसे ही एक्शन मोड पर आती है तो हस्तक्षेप शुरू हो जाता है। सड़कों तक अतिक्रमण पसरा पड़ा रहता है। उसे हटाने की जिम्मेदारी नेतृत्वकर्ता निभाने की बजाय हितबद्ध पक्ष को अपनाए हुए हैं। पैदल आवागमनकर्ताओं के लिए सड़कों से फुटपाथ पूरी तरह से गायब हो चुका है जिसे लेकर कोई भी पहल करने को तैयार नहीं है। सुव्यवस्थित यातायात के लिए पुलिस समय-समय पर अपनी चिंता को सड़क पर उतर कर अंजाम देती है।

**नगर निगम प्रशासन प्रमुख बाजारों में हाकर्स जोन बनाने को लेकर गंभीर नहीं**





### उपेक्षा के बीच अपेक्षा अधिक

यातायात में नियमों को तोड़ने वाले वाहनों एवं चालकों पर पुलिस नजर रखती है। इसके लिए स्मार्ट सिटी के तहत सभी स्थानों पर कैमरा भी लगे हैं जिनके कैप्चर के आधार पर नियमों का उल्लंघन करने वालों को ई-चालान भेजे जाते हैं। मोटर व्हीकल एक्ट का पालन करवाना शहर के अंदर यातायात पुलिस एवं शहरी सीमा के बाहर परिवहन विभाग का काम है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर बनाए गए नियमों के तहत वाहनों का व्यवस्थित पार्किंग एवं वाहनों के स्टैंड के संचालन नियम का पालन करवाना पुलिस के कार्यों में शामिल है। इससे भी अधिक पुलिस से कई ऐसे कार्यों की अपेक्षा यातायात में की जाती है जो उसके हैं ही नहीं। खास तो यह है कि उज्जैन जैसे धार्मिक शहर में आए दिन होने वाले आयोजनों के बाद भी यातायात पुलिस के पास एक तिहाई अमला ही है। उसमें से भी अमले का उपयोग व्यवस्था के लिए अन्यत्र भी किया जाता है। ऐसी ही अन्यानेक उपेक्षाओं के बीच यातायात में पूरी व्यवस्था की अपेक्षा पुलिस से अधिक से अधिक की बनी हुई है। हाल यह हैं कि पुलिस से ठेले एवं हाकर्स जोन की व्यवस्था की उम्मीद के साथ ही सड़कों तक पसरा दुकानदारों का सामान हटवाने की अपेक्षा भी रखी जाती है। इस दौरान व्यवसायिक वाहन चालकों की उद्दंडता भी सामने आती है। उसमें यातायात पुलिस को कटघरे में लेकर उसकी उपेक्षा की जाती है।

**10 फीसदी पुलिस का काम 90 फीसदी स्थानीय शासन का**

अपेक्षाओं के बीच उज्जैन की यातायात पुलिस के साथ उपेक्षा का खेल जारी है। शहर की आंतरिक यातायात व्यवस्था में यातायात पुलिस का 10 फीसदी ही काम होता है।

इसका दूसरा पक्ष यह है कि 90 फीसदी काम स्थानीय प्रशासन एवं शासन का है कि वह उस व्यवस्था को बना कर दे जिस पर यातायात पुलिस पालन करवा सके।

### जिसकी जहां इच्छा वैसे व्यवसाय

शहर की यातायात व्यवस्था के वर्तमान हाल यह हैं कि जिसकी जहां जिस हद तक व्यवसाय की इच्छा होती है वह अपने व्यवसाय को उस हद तक अंजाम दे रहा है। प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों की दुकान से ज्यादा उनका अस्थाई अतिक्रमण सामने आ जाता है। ठेलों के लिए हाकर्स जोन की स्थिति अस्पष्ट है। फ्रीगंज के मुख्य मार्ग घंटा घर से शहीद पार्क तक के क्षेत्र में दोनों और ठेले वालों का अतिक्रमण हो जाता है। दुकानदारों की दुकानें बाहर सड़क तक लग जाती है। पैदल चलने वालों को सड़क के बीच तक चलकर आवागमन करना पड़ता है। यही हाल देवासगेट से महाकाल तक पूरे दो किलोमीटर मार्ग पर देखे जा सकते हैं।

### ये भी व्यवस्थित नहीं

शहर के बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था कहीं भी व्यवस्थित नहीं देखी जाती है। हाल यह हैं कि पार्किंग व्यवस्थित न होने से यहां वहां चाहे जहां वाहन पार्क होते हैं पुलिस कार्रवाई करती है तो उस पर प्रश्न चिन्ह लगता है। शहरी लोक परिवहन के वाहनों के लिए स्टेंड का निर्माण नगर निगम के तहत आता है। यहां तक की स्टैंड पर खड़े रहने वालों की संख्या निर्धारित की जाती है। निर्धारित संख्या से अधिक वाहनों के आने पर उनके चालान बनाने का काम यातायात पुलिस का होता है। हाल यह हैं कि यातायात व्यवस्था सूचारू होने के लिए नगर निगम की और से जो प्राथमिक आधारभूत कार्य होने चाहिए वो ही देखने को नहीं मिल रहे हैं।

---

### पीएनजी कनेक्शन नहीं लेने पर उपभोक्तओं को

# जून माह के बाद गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सरकार ने एलपीजी संकट से निपटने और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। जिन इलाकों में पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है, वहां पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने तय किया है कि कंपनियों को निश्चित अवधि में कनेक्शन उपलब्ध कराना होगा।

जो जानबूझ कर पीएनजी कनेक्शन नहीं लेंगे, उनकी एलपीजी सप्लाई बाधित हो सकती है। सरकार ने साफ किया है कि जो उपभोक्ता कनेक्शन नहीं लेते उन्हें जून माह के बाद गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उपभोक्ताओं से कहा है कि जिनके घर के आसपास से पीएनजी पाइप लाइन जा रही है वे पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। यह सस्ती और ज्यादा सुरक्षित है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि वर्तमान मिडिल ईस्ट संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर, ऐसे स्थानों पर जहां पर सीजीडी संस्था की पाइप लाइन मौजूद है, घरेलू, व्यावयिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।



### पीएनजी सबसे स्वच्छ और सुरक्षित ईंधन

पीएनजी का मतलब पाइप्ड नेचुरल गैस है। यह मुख्य रूप से मीथेन से बनी एक प्राकृतिक गैस है, जो पाइपलाइन के माध्यम से सीधे घरों और उद्योगों तक पहुंचाई जाती है। यह सिलेंडर (एलपीजी) का एक सुरक्षित, सुविधाजनक और स्वच्छ विकल्प है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से कुकिंग के लिए किया जाता है। मीथेन में कार्बन और हाइड्रोजन का अनुपात सबसे कम है, जो पीएनजी को सबसे स्वच्छ ईंधनों में से एक बनाता है। भारत में पीएनजी के घरेलू भंडार बहुत अधिक हैं, इसलिए एलपीजी की तुलना में पीएनजी का उत्पादन और आपूर्ति भू-राजनीतिक उथल-पुथल से कम प्रभावित होती है।

---

# इंटर्नशिप ड्राइव 2.0 में 55 छात्रों का चयन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रधानमंत्री के 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन और मुख्यमंत्री के स्थानीय रोजगार सृजन के विजन को गति देते हुए सिंहस्थ मेला कार्यालय स्थित उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर में इंटर्नशिप ड्राइव 2.0 का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर की युवा प्रतिभाओं को स्वावलंबी बनाना और उज्जैन को नवाचार के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

इस ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उज्जैन के 15 से अधिक उभरते हुए स्टार्टअप्स ने योग्य उम्मीदवारों की खोज की। इंटर्नशिप ड्राइव में 150 से अधिक छात्रों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 55 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया गया। वहीं कुछ प्रतिभावान छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पूर्णकालिक अवसरों के लिए भी विचार किया गया है। आयोजन के दौरान छात्रों ने तकनीकी, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, डिजाइन, बिजनेस डेवलपमेंट और ऑपरेशंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में गहरी रुचि दिखाई। कई स्टार्टअप्स ने उम्मीदवारों के कौशल को देखते हुए मौके पर ही उनके इंटरव्यू लिए। चयन प्रक्रिया में शॉनटन वेंचर, युओम.इन, एसआरजेएस हेल्थकेयर, सेवा सत्कार और पिनाका टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख स्टार्टअप्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।

---

### चौबीस खंभा मार्ग से छोटा रुद्रसागर तक

# चौड़ीकरण में संशोधन हेतु व्यापारियों रहवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आगामी सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों के बीच चौबीस खंभा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर तक मार्ग चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने चिंता जताई है। क्षेत्र के व्यापारियों और भवन स्वामियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित 60 फीट चौड़ीकरण में संशोधन की मांग की है। उन्होंने इस चौड़ाई को घटाकर 45 फीट करने की अपील की है, ताकि शहर के विकास के साथ-साथ उनका रोजगार और अस्तित्व भी बचा रहे।

फूलचंद जड़िया ने बताया कि यह मार्ग उज्जैन की अति प्राचीन धरोहर है, जहां अद्भुत वास्तुकला वाले कई प्राचीन भवन और मंदिर स्थित हैं। प्रस्तावित मार्ग पर लगभग 30 प्रतिशत आवासीय और 70 प्रतिशत व्यावसायिक भवन हैं। 60 फीट चौड़ीकरण होने से 350 से अधिक भवन पूरी तरह टूट जाएंगे। इनमें संचालित रेस्टोरेंट, भोजनालय और आवास गृह नष्ट होने से सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर और बेरोजगार होने का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा।

रहवासियों ने प्रशासन को दिए मांग पत्र में तर्क दिया कि इस मार्ग से न तो सिंहस्थ की पेशवाई निकलती है और न ही भगवान महाकालेश्वर की सवारी निकाली जाती है। प्रशासन द्वारा यहां पहले से ही 'वन-वे' व्यवस्था लागू की गई है। इसके अलावा आगे जाकर यह मार्ग हरसिद्धि माता मंदिर क्षेत्र में 'नो व्हीकल जोन' में तब्दील हो जाता है। इन सभी कारणों के आधार पर प्रस्तावित मार्ग को 60 की जगह 45 फीट चौड़ा किया जाना पूरी तरह संभव और अनुकूल है। रहवासियों ने स्पष्ट किया कि वे शासन-प्रशासन के विकास कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर हैं। यदि चौड़ाई 45 फीट रखी जाती है, तो नगर का विकास भी जारी रहेगा और वे आगामी सिंहस्थ की सफलता में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर सकेंगे।

---

### प्रीपेड बूथ बंद, ऑटो-ई रिक्शा चालकों की मनमानी फिर बढ़ी

# बाहर के श्रद्धालुओं से वसूला जा रहा मनमाना किराया

## कई प्रीपेड बूथों पर ताले लगे हुए, बाहर लगाई किराया सूची को भी मिटा दिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी रोकने के लिए प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन मालगोदाम क्षेत्र और महाकालेश्वर मंदिर के पास प्रीपेड बूथ स्थापित किए गए थे। इन बूथों के माध्यम से यात्रियों को निर्धारित किराए पर रसीद के साथ सुरक्षित यात्रा की सुविधा दी जाती थी, जहां ट्रैफिक पुलिस भी तैनात रहती थी।

लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था कमजोर पड़ती नजर आ रही है। कई प्रीपेड बूथों पर ताले लगे हुए हैं, वहीं बाहर लगाई गई किराया सूची (रेट लिस्ट) को भी मिटा दिया गया है। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को निर्धारित किराए की जानकारी नहीं मिल पा रही है।




### सिर्फ महाकाल के लिए ही सवारी

शहर में ऑटो और ई-रिक्शा की संख्या अधिक होने के बावजूद कई चालक केवल महाकाल मंदिर जाने वाली सवारियां ही ले रहे हैं। अन्य स्थानों के लिए जाने वाले यात्रियों को अक्सर मना कर दिया जाता है। यदि कोई अन्य गंतव्य के लिए जाना चाहता है तो उसे वाहन मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में कई लोगों ने शिकायत भी की है।

महाकाल लोक बनने के बाद शहर में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। प्रतिदिन हजारों लोग उज्जैन पहुंचते हैं और रेलवे स्टेशन से ऑटो व ई-रिक्शा के माध्यम से मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों तक जाते हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर चालक मनमाना किराया वसूल रहे थे।

प्रशासन ने इस समस्या को देखते हुए पहले प्रीपेड बूथ और रेट लिस्ट की व्यवस्था लागू की थी, इस कारण लोगों को राहत मिली थी और रिक्शा चालकों की मनमानी भी बंद हो गई थी। लेकिन वर्तमान में कई जगह के बूथों के बंद रहने और रेट लिस्ट हटाए जाने से व्यवस्था लगभग निष्प्रभावी हो गई है। इस व्यवस्था के बिगड़ने के कारण फिर से ऑटो व ई रिक्शा चालकों की मनमानी शुरू हो गई है और वह बेखौफ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

---

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की डॉ. आम्बेडकर पीठ व कृपा सोशल वेलफेयर के संयुक्त तत्वावधान में

# नारी शक्ति वंदन महोत्सव में महिलाओं के कानूनी अधिकार की जानकारी दी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की डॉ. आम्बेडकर पीठ व कृपा सोशल वेलफेयर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नारी शक्ति वंदन महोत्सव आयोजित किया गया।

हरसोदन के ग्राम जम्बूरा में नौ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी रही। जन अभियान परिषद घट्टिया विकासखंड की की मेंटोर सुश्री रचना शर्मा ने महिलाओं के कानूनी अधिकार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून हमारी ढाल है। जो हमें घर के अंदर-बाहर दोनों ओर से मजबूत बनाते हैं। आवश्यकता है तो बस उन्हें जानने की, समझने की और अमल में लाने की। कानून डर नहीं ताकत है। घरेलू हिंसा अधिनियम, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, दहेज निषेध अधिनियम की जानकारी दी। साथ ही सभी हेल्प लाइन नम्बर की भी जानकारी दी। घरेलू हिंसा अधिनियम छेड़छाड़, दहेज, पुलिस सहायता, कानूनी सलाह, बाल विवाह रोकना, वकील मुफ्त कानूनी सलाह की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं ने संकल्प लिया- हम जुल्म नहीं सहेंगे पर कॉल करेंगे, हम समस्त बहनें कानूनी अधिकार, कर्त्तव्य साझा करेंगे और सशक्त बनेंगे।

ग्राम उमरिया की ग्राम संगठन अध्यक्ष निर्मला राजाराम परमार व ग्राम संगठन सचिव ललिता राजप्रिया को उनके 10 वर्षीय उपलब्धि के लिए नारी शक्ति वंदन सम्मान से सम्मानित किया गया।






### सभी सम्मानित महिलाओं को शॉल, श्रीफल व मौक्तिक माला से सम्मानित किया

ब्लॉक सी.एल.एफ. व ग्राम संगठन की अध्यक्ष माया चौधरी व ग्राम संगठन सचिव ममता पांचाल के अमूल्य योगदान के लिए उन्हें नारी शक्ति वंदन अभिनंदन से सम्मानित किया है। सभी सम्मानित महिलाओं को शॉल, श्रीफल व मौक्तिक माला से सम्मानित किया गया। कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी के कार्यक्रम समन्वयक रेखा वासनिक, प्रभा चौधरी, सामुदायिक शिक्षक ने ग्राम जम्बूरा व उमरिया में विशेष सहयोग दिया। कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी के महिदपुर तहसील के बारह पत्थर बस्ती में कार्यक्रम समन्वयक संतोष ललावत व सामुदायिक शिक्षक तेजूसिंह बाघेला का विशेष सहयोग रहा। नारी शक्ति वंदन महोत्सव का सम्पूर्ण संयोजन, संचालन डॉ. आम्बेडकर पीठ की सहायक प्राध्यापक डॉ. निवेदिता वर्मा द्वारा किया गया।

महिदपुर के बारह पत्थर बस्ती में नारी शक्ति वंदन महोत्सव आयोजित किया। सायबर सुरक्षा विषय पर रचना शर्मा और डॉ. निवेदिता वर्मा ने बताया कि सायबर फ्रॉड कैसे किए जाते हैं और हमें इससे कैसे सुरक्षित रहना है। महिलाओं को बताया गया कि ओटीपी किसी को नहीं बताना चाहे बैंक, पुलिस, कस्टमर केयर कोई भी हो। क्यू.आर. स्केन नहीं करना, एटीएम पिन, यूपीआई पिन कभी अपने जन्म दिनांक की ना डालें, किसी भी लिंक को ना खोलें, अनजान वीडियो कॉल न उठाएं। अपने बैलेंस को दिन में एक बार जरूर चेक करो, पैसे भेजने से पहले नाम, मोबाइल नं. दो बार मिलाओ, फिर ही पेमेंट करो। स्क्रीन शेयर से बचो। इससे बचने के उपाय बताए गए। अगर आप किसी धोखे का शिकार हो गई हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करो। बैंक को फोन करो, सायबर क्राइम में शिकायत करो। यही नहीं फोटो बहुत सोच समझकर पोस्ट करो, लोकेशन बंद रखो। जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार



## न्यूज ब्रीफ

### बांध निर्माण एवं विकास कार्यों में होगा दोहरा लाभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में संपन्न हुई मंत्री-परिषद की बैठक में किसान कल्याण वर्ष 2026 पर किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कृषि भूमि के भूअर्जन पर भूमि का मुआवजा दो गुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना करने पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उन्होंने निज निवास पर सैकडों किसानों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मध्यप्रदेश भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को उनकी कृषि भूमि का बाजार दर से 4 गुना मुआवजा मिलने का मार्ग प्रशस्त किया।

### मप्र डोमेस्टिक एंड इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर का लोकार्पण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश डोमेस्टिक एंड इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर का लोकार्पण उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर परिसर में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विवेक रुसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला प्रशासनिक न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा कि आर्बिट्रेशन उनका पसंदीदा विषय है तथा यह घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मामलों के निराकरण का एक प्रभावी एवं आधुनिक माध्यम है।

### संस्थाओं की दक्षता में वृद्धि के लिए दी जाएगी मदद

**इंदौर।** हाथकरघा विभाग द्वारा हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्यरत कारीगरों और संस्थाओं की दक्षता में वृद्धि के लिए अनेक तरह की मदद दी जाएगी। यह मदद हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजनान्तर्गत दी जाएगी। इसके लिए हाथकरघा विभाग द्वारा आवेदन मंगाए गए हैं। जिले में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में कार्यरत ऐसे बुनकर, शिल्पी, औद्योगिक समितियां, स्वसहायता समूह, शासकीय संस्थाएं एवं अशासकीय संस्थाएं जो विगत 03 वर्षों से उत्पादन एवं विपणन कर रहे है, को बुनियादी प्रशिक्षण, कौशल प्रशिक्षण एवं औजार/उपकरण हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### किसानों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश के लिए विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीदी के लक्ष्य में 22 लाख मीट्रिक टन की महत्वपूर्ण वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस वृद्धि के साथ अब मध्यप्रदेश का कुल गेहूं खरीदी लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। यह निर्णय राज्य में किसानों से अधिक मात्रा में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूँ खरीदी के लक्ष्य में वृद्धि के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में एक बड़ा कदम है, जिससे उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ही राज्य में खाद्यान्न प्रबंधन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। यह निर्णय किसानों के परिश्रम का सम्मान है और उन्हें उचित मूल्य दिलाने की दिशा में सशक्त कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हमारी सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है।

### बाल श्रम उन्मूलन व बंधक श्रम रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

**इंदौर।** बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 तथा बंधक श्रम पद्धति (उन्मूलन) अधिनियम 1976 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागृह, इंदौर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा की गई। बैठक में सहायक श्रमायुक्त श्रीमती राखी जोशी ने वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में बाल श्रम एवं बंधक श्रम से संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चाइल्ड लाइन के सदस्य उपस्थित रहे। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बाल श्रम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के अंतर्गत सभी ठेकेदारों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए।

### गैस टंकी मिलना मुश्किल हुआ, बिजली कटौती से खाना पकाना हराम हुआ

# घरों में गृहणियों पर दोहरी मार,विवाद का कारण भी बन रहा

### बार- बार कटौती से गर्मी में बुरे हाल, घरेलू उपकरण भी प्रभावित हो रहे



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गैस एवं बिजली ने आम आदमी के घर की रसोई को प्रभावित कर दिया है। घरों में गृहणियों के लिए बराबर तनाव की स्थिति बढती जा रही है। ऐसे में घर की रसोई से समय पर भोजन नहीं पकने और मिलने पर दंपत्तियों के पारिवारिक कलह का आधार भी ये कारण बन रहे हैं। हालांकि अब तक ऐसा मामला कहीं पंजीबद्ध रूप से सामने नहीं आया है लेकिन गैस टंकी न मिलने और बिजली की कटौती से महिलाओं को प्रताडित होना पड रहा है। इसके साथ ही घरेलू उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं। गैस टंकी के लिए शहर भर की एजेंसियों पर मारा-मारी के हाल चल रहे हैं। तीनों कंपनियों की एजेंसियों में कतार देखी जा सकती है और उनकी एजेंसी से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन पाइंट तक यही स्थिति बनी हुई है।

#### हर एक-दो घंटे में कटौती

भीषण गर्मी के दौरान हर 1-2 घंटे में 5-10 मिनट से लेकर 25-30 मिनट तक शहर के सभी झोनों में बिजली कटौती की जा रही है। जानकारी लेने पर लाईन ट्रीप एवं अन्यानेक कारण बताए जा रहे हैं। ऐसे में घरेलू स्थिति में महिलाओं को अपने कार्यों को करने में काफी समस्या आ रही है। कई घरों में बिजली से चलने वाले इंडक्शन पर खाना बनाने में इस कटौती से परेशानी की स्थिति बन रही है। महिलाओं को इस परेशानी से निपटना पड रहा है। बार झबार की कटौती से बिजली उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं और महिलाओं को ही ऐसे में मशक्कत करना पड रही है।

मुश्किलों से मिल रही गैस टंकी के लिए आम उपभोक्ता को अतिरिक्त परिवहन शुल्क जेब से भूगतना पड रहा है। ऐसे में उपभोक्ता बिजली से चलने वाले उपकरणों का सहारा लेने लगा था लेकिन वहां भी परेशानियों ने आम उपभोक्ता की रसोई को ही प्रभावित कर दिया है। गैस टंकी के लिए भी महिलाओं को मशक्कत करते देखा जा सकता है।

**कभी दाल अधकच्ची तो कभी रोटी-** बिजली की बार-बार कटौती से घरों में भोजन बनाने में महिलाओं को परेशानी का आलम यह है कि कभी दाल अधकच्ची बन रही तो कभी रोटी इससे प्रभावित हो रही है। नीलगंगा क्षेत्र की रहने वाली नीलम सिसौदिया बताती हैं कि टंकी की समस्या के निदान के लिए उन्होंने डेढ हजार रूपए खर्चकर इलेक्ट्रिक इंडक्शन चुल्हा खरीदा। टंकी न मिलने की स्थिति में रसोई बंद तो नहीं की जा सकती है। ऐसे में इंडक्शन पर दाल चढाई और कुछ देर में ही बिजली चली गई। जो करीब 20 मिनट बाद आई लेकिन इस दौरान दाल बोथरा गई और उसके बाद अधकच्ची दाल ही रही। इसी तरह से रोटी बनाने के दौरान भी लाईट जाने पर परेशानी का सामना करना पड रहा है।

**घरेलू उपकरण भी प्रभावित-**संजय नगर निवासी संजू मेहरा बताती हैं कि दिन में 1-2 घंटों में बार-बार कटौती से घरेलू उपकरण प्रभावित हो रहे हैं। पिछले दो माह में उनके घर में बिजली उपकरणों के मेंटेनेंस पर ही करीब 5 हजार रूपए का व्यय करना पडा है। इस दौरान घर की एलईडी,टयूब लाईट,कंम्प्यूटर ,पंखे खराब हुए।

### ग्राहक बुलाने पर हुआ था विवाद

# लात-घूंसों से पीटकर अनाज व्यापारी की हत्या

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ग्राहक बुलाने की बात पर शुक्रवार सुबह दो अनाज व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। एक व्यापारी ने अपने पुत्र के साथ मिलकर दूसरे व्यापारी को लात-घूंसों से इतना पीटा कि व्यापारी की मौत हो गई। पुलिस में हत्या का मामला दर्ज कर पिता पुत्र की तलाश शुरू की है।



मामला बड़नगर थाना क्षेत्र के तुलसी वेयरहाउस के पास का है। जहां व्यास कॉलोनी में रहने वाले राजेंद्र कुमार उर्फ सौभागमाल जैन 65 साल अनाज की दुकान संचालित करते थे। उनकी दुकान के पास ही ग्राम पलदूना के रहने वाले निलेश शाह और उनका पुत्र आदर्श शाह भी अनाज दुकान है। दोनों ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले कृषको से अनाज खरीद कर व्यापार करते हैं। सुबह राजेंद्र कुमार देरी से पहुंचे थे इसी बीच उनका हमेशा आने वाला ग्राहक आया। दुकान बंद होने पर वह लौट रहा था लेकिन पड़ोसी दुकानदार निलेश शाह ने उसे रोक लिया और राजेंद्र कुमार की दुकान बंद रहने की बात कही। तभी राजेंद्र कुमार दुकान पर पहुंच गए उन्होंने अपने ग्राहक को देखा तो बुला लिया। यह देख आदर्श शाह और उनका पुत्र निलेश ग्राहक बुलाने की बात पर विवाद करने लगे। दोनों व्यापारियों के बीच कहासुनी बढ़ने पर पिता पुत्र ने राजेंद्र कुमार जैन के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। दोनों ने बुजुर्ग राजेंद्र कुमार को इतना पिता की वह बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़े। दोनों पिता पुत्र मौके से भाग निकले।

#### छाती में अंदरूनी चोट लगी थी

राजेंद्र कुमार जैन को छाती में अंदरूनी चोट लगी थी उन्हें विनोद भाटी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। विवाद में हुई व्यापारी की मौत का पता पुलिस को चल तो थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। मामले में मर्ग कायम करने के साथ मृतक व्यापारी का डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम कराकर दोनों पिता पुत्र के खिलाफ हत्या की धारा 103(1), 351(3), 296 (बी), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों पिता पुत्र की तलाश की जा रही है जो दुकान छोड़कर भाग निकले थे। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखने का प्रयास किया जा रहा है।

## इंदौर के वार्ड 80 में नगर निगम की लापरवाही उजागर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर नगर निगम में अब भ्रष्टाचार की सीमा पार हो चुकी है। ऐसे में वार्ड क्रमांक 80 में भ्रष्टाचार की कई तस्वीरें सामने आ रही है। लगभग दो महीने पूर्व गंदे पानी की समस्या को लेकर पाराशर नगर रहवासियों और पार्षद के बीच गंभीर विवाद हुआ था, जिसमें पार्षद की दबंगई का वीडियो भी आम जनता ने देखा था।

दुर्भाग्यवश, स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। पाराशर नगर में हाल ही में डाली गई ड्रेनेज लाइन फिर से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस कार्य में अत्यंत घटिया गुणवत्ता के प्लास्टिक पाइपों का उपयोग किया गया, जो दो महीने तक भी टिक नहीं पाए।

जबकि उसी समय स्थानीय निवासियों द्वारा स्पष्ट रूप से सुझाव दिया गया था कि प्लास्टिक पाइप के स्थान पर मजबूत सीमेंट पाइप लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके। पार्षद की लापरवाही और हठधर्मिता के कारण इस महत्वपूर्ण सुझाव को नजरअंदाज कर दिया गया। परिणामस्वरूप, आज फिर पाराशर नगर में ड्रेनेज का दूषित पानी नर्मदा जल में मिल जाने की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है, जो जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक साबित हो सकती है। इस बड़ी परेशानी पर नगर निगम बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है।

### बासोकुंड संस्थान ,गिरनार तीर्थ और विशेष सुरक्षा कानून की मांग बुलंद

## इंदौर में अल्पसंख्यक विभाग की समग्र जैन समाज की बैठक संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

होटल मैरियट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव श्री श्रीवत्स कृष्णा के सानिध्य में एक अत्यंत महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जैन समाज की प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने समुदाय की वर्तमान चुनौतियों, धार्मिक अधिकारों और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर मंत्रालय के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखी। राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ एवं विश्व जैन संगठन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में 'राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ' के मयंक जैन और 'विश्व जैन संगठन, इंदौर' के सचिव एडवोकेट पारस जैन विशेष रूप से सम्मिलित हुए और उन्होंने समाज के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की।



बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वैशाली (बिहार) स्थित 'प्राकृत जैन शास्त्र एवं अहिंसा शोध संस्थान, बासोकुंड (कुंडलपुर)' के अस्तित्व को समाप्त करने वाले हालिया निर्णय पर गहरी आपत्ति जताई। प्रतिनिधियों ने सचिव के समक्ष स्पष्ट मांग रखी कि इस ऐतिहासिक संस्थान को बंद करने या इसके स्वरूप को बदलने वाले निर्णय को तत्काल निरस्त किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि यह संस्थान अल्पसंख्यक जैन समाज की अमूल्य शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे पूर्ववत स्थिति में रखते हुए इसका संरक्षण और विकास सुनिश्चित करना मंत्रालय की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में ऐतिहासिक जैन सिद्ध क्षेत्र 'गिरनार' का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया। मयंक जैन और एडवोकेट पारस जैन ने गिरनार में बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थाओं के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए वहां तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और तीर्थ की पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए मंत्रालय से ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना बनाने की मांग की।

## किसानों के हित में कांग्रेस संगठन ने किया प्रदर्शन

### किसानों के अधिकारों के लिए आखरी सांस तक लड़ता रहूँगा- पूर्व विधायक मुरली मोरवाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

समस्त कांग्रेस संगठन द्वारा पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में बड़नगर ब्लॉक किसान कांग्रेस द्वारा किसानों के हित में कोर्ट चैराहा पर धरना देकर रैली निकालकर राज्यपाल महोदय के नाम का ज्ञापन एस.डी.एम. विरेन्द्र पारासर को सौप कर अवगत कराया की बड़नगर तहसील के गेहूं उपार्जन केंद्रों पर लगातार धांधली हो रही हैं, भाटपचलाना के तिरुपति वेयर हाउस में गरीब किसानों के साथ धोखा कर गेहूं की फसल की चोरी की जा रही हैं।

लगभग आठ दिनों की खरीदी में भाटपचलाना तिरुपति वेयरहाउस पर लगभग 40 लाख रुपये का गबन किये जाने की घटनाक्रम की उचित जॉच करावाकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग व भाजपा सरकार किसानों के गेहॅू नही खरीद रही हैं व बड़नगर तहसील के 44 गेहूं उपार्जन केन्द्रो पर खरीदी नही कि जाने व तत्काल गेहॅू की खरीदी की जाने की मांग व गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन /स्लॉट नहीं हो रहा है। जहां हजारों-हजार गेहूं की बोरिया खरीदी जाती थी, वहां मात्र 600-700 बोरी गेहूं सरकार सरकार खरीद रही है केंद्रो पर बारदान (खाली बोरियो) का भारी संकट है किसान हित में तत्काल बारदान की व्यवस्था करवों सोसाइटी में गेहूं की गुणवत्ता में अंतर बता कर गेहूं तोलने से मना किया जा रहा है। स्लॉट नहीं, बिल नहीं, भुगतान नहीं और ऊपर से सरकारी सोसाइटियों में ही चोरी हो रही हैं इन सभी समस्याओं का किसान हित में तत्काल निराकरण किया जावें।



साथ ही पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने बताया की आज भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा हैं गेहॅू उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की उपज की खरीदी नहीं हो रही हैं किसान लगातार डिफाल्टर हो रहे हैं किसानों पर दिन-प्रतिदिन ऋण बढ़ता जा रहा हैं। किसान आज परेशान हैं यदि समय पर व उचित मुल्य पर किसान की फसल नही खरीदी गई तो कैसे अपने परिवार का भरण पोषण करेगें, केसे शादी विवाह में सोना-चादी खरीदेगें, भाजपा सरकार की नितियों के कारण आज बाजार में उनके व्यवहार बिगड़ रहे हैं इसका सीधा जिम्मेदार भाजपा सरकार और उसकी गलत नितिया हैं प्रत्येक सोसायटी पर मात्र 600 से 700 बोरी गेहॅू खरीदे जा रहे हैं किसानों कई कई दिनों तक अपनी उपज लेकर सोसायटी पर टेज्क्टर लेकर खड़ा हैं वेयर हाउसों पर गिनती में गड़बड़ी कर फसल की जोरी जैसी घटना सामने आ रही हैं और अभी तक दोषियों पर कोई ठोस कार्यवाही नही होती हैं तो आने वाले दिनों में चक्का जाम करेंगे व उग्र आन्दोलन करेंगे।

इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष करण कुमारिया, बड़नगर ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष मांगुसिंह राठोर, इंगोरिया ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष भानुप्रतापसिंह राठोर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, हेमन्त उपाध्याय, डॉ. नरेन्द्रसिंह राठोर, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, मोहन पर्वत गोस्वामी, सहित सेकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन राजकुमार नाहर ने किया ज्ञापन का वाचन एडव्होकेट महेश विजयवर्गीय ने किया उक्त जानकारी शहर किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पटेल ने दी।

# गर्मी में तापमान बढ़ते ही कूलर एयर कंडीशनर की डिमांड लगी बढ़ने

### आसमान छू रही किमत से परेशान खरीदार, लोकल कंपनी के छोटे प्लास्टिक बॉडी कूलर के भाव तीन से 4 हजार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर मे गर्मी का तापमान बढ़ते ही एयर कंडीशनर और कूलर के व्यापारियों की चांदी चांदी हो गई है। वजह बडत लिए तापमान में पंखे गर्म हवा फेंकने लगे हैं। आमजन ठंडक के लिए कूलर और एयर कंडीशनर सिस्टम खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

लेकिन बताया गया इसका फायदा उठाकर बाजार में इनके मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। वहीं वारंटी अवधि में खराबी आने पर उपभोक्ताओं को सुविधाए नहीं मील पा रही हैं।

गर्मी और बढ़ते तापमान मे पंखे गर्म हवा फेंकने लगे हैं ।ऐसे मे आमजन एयर कंडीशनर सिस्टम और कूलर खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। एयर कंडीशनर और कूलर का व्यापार बढ़ता हुआ सामने आ रहा है। व्यापारियों की चांदी ही चांदी हो चली है। कई तरह के लोकल सहित ब्रांडेड कंपनियों के एयर कंडीशनर सिस्टम और कूलर बाजारों में सजे हुए नजर आ रहे हैं। बडती गर्मी तापमान का फायदा उठाकर व्यापारी कुलर ऐसी के मनमाने दाम वसूलने में भी कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। महंगाई लिए दामों में आमजन कूलर और एयर कंडीशनर को खरीदने के



लिए मजबूर हो रहे हैं। अवन्तिका प्रतिनिधि गुरु सचिन नागर को एक कुलर व्यापारी ने बताया की स्टील लोहे की बॉडी में कई तरह के छोटे से बड़ी साइज में कूलर बाजार में उपलब्ध हैं। लोकल कंपनी के छोटे प्लास्टिक बॉडी कूलर के भाव तीन से 4 हजार और बड़ी साइज के कूलर 5 से 15 हजार तक भाव लिए बाजार में बिक रहे हैं। कंपनियों के भाव अलग अलग है। कंपनी के एयर कंडीशन के भाव तीस से चालीस हजार के पार पहुंच चुके हैं। कई तरह के बडी साईज कूलर के भाव भी आसमान छूने वाले बताए गए।

#### ठगी का शिकार हो रहे ग्राहक

व्यापारी दुकानदार के द्वारा आमजन उपभोक्ताओं को ठगने के मामले भी सामने आते हैं। इलेक्ट्रॉनिक सामान की बात हो या अन्य कोई प्रोडक्ट सामग्री की उपभोक्ता ठगी का शिकार होते रहते है। कारण अजागरूकता मे कार्यवाही नहीं हो पाती है। व्यापारी दुकानदार कंपनी ठगी करे तो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत व्यापारी दुकानदार कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। कोठी पर जिला उपभोक्ता फोरम न्यायालय मे शिकायत दर्ज कराने और विधिक सलाहकार की मदद भी ली जा सकती है।

#### वारंटी अवधि में कुलर खराब हो रहे

एयर कंडीशन और कूलर की वारंटी अवधि में उपभोक्ताओं को सुविधाएं देने के वादे तो किए जाते हैं । लेकिन जब खराबी आने पर उपभोक्ता व्यापारी के पास पहुंचता है। तो कोई सुविधाएं नहीं दी जाती है। वही उल्टे उपभोक्ता को अपमानित होना पड़ता है। एक ग्राहक ने बताया कि एक लोहे की बॉडी वाला छोटा कूलर 3 हजार में खरीदा था। लेकिन कुलर मे दूसरे ही दिन करंट आने लगा तो उसने दुकानदार को इस संबंध में शिकायत की थी। लेकिन उसको कोई राहत नहीं दी गई ना हीं कूलर सुधारा गया और ना हीं बदल कर दिया गया।

## न्यूज कालम



### ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा भिकनगांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा तहसील भिकनगांव, जिला खरगोन में 24 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक प्रशान्त खेरनार (यूरोलॉजी विभाग) एवं अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों को संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी गई। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में एवं मोहन दवाखाना के सोहन सोनी तथा शाल्वीन राव नीमजे के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### 25 अप्रैल को आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश

**सनावद।** प.पू.आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महाराज ससंघ



( 9 पिच्छी ) का मंगल प्रवेश सनावद नगर में कल शनिवार 25 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे खंडवा की ओर से होगा। सन्मति जैन काका ने बताया कि सभी समाजजन मंगल आगवानी हेतु ढकलगांव फाटे पर पहुंच कर आचार्य संघ मंगल आगवानी कर धर्म प्रभावना में सहायक बनेंगे। मुनि त्यागी अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया की आचार्य श्री की शुक्रवार 24 अप्रैल की आचार्य संघ की आहार चर्या भानबरड़ में संपन्न हुई। एवं रात्रि विश्राम सूर्यांश पब्लिक स्कूल बासवा में होगा।सभी समाजजन विहार एवं आहार में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शनिवार 25 अप्रैल को आचार्य श्री की अगवानी सभी समाजजन करेंगे वही आचार्य संघ नगर के जिन मंदिरों के दर्शन कर बड़े मंदिर के समीप संत भवन में अपनी दिव्य देशना का रस पान करवाएंगे एवं आहार चर्या सनावद नगर में संपन्न होगी।

### विधायक चिटनिस ने घर-घर कचरा संग्रहण व कचरा पृथक्करण पर दिया जोर



**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने आज बुरहानपुर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यशाला के प्रथम सत्र में जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों के साथ सहभागिता की। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण को प्रभावी रूप से लागू करने, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा कचरा निस्तारण की वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया, ताकि स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाया जा सके। अर्चना चिटनिस ने कहा कि हम सभी मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर बेहतर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ,उपचार के दौरान हुई मौत

नीमच। केंट थाना क्षेत्र के ग्राम कनावटी में अज्ञात कारणों से एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार इमरान 45 वर्ष,पिता बशीर भिश्ती ने घर पर ही सल्फास की गोली का सेवन कर लिया द्य जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसपर परिजन उसे गंभीर हालत में देर रात करीब 12 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए उसे उदयपुर रेफर कर दिया। उदयपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान इमरान की मृत्यु हो गई।घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नीमच जिला अस्पताल लाया गया है।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है । घटना के बाद क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है।

### राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**बड़वानी ।** राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल को किया जायेगा। इस परीक्षा हेतु उच्च न्यायिक सेवा से सेवा निवृत्त श्री एनसी नागराज को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय पर्यवेक्षक के लायजनिंग अधिकारी उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री रौनक सोलंकी को नियुक्त किया गया है।

### भाजपा किसान मोर्चा ने माना मुख्यमन्त्री मोहन यादव का आभार

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला रतलाम द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा कैबिनेट में ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के भू अर्जन भूमि के मुआवजा चार गुणा करने के किसान हितेषी फैसला लेने पर रतलाम जिले के कोर्ट चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी जिला रतलाम एवंभाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी जिले के जनप्रतिनिधियों ने आभार व्यक्त किया जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल पाटीदार, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामन्त्री बद्रीलाल चौधरी की प्रमुख उपस्थिति में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, सांसद प्रतिनिधि कैलाश पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी राकेश पांचाल, कार्यालय मंत्री आशीष पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य गणेश मंडिया, आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने 2 हथियार तस्कर पकड़े, 5 पिस्टल जब्त. स्कूटी की डिक्की से 1.85 लाख के हथियार बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



सनावद पुलिस ने अवैध हथियारों के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पूलिस ने इंदौर-इच्छापर हाईवे पर नाकाबंदी कर दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पांच अवैध देसी पिस्टल और तस्करी में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी बरामद की गई है। जब्त किए गए हथियारो की कुल कीमत लगभग 1.85 लाख रुपए आंकी गई है।

बुधवार को थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतत्व में पुलिस टीम ढकलगांव रोड पर निमार्णाधीन हाईवे ब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और भागने का प्रयास करने लगे। सदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उन्हे पकड लिया । पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान आकाश निवासी अंबेगांव खुर्द, पुणे (महाराष्ट्र) और नयन निवासी शाहपुर, जिला बुरहानपुर के रूप में बताई। जब उनकी स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली गई. तो उसमें पांच अवैध देसी पिस्टल छिपी मिलीं। हथियारों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने दोनों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया सिगनूर के सिकलीगर से खरीदे थे, हाथियार पुलिस की प्राथमिक पुछताछ में तस्करों ने खुलासा किया है कि उन्होंन ये हथियार सिगनू के एक सिकलीगर से खरीदे थे। पूलिस अब उस सिकलीगर को भी मामले में आरोपी बनाकर उसकी तलाश कर रही है आरोपियों के खिलाफ आर्मूस एक्ट की धारा 25 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एसपी रविंद्र वर्मा और एएसपी शकुंतला रुहल के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में एसडीओपी बडवाह अर्चना रावत, थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव, उनि सुरेंद्र पवार, प्र.आर. रविंद्र गंभीर मीणा, राजेंद्र चौहान, आर. सरदार, श्रीकृष्णा, राजेश, कैलाश, सुनील, कुंदन पाटीदार, योगेश और साइबर सेल के आर. अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा।र स्वस्थ अलीराजपुर के निर्माण में अपना योगदान दें।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुण

**बड़वानी।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा दिनांक 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक जोरों से चल रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में आज दिनांक 24 अप्रैल को डॉ वीणा सत्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय की छात्राओं आत्मारक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महिला प्रशिक्षु किरण चौहान ने आत्मरक्षा हेतु छोटे छोटे टिप्स बताए । इस ट्रेनिंग का मकसद फाइटर्स बनाना नहीं 3 सेकेण्ड का मौका बनाकर भाग निकलना और मदद मांगना ही जीत है । छात्राओं को आत्म निर्भर बनाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण में के संयोजक डॉ निर्मला मोर्य मार्गदर्शक श्री हरीश वर्मा प्रोफेसर नारायण रैकवार अनीता खाण्डे की उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## कलेक्टर ने ४ लोगों को थाने पर उपस्थिति के दिये आदेश

बड़वानी । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक बड़वानी के प्रतिवेदन के आधार पर अजय पिता सुरेश बारेला निवासी ग्राम बड़ियापनी को ६ माह की अवधि के लिए थाना वरला में, दिलीप पिता जगदीश उर्फ जग्गु निकुम निवासी पानसेमल को ३ माह की अवधि के लिए थाना पानसेमल में, अजीतसिंग पिता भीमसिंग सिकलीगर निवासी उमर्टी को ४ माह की अवधि के लिए थाना वरला में एवं सुभाष पिता दीपचंद जैन निवासी राजपुर को ६ माह की अवधि के लिए थाना राजपुर में उपस्थिति हेतु आदेशित किया है। उल्लंघन होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

## बिल्लोरा खुर्द में नर्मदा तट पर विशाल स्नान घाट निर्माण की मांग

**सनावद।** आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश की डॉ.मोहन यादव की सरकार द्वारा ओंकारेश्वर,सनावद और बड़वाह के समीप नर्मदा तटों पर नवीन स्नान घाटों का निर्माण किया जा रहा है। ताकि सिंहस्थ के दौरान पुण्यसलिला नर्मदा में डुबकी लगाने के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उल्लेखनीय है कि तीर्थनगरी ओंकारेश्वर से लगभग १५ किमी दूर स्थित नावघाटखेड़ी और मोरटक्का में नर्मदा तटों पर नवीन घाटों का निर्माण कार्य जारी है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर नर्मदा तट स्थित ग्राम बिल्लोरा खुर्द में भी विशाल स्नान घाट के निर्माण की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि ग्राम बिल्लोरा खुर्द तीर्थनगरी ओंकारेश्वर से मात्र 7 किमी दूर नर्मदा तट पर स्थित है और निमाड़ क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र है।ग्राम बिल्लोरा खुर्द में परमपूज्य हीरापुर वाले संत महाराज, श्री कल्याणदास ट्रस्ट (अमरकंटक), भोपाली बाबा,मौनी बाबा, फक्कड़ बाबा एवं परमपूज्य अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज (चातुर्मास स्थल) सहित लगभग 25 आश्रम स्थित हैं।साथ ही उत्तर तट पर डुल्हारी वाले बाबा का आश्रम एवं प्राचीन नरसिंह कुंड भी स्थित है।

## 26 अप्रैल को 'गुड मॉर्निंग अलीराजपुर' अभियान का आगाज

**अलीराजपुर।** बदलती जीवनशैली और बढ़ती डिजिटल निर्भरता के बीच युवाओं को मोबाइल की लत से दूर कर फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए शहर में एक अनूठी पहल होने जा रही है। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट, अलीराजपुर के तत्वावधान में आगामी 26 अप्रैल, रविवार को "गुड मॉर्निंग अलीराजपुर" फिटनेस जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक फतेह ग्राउंड के सामने स्थित जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजकों ने बताया कि इस एक घंटे के सत्र में प्रतिभागियों को जुंबा, एरोबिक्स, योग और ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से स्वास्थ्य के गुर सिखाए जाएंगे। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य न केवल युवाओं को स्क्रीन से दूर करना है, बल्कि समाज के हर आयु वर्ग को एक सक्रिय और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है। इस अभियान में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी समान रूप से सम्मिलित हो सकेंगे, जिससे पूरे शहर में फिटनेस के प्रति एक नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

## परीक्षार्थियों के लिए त्रि-स्तरीय जाँच प्रक्रिया ,दिशा-निर्देश जारी

**बड़वानी ।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रथम सत्र सामान्य अध्ययन का प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण का दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक रहेगा। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए इस बार त्रि-स्तरीय जाँच प्रक्रिया (बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र स्कैनिंग और के माध्यम से तलाशी) अपनाई जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से 90 मिनट पूर्व पहुँचना अनिवार्य होगा।

**50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत**

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने 16 फरवरी 2023 को शांति पेलेस के पास मोटरयान दुर्घटना में घायल होने पर ग्राम निहाली निवासी इकराम पिता जयपाल रावत को हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना के अंतर्गत 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के सौजन्य से एवं जिलाधीश के आदेशनुसार स्थानीय ई-दक्ष केंद्र बड़वानी मे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिला स्तरीय लोक सूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं अन्य स्टाफ का दिनांक 23 एवं 24 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अकादमी द्वारा बनाए गए जिला रिसोर्स पर्सन के रूप मे मास्टर ट्रेनर श्री श्रीकृष्ण मंडलोई एवं श्री अक्षय सोनी ई-दक्ष द्वारा प्रशिक्षण में मुख्य रूप से लोक सूचना अधिकारी को सूचना प्रदान करने के संबंध में उनकी भूमिका, बाध्यता, छूट, अपील तथा पेनल्टी आदि के बारे में बताया गया । अधिनियम लागू होने के बाद हुए सभी संशोधन एवं प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों का निराकरण एवं उपाय बताए गए अधिकारियों को अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों को सुचारू पालन करने के लिए कार्यालय में रिकॉर्ड प्रबंधन का महत्व बताए गए। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का परिचय, शासन के विभिन्न राजपत्र एवं विभिन्न न्यायालयीन निर्णय का हवाला देते हुए विभिन्न प्रश्नों का समाधान दिया जा रहा है।

**हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी**

**बड़वानी ।**वर्ष 2026 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एमपी आनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर अब 26 अप्रैल कर दी।

## उज्जैन में सीजन का सबसे गर्म दिन,पारा 41.5 डिग्री पर

**उज्जैन।** उज्जैन में शुक्रवार का दिन सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, शहर का अधिकतम तापमान 41,5 डिग्री पर पहुच गया है। पिछले एक हफ्ते से जिले में तापमान लगातार 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था । मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की आशंका जताई है। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है और जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।गाइडलाइन के अनुसार उज्जैन जिला चिकित्सालय में हीट रिलेटेड बीमारियों से निपटने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अस्पताल में अलग वार्ड, जरूरी दवाइयां और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोजाना हीट से संबंधित बीमारियों की रिपोर्ट तैयार कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भेजी जा रही है, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

## नेत्रदान से मिली नई रोशनी : गोपाल शर्मा के परिवार ने पेश की मिसाल

**रतलाम।** मृत्यु अंत नहीं, बल्कि किसी और के जीवन की नई शुरूआत भी हो सकती है–इस संदेश को साकार करते हुए थावरिया बाजार निवासी स्व. भवरलाल शर्मा के सुपुत्र स्व. गोपाल शर्मा के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। वीरेन्द्र अग्रवाल, प्रीतेश गादिया एवं दिनेश शर्मा ने परिजनों–राजेश शर्मा व धर्मेन्द्र भुरू शर्मा को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया, जिस पर परिवार ने सहमति दी। नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि सूचना पर मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा के मार्गदर्शन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया, नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह व भावना खन्ना ने हर्ष पाटीदार के सहयोग से प्रक्रिया पूर्ण की। इस दौरान नवनीत मेहता व यशवंत पावेचा ने वाहन व्यवस्था में सहयोग किया। मौके पर ओमप्रकाश अग्रवाल, सुशील मीनू माथुर, यशवंत पावेचा, हेमंत मूणत, प्रशांत व्यास, कांतिलाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बृजकिशोर शर्मा, नवीन शर्मा, शैलेंद्र शर्मा व नितीन शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नेत्रम संस्था व डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कॉलेज शासकीय नेत्र बैंक ने परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## नीमच क्षेत्र मे गर्म हवा, लू का दौर जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

अप्रैल माह में इन दिनों मौसम में गर्म हवा और लू चलने से गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है ।जो आगामी दिनो इसमें और बढोतरी की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों को स्वास्थ्य विभाग ने एडवायरी जारी कर सलाह दी गई है, कि इस मौसम में अनावश्यक दोपहर के समय घर से बाहर नही निकले। इस अप्रेल,मई एवं जून माह में तापमान की अधिकता के कारण गर्म हवाओ के रूप में लू चलती है, जिससे आमजनों को भी लू लगने की समस्या हो सकती है। सी एम एच ओ डॉ. दिनेश प्रसाद के अनुसार अत्यधिक गर्मी एवं तेज धूप के सम्पर्क में आने से शरीर में पानी एवं नमक (लवण) की कमी हो जाती है द्य जिससे लू लगने की संभावना बढ जाती है। ऐसी स्थिति में आवश्यक सावधानियां अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अनावश्यक धूप में निकलने से बचना चाहिये, यदि आवश्यक हो, तो सिर पर कपडे या गमछे का उपयोग करे। आखों पर चश्मा पहन कर चले। घर से बाहर निकलने से पहले कुछ खाकर निकले जरूरी कार्य सुबह जल्दी या सायंकाल को करे। साथ ही तेज बुखार, सिसदर्द, चक्कर आना, उल्टी, मुहं का सुखना, अत्यधिक प्यास लगना, कमजोरी, पूरे शरीर में दर्द, पसीना नहीं आना, पेशाब कम आना या पीले गहरे रंग का आना, भूख नही लगना एवं बैहोसी जैसे लक्षण के संकेत हो सकते है, ऐसे लक्षण दिखाई दे, तो संबन्धित व्यक्ति को तुरंत छायादार एवं ठंडे स्थान पर लिटाकर प्राथमिक उपचार प्रदान करना चाहिए तथा तुरंत ही नजदिकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाना चाहिये। लू से बचाव के लिये अत्याधिक मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थो का सेवन करना चाहिए, सूती वस्त्र पहनें एंव ओ.आर.एस. का घोल का सेवन करना चाहिए। धूप में लंबे समय तक कार्य करने से बचना चाहिए। साथ ही दोपहर के समय किचन भट्टी पर कार्य को भी टालना चाहिये।

तरल पेय पदार्थ जैसे पानी, छांछ, नींबू का रस, फलों का रस, तरल पेय पदार्थो का उपयोग निरंतर करते रहना चाहिए। इन सभी उपायों से आप ब्लू और गर्मी के आघात से बच सकते हैं।

## रतलाम में नारी शक्ति के साथ भाजपा ने निकाली जन-आक्रोश महिला पदयात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

संसद मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू नही होने पर भारतीय जनता पार्टी रतलाम मे शुक्रवार को विशाल इझ्जन-आक्रोश महिला पदयात्राइझ निकाली। नारी शक्ति के सम्मान और विपक्ष की नीतियों के विरोध में निकाली गई इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नारेबाजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन प्रकट किया। पदयात्रा का नैतृत्व सांसद अनिता चैहान ने किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया, क्रांति जोशी , पूर्व विधायक संगीता चारेल, मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा सहित असंख्य महिलायें उपस्थित रही।

सांसद श्रीमती चोहान ने समापन से पूर्व नगर निगम चोराहा पर नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि संसद मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और अन्य दलों ने ७० करोड़ महिलाओं का अपमान किया है। भाजपा सद्रैव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व ने महिलाओं का सम्मान करती आई है और नारीहित की कई योजनाओं के साथ महिला आरक्षण इस का प्रमाण है। उन्होने कहा कि जन आक्रोश पद यात्रा ऐसी शक्तियों के खिलाफ सशक्त जवाब है जो महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने कभी महिलाओं का सम्मान नही किया और देश हित के कामों का विरोध भी किया। कांग्रेस का काम ही विरोध करना रह गया है। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की हक की लडाई मे कभी पीछे नहीं रहेगी और सदैव प्रयास जारी रखेगी। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि नारी शक्ति कभी अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

## पूर्व मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया संन्यास ग्रहण कर चुकी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

संन्यास ग्रहण कर स्वामी हर्षानंद गिरि बनीं पूर्व मॉडल पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। संन्यास ग्रहण कर स्वामी हर्षानंद गिरि बनीं पूर्व मॉडल पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान सुर्खियों में आईं पूर्व मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया संन्यास ग्रहण कर चुकी हैं। 19 अप्रैल को उज्जैन स्थित मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज से उन्होंने दीक्षा ली। संन्यास के बाद उन्हें स्वामी हर्षानंद गिरि नाम दिया गया है। हर्षा के संन्यास पर मध्य प्रदेश संत समिति के अध्यक्ष महाराज अनिलानंद ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह संन्यास सनातन धर्म की मयार्दा के विपरीत है। उन्होंने यह भी मांग की है कि हर्षा को दीक्षा देने वाले सुमनानंद गिरि महाराज की जांच की जाए।

वहीं, संन्यास परंपरा का पूजन कराने वाले आचार्य तन्मय वेदका दातार ने कहा कि हर्षा के संन्यास की प्रक्रिया में पारंपरिक नियमों का पालन नहीं हुआ। इन आरोपों पर हर्षा ने वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने कहा- अगर राम ने मेरी किस्मत में संन्यास लिखा है, तो उसे कोई नहीं रोक सकता। मामले में लगातार आ रहे बयानों के मद्देनजर, दैनिक भास्कर ने सुमनानंद गिरि और आचार्य तन्मय वेदका दातार से बातचीत की। पढ़िए, रिपोर्ट हर्षा रिछारिया ने सुमनानंद गिरि महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया है।

हर्षा रिछारिया ने सुमनानंद गिरि महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया है। आचार्य दातार बोले- मुंडन नहीं कराया, मेकअप में नजर आ रहीं आचार्य तन्मय वेदका दातार ने कहा- हर्षा का संन्यास जल्दबाजी में कराया गया। इसमें कई पारंपरिक नियमों का पालन नहीं हुआ आचार्य के अनुसार, संन्यास लेने से पहले १७ प्रकार के पिंडदान किए जाते हैं। इनमें माता-पिता के साथ स्वयं का भी पिंडदान शामिल होता है। इस प्रक्रिया में मुंडन कराना अनिवार्य होता है, लेकिन हर्षा का संन्यास बिना बाल कटवाए ही करा दिया गया।

संन्यास लेने के बाद भी हर्षा आम युवतियों की तरह मेकअप और आभूषणों के साथ नजर आ रही हैं, जबकि संन्यास परंपरा में इसका उपयोग वर्जित माना जाता है। वह अभी भी पारंपरिक साध्वी स्वरूप या संन्यासी वेशभूषा में नजर नहीं आई हैं।

सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि हर्षा ने बाल इसलिए नहीं कटवाए, क्योंकि वह पहले ही एक बार मुंडन करवा चुकी थीं। सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि हर्षा ने बाल इसलिए नहीं कटवाए, क्योंकि वह पहले ही एक बार मुंडन करवा चुकी थीं।

वहीं, हर्षा को दीक्षा देने वाले सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा- संन्यास के दौरान हर्षा ने बाल इसलिए नहीं कटवाए, क्योंकि वह पहले ही एक बार मुंडन करवा चुकी थीं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ में निरंजनी अखाड़े की पेशवाई के दौरान हर्षा शाही रथ पर सवार हुई थीं, तब किसी ने आपत्ति नहीं जताई। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा दी गई दीक्षा के बाद हर्षा, हर्षानंद गिरि के रूप में पूरी तरह संन्यासी बन चुकी हैं।

सुमनानंद गिरि ने कहा कि दीक्षा देने से पहले मैंने हर्षा से बार-बार नियमों के पालन को लेकर पूछा।

## न्यूज -कॉलम

### उन्हेल के 2 लोगों की उपचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम लोकोडा आंजना से कन्हैया पिता मोहननाथ 30 साल को शुक्रवार सुबह परिजन उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। कन्हैया ने जहरीला पदार्थ खाया था। वहीं 22 अप्रैल को उन्हेल के खोप मोहल्ला में रहने वाला जगदीश पिता नाथुलाल भनोपा 50 साल उन्हेल चौपाटी पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। परिजनों ने फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान दोनों की शुक्रवार दोपहर मौत हो गई। कन्हैयानाथ का पोस्टमार्टम चिमनगंज थाना एएसआई राजेश पंचोली द्वारा मर्ग कायम करने के बाद कराया गया। वहीं जगदीश का पोस्टमार्टम माधवनगर थाना पुलिस द्वारा कराया गया। दोनों थाना पुलिस का कहना था कि मामले उन्हेल थाना क्षेत्र के होने पर मर्ग डायरी संबंधित थाने को जांच के लिये सौंपी जायेगी।

### नागपुर और मंदसौर में मिली देवासगेट से लापता युवतियां

**उज्जैन।** पिछले कुछ दिनों में देवासगेट बस स्टेंड क्षेत्र से 2 युवतियां लापता हो गई थी। दोनों के परिजनों ने देवासगेट थाना पुलिस को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि 1 अप्रैल को ग्राम धनोडिया राघवी के रहने वाले युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि महिदपुर जाने के लिये बस में सवार हुआ था। उसी दौरान पत्नी बच्ची के लिये अंगूर लेने उतरी और वापस नहीं लौटी। वहीं कुछ दिन पहले चिमनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने शिकायत दर्ज कराई कि बहन को प्रैक्टिकल परीक्षा के लिये देवासगेट कालिदसा गर्ल्स कॉलेज में छोडकर गया था। लेकिन वापस कॉलेज आने पर पता चला कि वह कॉलेज में आई नहीं थी। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों युवतियां बालिग थी जिसके चलते गुमशुदगी दर्ज कर तलाश के लिये एएसआई रामेश्वर धानुक, प्रधान आरक्षक अवधेश प्रतापसिंह की टीम बनाई गई। ग्राम धनोडिया की रहने वाली युवती को गुरूवार देर शाम मंदसौर के सीतामऊ से दस्तयाब कर लिया गया। उसका कहना था कि पति से विवाद और प्रता?ना के चलते अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। चिमनगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती महाराष्ट्र के नागुपर में मिली। पूछताछ में उसने बताया कि मर्जी से अपने मित्र के साथ नागपुर गई थी। दोनों को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### महाकाल क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे 3 बदमाश गिरफ्तार

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे 3 बदमाशों को पुलिस गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किये है। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में लगातार भ्रमण और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भूखी माता मंदिर मार्ग से चाकू लेकर घूम रहे बदमाश शहनवाज पिता नवाब 21 साल निवासी जानसापुरा को हिरासत में लिया गया। वहीं सर्कल भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर नृसिंहघाट चौराहा से शराफत पिता शफी मोहम्मद 40 साल निवासी जानसापुरा को पकडा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से भी चाकू बरामद किया गया। एक अन्य मामले में भारत माता मंदिर के पास से पियुष पिता अखिलेश गुप्ता 20 साल निवासी सीतानगर गुजरखेडा, जिला इंदौर (हाल मुकाम उज्जैन) को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया।

### बाइक सवारों ने पथराव कर बस के फोडे कांच

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के महिदपुर-घौंसला रोड माधोपुरा फंट पर यात्रीप्रतिक्षालय के पास बाइक साइड में करने की बात पर बस चालक और कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। युवको ने बस को रोक लिया और पथराव कर कांच फोड दिये। पथराव में बस कंडक्टर रविपुरी निवासी बैजनाथ महिदपुर घायल हो गया। राघवी थाना पुलिस ने बस चालक ईश्वरसिंह चौहान ग्राम काजीखेडी की शिकायत पर पथराव करने वाले बाइक सवार युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### नौकरी से निकाले गये कर्मचारी ने टोल पर की तोड़फोड़

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम तुलाहेडा टोल प्लाजा पर गुरूवार-शुक्रवार रात तोडफोड और मैनेजर को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया। मैनेजर कैलाश पिता शिवकुमार उपाध्याय निवासी संगम बिहार नई दिल्ली हाल तुलाहेडा टोल ने घट्टिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और बताया कि कुछ समय पहले पंकज शर्मा नाम कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया था। रात में वह अपने कुछ साथियों के साथ टोल पर आया और कंट्रोलरूम में तोडफोड कर वापस नौकरी पर रखने की बात कहने लगा। उसका कहना था कि नौकरी पर नहीं रखा तो जान से मार देगा। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर पंकज की तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 468-8 | 256-3 |
| मेन बाजार | 780-5 | 399-1 |
| कल्याण नाइट | 134-8 | 128-1 |
| मिलन डे | 890-7 | 234-9 |
| मिलन नाइट | 188-7 | 179-7 |
| मधुर डे | 580-3 | 370-0 |
| मधुर नाइट | 579-1 | 137-1 |
| शुभांक | 5 8 | 9 |

# जीवन रक्षक बनकर थाना प्रभारी ने तोड़ा दरवाजा


## सोशल मीडिया पर मैसेज भेज पति-पत्नी ने गले में डाला था मौत का फंदा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सोशल मीडिया पर सामने आये मैसेज को देख थाना प्रभारी नजरपुर पहुंचे और जीवन रक्षक बनकर मकान का दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में पति-पत्नी फंदे पर लटके थे, दोनों को नीचे उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया। दोनों की जान बचा ली गई।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल को गुरूवार रात जानकारी मिली कि ग्राम नजरपुर में रहने वाले आफिस पटेल और उसकी पत्नी रीना ने पारिवारिक विवाद में आत्मघाती कदम उठाने का मैसेज वाट्सएप स्टेटस पर शेयर किया है। थाना प्रभारी एसआई अलकेश डांगेऔर प्रधान आरक्षक राजेन्द्र राठौर के साथ तुरंत नजरपुर आफिस पटेल के मकान पर पहुंचे। इस दौरान पता चला कि काफी देर से दरवाजा बंद है। आवाज लगाई गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। थाना प्रभारी ने आसपास खिडकी से देखा तो आसिफ और उसकी पत्नी फंदे पर लटके थे। थाना प्रभारी ने दोनों को बचाने के लिये दरवाजा तोडा और अंदर पहुंचे, इस दौरान आसपास के लोग भी एकत्रित हो गये। फंदे पर लटके दोनों पति-पत्नी को गोद में उठाया गया और एसआई अलकेश ने गले से रस्सी का फंदा खोला। दोनों की सांस चल रही थी, तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों परीक्षण के बाद बताया कि अगर चंद मिनट की देरी होती तो दोनों की जान जा सकती थी।





शुक्रवार दोपहर को दोनों के पूरी तरह से स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस दौरान पूरे नजरपुर में थाना प्रभारी की तत्परता और जीवन रक्षक बनकर दरवाजा तोड़ने की चर्चा दिनभर चलती रही। पति-पत्नी की जान बचने के बाद थाना प्रभारी खोवाल ने पूरे परिवार को थाने बुलाया और समझाईश दी। परिवार ने साथ मिलकर रहने की बात कहीं।

**शासन को भेजेगें पदक का प्रस्ताव**

एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने वाट्सएप स्टेटस पर मिली सूचना के बाद टीम के साथ पहुंचकर 2 लोगों की जान बचाई, जो काफी सराहनीय काम है। हमारी ओर से शासन को जीवन रक्षक पद दिये जाने के लिये प्रस्ताव भेजा जायेगा।

### दूसरी शादी करने पर किया था बेदखल

बताया जा रहा है कि आफिस टाईल्स लगाने का काम करता है। उसकी पहले शादी हो चुकी थी 2 बच्चे भी है। काम में दौरान रीना से उसका परिचय हुआ और उसने दूसरी शादी कर ली। आसिफ के पिता शफीक अहमद पटेल इस बात से नाराज थे और उसे अलग कर दिया था। आसिफ ने अपना हिस्सा मांगा, इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में पारिवारिक विवाद शुरू हो गया था। पिता और आसिफ की पहली पत्नी उज्जैन में परिवार पूरे परिवार के साथ रहते है। नजरपुर उनका पैतृक गांव है।

### मैसेज में लिखे पूरे परिवार के नाम

आसिफ और उसकी पत्नी ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले वाट्सएप स्टेटस पर मैसेज पोस्ट किया था। जिसमें बताया था कि मैं गांव नजरपुर घट्टिया का रहने वाला हूं। मैसेज में माता-पिता और पहली पत्नी सहित परिवार के 10 सदस्यों के नाम लिखे थे। जिन्हे अपनी मौत का जिम्मेदार बातकर लिखा था इन सबने हमको घर में रहने नहीं दिया। इसलिये हम मर रहे है।

# बिना नंबर की एक्टिवा से बेचने निकले थे शराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सर्कल भ्रमण के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस ने बिना नम्बर की एक्टिवा पर सवार 2 युवकों को पकडा। जिनके पास पान मासले के झोले में भरी हजारों की अवैध शराब बरामद हो गई।

माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर, आरक्षक देवराज और रोहित भदौरिया रात में सर्कल भ्रमण पर थे। इसी दौरान खबर मिली कि पीजीबीटी कॉलेज ग्राउंड में कैटिंग के पास बिना नम्बर की एक्टिवा पर सवार 2 युवक शराब बेचने आये हुए है। तत्काल भ्रमण टीम ने पहुंचकर दो युवकों को पकडा। कुछ दूरी पर उनकी एक्टिवा खडी थी, जिस पर 2 पान मासले के झोले रखे थे। प्रधान आरक्षक ने झोलों की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे पाये। युवकों से पूछताछ करने पर उनके नाम संदीप पिता लक्ष्मीनारायण कौशल 27 साल निवासी पंवासा और ऋषि पिता प्रेमचंद्र चौहान 37 साल निवासी बजरंग नगर आगररोड सामने आये। दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। उनके पास मिली शराब 53.280 बल्क लीटर (296 क्वार्टर) कीमत 27 हजार थी। दोनों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि शराब इंदौर के पास भान बडोदिया से बेचने के लिये लाये थे। शुक्रवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। धार्मिक नगरी की नगर निगम सीमा में शराब प्रतिबंधित होने के बाद से अवैध कारोबार काफी बड़ गया है। माधवनगर, चिमनगंज, नीलगंगा, नानाखेडा, नागझिरी थाना क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की बरामदगी होना सामने आ रहा है। शराब इंदौर और देवास के रास्ते शहर में लाई जा रही है।



### माता-पिता पत्रिका बांटकर लौटे तो लापता मिली पुत्री

**उज्जैन।** पुत्री की शादी होने पर माता-पिता पत्रिका बांटने गये थे, जब वापस लौटते तो पुत्री घर छोड़कर लापता हो चुकी थी। मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई और पुत्री द्वारा आभूषण साथ रूपये ले जाने की बात भी कहीं है।

मामला मक्सीरोड पंवासा क्षेत्र का सामने आया है। यहां रहने वाले परिवार में 1 मई को पुत्री का विवाह होना है। माता-पिता गुरूवार को पत्रिका बांटने गौतमपुरा गये थे। शाम को जब वापस लौटते तो पुत्री घर छोडकर लापता हो चुकी थी। सभी जगह तलाश करने पर नहीं मिली तो मामले की शिकायत पंवासा थाने पहुंचकर की गई। परिजनों का कहना था कि तलाश के दौरान पता चला कि पुत्री को दूसरे धर्म के युवक बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। उन्होने पुलिस को यह भी बताया कि लापता हुई पुत्री घर से लाखों के आभूषण और नगद रूपये भी अपने साथ ले गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त युवक की तलाश शुरू कर दी है।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्रेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 50-बी व 50-सी जो कि उघोगपुरी इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफ ल 15000 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में- 40 फीट चोडी सडक्, पश्चिम में- भूखण्ड् क्रमांक 50-ए, उत्तर में- भूखण्ड् क्रमांक 49/डी -1 तथा दक्षिण में- शेष भाग भूखण्ड क्रमांक 50 -बी स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति मेसर्स पार्श फार्मास्यूटिकल्स के प्रोप्राइटर पवन कुमार जैन पिता नेमीचंद जैन ने इसके पूर्वस्वामी मेसर्स जैन फैब्रिकेशन के प्रोपराटर श्रीमति इद्रां जैन पत्नि स्व.जितेन्द्र कुमार जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022024ए1237247 दिनांक 26/02/2024 के माध्यम से क्रय की एवं मेसर्स पार्श फार्मास्यूटिकल्स के प्रोप्राइटर पवन कुमार जैन ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं सादिक शाह पिता श्री बाबु शाह से किया है। एवं सादिक शाह ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार उक्त संपत्ति पूर्व के मूल पट्टा विलेख पत्र क्रमांक 2020 दिनांक 25/10/1983 कही गुम हो गये है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त उल्लेखित मुल पट्टा विलेख पत्र कहीं जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरें कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो । दिनांक 24/04/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### डिवाइडर से टकराई बाइक, जीजा की मौत साला घायल



**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर शुक्रवार सुबह हादसा हो गया। बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जीजा की मौत हो गई, साला घायल हुआ है। अमेठी के पास कलंदरगढ़ से परिजनों के आने पर शव सौंपा गया है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम गंगेडी मार्ग पर सुबह बाइक अनियंत्रित होने के बाद मार्ग के बीच लगे डिवाइडर से टकरा गई थी। बाइक पर 2 युवक सवार थे। गंभीर घायल होने पर उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की मौत होना सामने आया। घायल से पूछताछ करने पर सामने आया कि उसका नाम परमजीत पिता रामकिशोर चौहान 18 साल निवासी कलंदरगढ़ अमेठी है। उसके साथ जीजा कमलेश पिता रामदुलारे चौहान 21 साल थे। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। मामले में मर्ग कायम कर मृतक कमलेश का पोस्टमार्टम कराया गया। देर शाम परिवार के सदस्यों के उज्जैन पहुंचने पर शव सौंपा गया। कमलेश का शव अंतिम संस्कार के लिये अमेठी ले जाया गया है। इस दौरान घायल ने बताया कि वह अहमदाबाद में लाइट फिटिंग का काम करते थे। काम खत्म होने पर बाइक से अमेठी जाने के लिये निकले थे। बाइक जीजा कमलेश चला रहा था।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी रामबाबु पिता लक्ष्मीनारायण जी जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बर्डा बरखेडा तहसील बडौद जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1350/1 रकबा 2.09 हेक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 2.09 हेक्टर लगानी स्थित बर्डा बरखेडा तहसील बडौद जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदाकर दी है। अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो ।

इति दिनांक- 24-04-2026

**कमलसिंह यादव ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 98114 44957**

## तापमान 42 डिग्री के करीब, 8 कि.मी. से चली गर्म हवा



**उज्जैन।** अप्रैल माह का अंतिम सप्ताह शुरू हो चुका है और तापमान तेजी से बड रहा है। शुक्रवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान 41.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो 42 डिग्री के करीब पहुंचा है। संभावना है कि कुछ दिनों में 44 डिग्री भी दर्ज हो सकता है।

मौसम विभाग के अप्रैल माह के अंत में भीषण गर्मी का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था, जो अब सटिक साबित होता दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ था, जो शुक्रवार को 42 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन में 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हवा भी गर्म महसूस हो रही थी। इससे पहले गुरूवार-शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री के करीब 21.8 दर्ज किया गया था। बढ़ते तापमान के बीच शुक्रवार को सुबह की आर्द्रता का प्रतिशत 36 और शाम को 13 रहा। मौसम विभाग की माने तो अब सूरज के तेवर ओर तीखे होगें। कुछ दिनों में शहर का तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। मई माह भीषण गर्मी (हीटवेव) के बीच गुजर सकता है। लू का खतरा भी काफी बड़ सकता है। शुक्रवार को तापमान में आई तेजी के बाद दोपहर में सड़कों पर चलना परेशानी भर हो गया था। आवागमन भी काफी कम हो चुका था। बढ़ते तापमान से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए शासकीय चरक अस्पताल में उपचार संबंधित सभी व्यवस्था को पुख्ता कर लिया गया है। अस्पताल पहुंच रहे घबराहट और थकान से भरे मरीजों को गर्मी से बचने की सलाह दी जा रही है।

### गन्ने के जूस की बड़ी खपत

गर्मी में गन्ने के जूस की खपत काफी बड गई है। शहरभर में ठेलों पर गन्ने की चरखी लगी दिखाई दे रही है। ठेलों पर चरखी लगने से मधुशाला की संख्या काफी कम हो गई है। दिन में गर्मी से राहत पाने के लिये गन्ने के जूस का सहारा लिया जा रहा है। वहीं अंधेरा ढलने के बाद खुली हवा में निकलने वाले भी गन्ने के जूस का लुफ्त उठा रहे है। यहीं नही बोतल बंद शीलत पेय की खपत भी काफी बड़ गई है। जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक भी बन सकता है।


## आईपीएल 2026 में बेंगलुरु की पांचवीं जीत गुजरात को 5 विकेट से हराया



विराट कोहली

**स्पोर्ट्स डेस्क।** आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपनी पांचवीं जीत के साथ गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 206 रन का लक्ष्य बेंगलुरु ने 18.5 ओवर में 5 विकेट पर हासिल किया। विराट कोहली ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 30 गेंदों पर अपनी 66वीं फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 81 रन बनाए। देवदत्त पडीक्कल ने 20 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। उन्होंने 55 रन की पारी खेली। इससे पहले सीजन के 34वें मुकाबले में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन के शानदार शतक की बदौलत 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 205 रन बनाए। सुदर्शन ने 58 गेंदों पर 100 रन बनाए। यह उनका तीसरा शतक रहा। विराट कोहली ने इस मैच में दो रिकॉर्ड बनाए। 800 चौके पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने। साथ ही टूर्नामेंट में 300 छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। उनसे पहले रोहित शर्मा और क्रिस गेल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बेंगलुरु 7 मैचों में 5 जीत और 10 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं गुजरात 7 मैचों में 3 जीत और 6 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। टीम को अपने बचे हुए 7 मैचों में कम से कम 6 जीत हासिल करनी होंगी, ताकि टीम 16 या 14 अंकों तक पहुंच सके। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, टिम डेविड, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम और सुयश शर्मा। गुजरात टाइटंस (त्ज्ञ)= शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, जेसन होल्डर, राशिद खान, मानव सुथार, कागिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज।

# निर्भय संकल्प की शक्ति



जर्मनी के ऑटोलिलियंता नामक वैज्ञानिक इस बात को स्वीकार करने को तैयार नहीं हुए कि आदमी उड़ नहीं सकता। उन्होंने पहले पहल उड़ने वाले यंत्र को रूप दिया। इस खुशी को उन्होंने अपने देशवासियों के साथ बांटना चाहा। इसके लिए एक दिन निश्चित किया गया। ऑटोलिलियंता ने वादा किया कि उस दिन वह सबके सामने उड़कर दिखाएंगे।

जर्मनी के गिरजाघरों के पादरी लोग इस बात से आग-बबूला हो गए। उन्होंने ऑटोलिलियंता की खोज का कड़ा विरोध करते हुए कहा, ह्यकेवल देवता और उनके देवदूत ही आकाश में उड़ सकते हैं। आदमी का उड़ना ईश्वर के विरुद्ध कार्य है।ह्न यही नहीं, नौ साल तक दिन-रात परिश्रम करके ऑटोलिलियंता ने जिस विमान का निर्माण किया था, उसमें आग लगाकर भस्म कर दिया गया। दुनिया के इतिहास में कई धर्मगुरुओं ने कई अवसरों पर इसी तरह का डर दिखाया, क्योंकि वे जानते थे कि ईश्वर के प्रतिनिधि के रूप में खुद को दिखाने का उनका व्यापार ठप्प हो जाएगा। ऑटोलिलियंता हारे नहीं। दोबारा एक विमान के निर्माण में उन्हें चार साल लगे, लेकिन तब तक राइट बंधुओं द्वारा निर्मित विमान आसमान में उड़कर इतिहास बना चुका था।

क्या आदमी उड़ भी सकता है? यदि अपने मन में अविश्वास, डर और संदेह ही पालते रहते, तो क्या ऑटोलिलियंता या राइट बंधु कभी विमान का आविष्कार कर सकते थे? आज टिकट लेकर चंद घंटों में पृथ्वी के एक हिस्से से दूसरे भूभाग में जा पहुंचने का अवसर आपको मिल पाता? क्या आप उठकर चल सकते हैं? इस सवाल के जवाब में आप तपाक से कहेंगे- हां, चल सकते हैं। क्या आप हवा में उड़ सकते हैं? भय के साथ कहेंगे- नहीं। आपके इन दोनों जवाबों का निर्णय करने वाला तत्व आपका पूर्वानुभव है। है न? एक अभिलाषा कल पूरी नहीं हुई, तो वह कभी भी पूर्ण नहीं होगी, यह किस आधार पर निर्णय कर सकते हैं? अमेरिका में हो रही घटनाओं को उसी क्षण देखने की इच्छा किसी के मन में कभी उठी होगी, तो वह तब पूरी नहीं हुई हो, बाद में किसी और ने वैसी तीव्र इच्छा की, तो टेलीविजन मिला। पुराणों में आपने पढ़ा होगा। कोई असुर ईश्वर के प्रति कठिन तपस्या करता, तो उसकी तपस्या भंग करने के लिए देवगण बहुत प्रयास करते थे। आंधी चलती। भारी वर्षा होती। देवलोक से रंभा, उर्वशी जैसी अति रूपवती सुंदरियां उसका ध्यान भंग करने की कोशिश करतीं। कितनी ही बाधाएं आएं, अगर असुर अपनी तपस्या में दृढ़ रहे, तो प्रकृति स्वयं उसके लिए दुर्ग बनकर खड़ी रहती। अंत में वह असुर शिव से मनोवांछित वरदान प्राप्त करके ही लौटता था। जो लोग निर्भय होकर अपने संकल्प में दृढ़ रहे, उन्हें ईश्वर भी नहीं रोक सका।



**सम्पादकीय**

## मतदान का कीर्तिमान

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुआ भारी मतदान सराहनीय है। यह लोगों की जागरूकता और चुनाव आयोग के प्रयासों का फल है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए उमड़ आए। दोनों राज्यों में गुरुवार दोपहर एक बजे तक ही पता चल गया कि मौसम या गर्मी की तगड़ी मार के बावजूद लोग मतदान के लिए निकलेंगे। दोपहर एक बजे तक पश्चिम बंगाल में 62.18 प्रतिशत और तमिलनाडु में 56 प्रतिशत मतदान दर्ज हो चुका था। चुनाव आयोग को जरूर श्रेय देना चाहिए। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के पहले चरण में जो हिंसा देखने को मिली है, वह इशारा करती है कि अगर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं होती, तो हिंसा का पैमाना बहुत बढ़ जाता। खासकर मुर्शिदाबाद से जैसी हिंसा की खबरें आई हैं, उससे चिंता बढ़ती है। कार्यकताओं के बीच जगह-जगह झड़पें देखी गई हैं। बम फेंके जाने से लेकर पीटने और दौड़ाने तक के कृत्य कतई लोकतांत्रिक नहीं कहे जा सकते। टीएमसी और हुमायूं कबीर की एजेयूपी के कार्यकताओं के बीच झड़प खासतौर पर निंदनीय है। मुर्शिदाबाद जिले के नौदा में हुए विस्फोट को हल्के में नहीं लेना चाहिए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से ही नजीर स्थापित होगी।

मुर्शिदाबाद के अलावा कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार पर कथित हमले से भी माहौल तनावपूर्ण हो गया था। भाजपा ने इस हमले के लिए सत्तारूढ़ टीएमसी कार्यकताओं को जिम्मेदार ठहराया है। पश्चिम बंगाल के लिए यह सोचने की बात है कि आखिर वहां ऐसी राजनीतिक हिंसा क्यों होती है? वहां राजनीतिक कार्यकताओं में लोकतांत्रिक संस्कार की इतनी कमी क्यों है? पश्चिम बंगाल आज भी एक ऐसा राज्य है, जहां बड़े पैमाने पर सुरक्षा इंतजाम करने पड़ते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में मतदान लगातार शांतिपूर्ण होता जा रहा है, पर बंगाल में हुई हिंसा साफ संकेत है कि कई राजनीतिक कार्यकर्ता हिंसा या झड़प के लिए पहले से तैयार थे। अब वहां अगले चरण के मतदान के दिन विशेष रूप से सचेत रहने की जरूरत है। वहां तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में मुख्य मुकाबला है। जाहिर है, तृणमूल सत्ता को अपने पास रखना चाहती है, तो भाजपा उस पर कब्जा करने को आतुर है। एक आशंका यह भी है कि मतदान और मतगणना के बाद भी वहां हिंसा होगी। सुरक्षा बलों को इन आशंकाओं के मद्देनजर मुस्तैद रहना होगा। यह पुरानी धारणा है कि पश्चिम बंगाल में जो भी सत्ता में रहता है, वह अराजक तत्वों को संरक्षण देता है।

**[प्रसंगवश 25 अप्रैल: विश्व मलेरिया दिवस]**

# जनभागीदारी से जनविजय – मलेरिया उन्मूलन का मार्ग

जब दुनिया स्वास्थ्य के एक अहम मोड़ पर खड़ी है, तब 25 अप्रैल-विश्व मलेरिया दिवस चेतावनी और संकल्प दोनों का संदेश देता है। इस वर्ष का थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा। स्पष्ट चुनौती है। एनोफिलीज मच्छर अब भी हर साल लाखों परिवारों को प्रभावित करता है।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 28.2 करोड़ मामले और 6.10 लाख मौतें दर्ज हुईं, जिनमें 94-95 प्रतिशत बोझ अफ्रीकी क्षेत्र पर है। फिर भी प्रगति उल्लेखनीय है : 2000 के बाद से अब तक 230 करोड़ मामले और 1.4 करोड़ मौतें टलीं। 2024 में अकेले 1 मिलियन जीवन बचे और 47 देश तथा एक क्षेत्र मलेरिया-मुक्त घोषित हो चुके हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि मानवीय साहस और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण हैं। जलवायु परिवर्तन और दवा-प्रतिरोध के बावजूद विज्ञान उम्मीद जगा रहा है-यह लड़ाई जीती जा सकती है, यदि संकल्प दृढ़ और प्रयास सतत रहें।

विश्व पटल पर मलेरिया आज भी गरीबी और असमानता का सबसे कड़ा सच है। 2024 में उप-सहारा अफ्रीका में 26.5 करोड़ मामले और लगभग 5.79 लाख मौतें हुईं। एथियोपिया, मेडागास्कर और यमन जैसे देशों में मामलों में उछाल देखा गया। फिर भी दक्षिण-पूर्व एशिया में सुधार जारी है। भारत ने 2017-2023 में मामले 69 प्रतिशत घटाकर 20 लाख किए, मौतें 68 प्रतिशत कम कीं (2015 से कुल लगभग 80 प्रतिशत कमी)। 2024 में भारत हाई बर्डन हाई इम्पैक्ट समूह से बाहर निकलकर लक्ष्य-सिद्धि का उदाहरण बना। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा दीदियां और नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम जैसे प्रयासों ने यह बदलाव रचा। जलवायु परिवर्तन, दवा-प्रतिरोध, बढ़ता शहरी जलजमाव और फंडिंग की कमी चुनौतियां बनी हुई हैं। अब समय है पुरानी रणनीतियों को नई तकनीक से जोड़ने का।





भारत की सफलता-प्रेरणा का सशक्त स्रोत। आदिवासी अंचलों से महानगरों तक मच्छरदानी वितरण, लावीसाईडिंग और त्वरित निदान ने ठोस प्रभाव डाला। 2025 के आँकड़ों में अधिकांश जिलों में स्थानीय संक्रमण नियंत्रित है; 160 से अधिक जिलों ने 2022-2024 के बीच शून्य स्वदेशी मामले दर्ज किए। लक्ष्य स्पष्ट-2027 तक शून्य स्वदेशी मामले और 2030 तक मलेरिया मुक्त भारत। यह केवल सरकार नहीं, हर गाँव, हर स्कूल, हर परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा स्वयंसेवक ड्रोन से लार्वा नियंत्रण कर रहे हैं, ऐप के माध्यम से लक्षणों की सटीक रिपोर्टिंग हो रही है। जब एक देश इतनी तीव्र गति से आगे बढ़ सकता है, तो दुनिया क्यों नहीं? भारत का मॉडल अब अफ्रीकी देशों के लिए प्रेरक मार्गदर्शक बन रहा है।

सबसे सशक्त कवच-रोकथाम ही किफायती और असरदार उपाय है। मच्छरदानी, इनडोर स्प्रेइंग, स्वच्छता और समय पर जांच-इलाज से 80 प्रतिशत तक मामले रोके जा सकते हैं। नई वैक्सीन आरटीएस, एस और आर-21 बच्चों में गंभीर मलेरिया को काफी हद तक घटा रही हैं-आर-21 ने मौसमी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत तक प्रभावशीलता दिखाई है, जबकि दोनों वैक्सीन मिलाकर मौसमी केमोप्रिवेंशन के साथ 75 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती हैं। जीन एडिटिंग, अगली पीढ़ी के कीटनाशक और ड्यूल-एक्टिव इंसेक्टिसाइड ट्रीटेड नेट्स प्रयोगशालाओं से निकल रहे हैं। पर ये साधन तब तक निष्प्रभावी हैं, जब तक अंतिम व्यक्ति तक न पहुंचें। ग्रामीण भारत में अब भी कई जगह जागरूकता की कमी है। स्कूलों में मलेरिया शिक्षा अनिवार्य करनी होगी। हर घर में मच्छरदानी, हर जलस्रोत स्वच्छ-यही छोटे कदम बड़े बदलाव लाएंगे।

इस जंग के असली प्रहरी-समर्पित स्वास्थ्यकर्मी हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में डटे हैं। अफ्रीका के सुदूर गांवों से भारत के दुर्गम जंगलों तक वे जोखिम उठाकर निरंतर काम कर रहे हैं। सरकारों को अब बजट दोगुना करना होगा, निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से शोध में जोड़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और सशक्त बनाना अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन मच्छरों का दायरा बढ़ा रहा है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण भी मलेरिया नियंत्रण का अहम हिस्सा बन गया है। जब हम सब मजबूती से एकजुट होंगे, तभी यह लड़ाई निर्णायक रूप से जीती जा सकेगी। अब हर नागरिक की भूमिका निर्णायक और अनिवार्य बन चुकी है। क्या आपने अपने घर के आसपास जलजमाव पूरी तरह रोका? क्या बच्चों को बचाव के प्रभावी तरीके सिखाए? क्या अपने इलाके में सक्रिय जागरूकता अभियान चलाया? छोटे-छोटे कदम-पुराने टायर हटाना, गमलों का पानी नियमित बदलना, मच्छरदानी का सही उपयोग-मिलकर महामारी की रफ्तार थाम सकते हैं। सोशल मीडिया पर प्रमाणिक जानकारी फैलाएं, स्थानीय नेतृत्व से ठोस और त्वरित कदमों की मांग करें। जब हर व्यक्ति सजग और जिम्मेदार बनेगा, तभी मलेरिया का नामोनिशान मिटेगा।

समय का यह निर्णायक मोड़ हमें पुकार रहा है-25 अप्रैल अब महज एक दिन नहीं, परिवर्तन का सशक्त बिगुल है। ह्लअब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगाह्व केवल नारा नहीं, सामूहिक संकल्प और प्रतिबद्धता बने। एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहाँ कोई बच्चा मलेरिया से न मरे, कोई माँ अपने बच्चे को खोकर न रोए। भारत इस दिशा में ठोस और निरंतर कदम बढ़ा चुका है। अब पूरी मानवता को इसी पथ पर संगठित होकर आगे बढ़ना है। आइए, मिलकर मलेरिया को इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज कर दें-ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इसे सिर्फ पढ़ें, कभी सहें नहीं।

# अदालतों की तारीख

बंसीलाल ने जब अपने पड़ोसी पर दीवार गिराने का मुकदमा दर्ज किया था, तब उनके सिर पर काले बाल थे और आंखों में तेज था। आज पैंतालीस साल बाद, जब वे अदालत की सीढ़ियां चढ़ रहे थे, तो उनके हाथ में लाठी थी और आंखों में मोतियाबिंद का धुंधलका। जज साहब ने चश्मा ठीक किया और फाइल के पन्ने पलटते हुए बोले, हम्म... बंसीलाल बनाम रामगुलाम। रामगुलाम का क्या हुआ? वकील ने जवाब दिया, हुजूर, वे तो बीस साल पहले ही स्वर्ग सिधार गए, अब उनका पोता केस लड़ रहा है। जज साहब ने दूसरी तारीख देते हुए कहा, अगली सुनवाई 2045 में होगी, क्योंकि अभी 'जरूरी' केसों की लिस्ट लंबी है। बंसीलाल ने कांपती आवाज में पूछा, हुजूर, क्या तब तक मैं जीवित रहूंगा? जज साहब मुस्कुराए, यह कानून की चिंता नहीं है बंसीलाल, यह बायोलॉजी का विषय है। बंसीलाल अदालत के बाहर निकले और पास के पेड़ के नीचे बैठ गए। उन्होंने देखा कि उनकी दीवार तो अब ढहकर मिट्टी बन चुकी है, और वहां एक विशाल मॉल खड़ा हो गया है। वकील साहब पीछे से आए और बोले, चिंता मत करो बंसीलाल, मैंने आपकी 'अगली सात पीढ़ियों' का वकालतनामा साइन करवा लिया है। न्याय भले ही न मिले, पर 'तारीख' कभी खत्म नहीं होगी। बंसीलाल को अचानक ययाति की याद आई, जिसने अमरता मांगी थी। उन्हें लगा कि भारत में न्याय पाने के लिए अमर होना सबसे पहली शर्त है। वे घर लौटे और अपने पोते को वसीयतनामा थमाया, जिसमें लिखा था- बेटा, दीवार का दुख छोड़ो, बस 'तारीख' का सम्मान बनाए रखना।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 अप्रैल 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:02 सूर्यास्त 18:48
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - नवमी 18:28 उपरांत दसमी
नक्षत्र - अश्लेषा 20:04 उपरांत मघा
योग - गण्ड 23:43 उपरांत वृद्धि
करण - बालव
चन्द्रमा - कर्क में है। 20:04 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 07 तारिख

**मेष-** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**वृषभ-** यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मिथुन-** वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कर्क-** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा।

**सिंह-** कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कन्या-** काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला-** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**धनु-** सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मकर-** घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

**कुंभ-** सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं। नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मीन-** किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**व्यंग्य**

## होमुर्ज के चक्कर में

तेल निकालना एक मुहावरा है, होमुर्ज ने इसे चर्चित कर दिया ईरान इस मुहावरे को पलटने वाला था। इधर ट्रंप साहब भी किसी किसी का तेल बंद करने के चक्कर में थे पर तेल है कि बंद होने की अफवाह के साथ निकलता ही रहा। भला शांति दूतों व इंसानियत के लिए कोई क्या कर सकता है।अफवाह को फैलाने व कारगर करने में हमारे यहां के जन माहिर हैं। वे अफवाहों का पालन पहले करते हैं देश की कहीं हुई बात का बाद में।



भगवती प्रसाद गेहलोत (दैनिक अवन्तिका)

एक बार तड़?के तड़?के मंदसौर से इंदौर के लिए हम निकले रास्ते के पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल भराने की लंबी लंबी लाइने देखी कोई कोई तो ट्रेक्टर ट्राली में नीले ड्रम तक लादे खड़े थे। हमारा ड्रायवर चिंतित होता हुआ बोला, ' ये क्या हो रहा है भाई साहब ? यदि आपनी गाड़ी का तेल खतम हो गया तो समय पर डाक्टर के यहां नहीं पहुँच पहुंच पाएंगे।' मैंने ढांढस बंधाते हुए कहा,

' आप चिंता न करें अपनी गाड़ी में पर्याप्त तेल है। '

यह सुन वह चुप हो गया। रास्ते में देखा कोई जंगल से लकड़ियां बिनकर माथे पर भारी बांधकर ले जा रहा है रहा है तो कोई बाइक पर लकड़ी के गट्ठर, जैसी क्षमता वैसा ईंधन कोई इलेक्ट्रीक चूल्हा खरीदते नजर आ रहा है तो कोई स्कूटी।असंग्रह के सिद्धांत की बात करने वाले अफवाहों का पालन करते हुए सबसे पहले संग्रह करने में लग गए ताकि वस्तु का कृत्रिम अभाव पैदा किया जा सके। अफवाह हमारे यहां फटाफट फैलती है इसमें कमाने वाले कमा जाते हैं अपने वारे - न्यारे कर लेते हैं। हमारे यहां आदमी के पास सोचने विचारने का समय नहीं है इसलिए वह तुरंत प्रतिक्रिया देता है। राष्ट्र क्या कह रहा है यह सुनने की उसे फुर्सत नहीं। किसी की भट्टी बंद हो जाए तो हो जाए। उसे ब्लेक में ही गैस देना है। भेड़ चाल हमारे यहां प्रसिद्ध है, एक गड्डे में गिरी सब गड्ढे में गिर जाएगी। भला कोई क्यों रोके ?

हम भेड़ चाल के अनुयायी है। कौन -सोचे और कौन देखे किसे फुसरत। महाकाल के रास्ते से गुजरते जैसे ही इंदौर की ओर निमार्णाधीन संकड़ी सड़क को पकड़ा कुछ आगे बढ़े ही होंगे की सड़क पर बसों व कारों की लंबी कतार मिली। चालक ने ईमानदारी से कतार में लगी गाड़ी के पीछे लगा दी। सामने से एक टेम्पो आता दिखाई दिया उससे पूछा, 'क्या आगे जाम लग रहा है ? '

' नहीं भाई साहब ये एक किलोमीटर की पेट्रोल पंप की लाईन है।'

चालक ने तुरंत गाड़ी कतार से निकाल कर रास्ते पर ली जाम के चक्कर में वहाँ खड़े ही रहते तो खड़े ही रह जाते। वैसे इंदौर शहर के चौराहे जाम के लिए प्रसिद्ध हैं सायंकालीन जाम की तो बात ही निराली है।. इधर होमुर्ज के चक्कर में लोगों के नीले ड्रम व फुल कराई टंकियां भाप उगलने लगी। अब वे करें भी तो क्या ?

## गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरा

तपती धूप में जलता गगन, धरती जैसे आग,
प्यासे पंछी ढूंढ रहे हैं, जीवन का अनुराग।
सूखे हैं वन, सूनी डाली, नहीं कहीं भी छाँव,
नन्हीं चिड़िया थकी हुई सी, भटके गाँव-गाँव।
ऐसे में तुम सकोरा रख दो, भर दो शीतल जल,
एक बूँद से मिल जाएगा, उनको जीवन संबल।
छत, आँगन या पेड़ के नीचे, छोटा सा उपकार,
तुम्हारी ये नेकी बन जाएगी, उनके लिए संसार।
चहक उठेंगे पंछी सारे, पाकर जल की धार,
तुम्हारे इस छोटे से कर्म से, महके हर संसार।
आओ मिलकर प्रण ये लें हम, करें सदा ये काम,
गर्मी में हर घर रखे सकोरा, यही हो अपना धाम।

\- मुकेश चौरसिया नलखेड़ा

# मलेरिया का खात्मा तो हुआ, फिर भी जन जागरूकता की आवश्यकता है

**25 अप्रैल विश्व मलेरिया दिवस पर विशेष**

मलेरिया की रोकथाम और इससे बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। हम जानें इस रोग के क्या कारण, क्या इतिहास, प्रगति-अवनती क्या है? इसके साथ बचाव के तरीकों के बारे में भी जानना आवश्यक है।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

मलेरिया एक जान लेवा बीमारी है, जो कि संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से फैलती है। संक्रमित मच्छरों में प्लाज्मोडियम परजीवी होते है। जब यह मच्छर काटता है, तो परजीवी आपके खून में मिल आते हैं। ये परजीवी लिवर में पहुंचकर वहीं पर बढ़ते है। यह बीमारी जल जमाव, गंदगी और सड़ते पानी की वजह से होती है। वहीं परिपक्व परजीवी रक्तप्रवाह में प्रवेश करते हैं, और लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करना शुरू कर देते है।

मलेरिया वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनने वाली बीमारी है। देश में मलेरिया के मामले वर्ष 2020 में 45 प्रतिशत और 2021 में 13 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगातार कम हो रही है। इसका कारण भारत देश में मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता मिली है। देश में मलेरिया की ताजा रिपोर्ट दिसम्बर 2025 के अनुसार मलेरिया के मामले पिछले एक दशक से 80 से 85 प्रतिशत की कमी देखी गई। मलेरिया के केस 2015 में 11.7 लाख पाए गए थे, वही 2020 में यह संख्या घटकर करीब 2.27 लाख रह गई थी। वही मलेरिया से होने वाली मौतों में भी भारी गिरावट आई ओर यह आंकड़ा 384 से घटकर लगभग 83 पर पहुंच गया, यूं कहें कि करीब 78 प्रतिशत की कमी हुई।


स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ कहते हैं, कि हर साल मलेरिया के मामलों के चलते पूरे स्वास्थ्य विभाग पर भारी दबाव 'रहता है। इस बीमारी की रोकथाम को लेकर प्रयास किए जाते रहना बहुत आवश्यक है। इस बीमारी में अगर समय पर इलाज न किया जाए तो रोग के गंभीर रूप लेने से मौत का खतरा हो सकता है। वैसे किसी भी मौसम में मच्छरों से मलेरिया हो सकता है, किन्तु बरसात के दिनों में संक्रमण अधिक होता है। इस संक्रमण के बाद इसके लक्षण दिखने में 10-15 दिन को समय लग सकता है। वक्त पर इलाज मिलने पर इस बीमारी को लगभग 2 सप्ताह लग सकते हैं। इस बीमारी की पहचान में कंपकंपी वाली ठंड लगने के साथ बुखार की दिक्कत, सिरदर्द, जी-मिचलाना, उल्टी, पेट मांसपेशियों में दर्द, मल से रक्त के रिसाव की समस्या पैदा हो सकती है। इस तरह बीमारी गंभीर बन जाती है, और यह जानलेवा भी हो सकती है। अब यह है कि मलेरिया के बचाव के लिए प्रयास करना बहुत आवश्यक है। ''खून - रक्त₹ की जाँच से मलेरिया का पता चलता है। तो डाक्टर की सलाह पर इसकी दवा का कोर्स पूरा लेना आवश्यक होता है।

यहाँ स्पष्ट है कि 1897 में कलकत्ता (कोलकाता) के प्रेसीडेंसी अस्पताल में काम करते हुए, डॉ. रोनाल्ड रोस ने मलेरिया के लिए जिम्मेदार एनाफिलीज मच्छर की पहचान की थी। उन्हें 1902 में नोबेल मिला था। डॉ. रोनाल्ड ने पूर्ण परीक्षण करके यह मलेरिया की बीमारी सिद्ध की। उन्होंने बताया कि 10 से 15 मीटर दूरी पर मच्छर हमारे द्वारा छोड़ी गई- डाई आक्साइड से हमारा पता लगा लेते है। बीमारी की रोकथाम तो हो रही है, किन्तु जन- जागरुकता कि लिए यह दिवस मनाया जाता है। क्योंकि वर्ष 2030 तक भारत से मलेरिया को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य रखा है।

**धर्म-आस्था**

# स्वाद में छिपा मोक्ष : बनारस की गलियों का अनोखा दर्शन

कहा जाता है कि काशी केवल आस्था का नगर नहीं, बल्कि अनुभव का भी नगर है। यहाँ ज्ञान भी मिलता है, भक्ति भी और जीवन का सहज दर्शन भी। इस बार एक विदेशी भोजन समीक्षक बनारस पहुँचा, जिसका मानना था कि मोक्ष केवल दर्शनशास्त्र का विषय है, उसका भोजन से कोई संबंध नहीं। वह अपने साथ चाँदी का चम्मच, मापने के उपकरण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण लेकर आया था। उसका उद्देश्य था-यह सिद्ध करना कि स्वाद और आध्यात्मिकता का मेल केवल एक कल्पना है।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

जैसे ही वह गोदौलिया की एक प्रसिद्ध दुकान पर पहुँचा, उसने देखा कि हलवाई तपती कड़ाही के सामने खड़ा है, माथे पर पसीना, हाथों में आटा, और सामने खौलता तेल। विदेशी अतिथि ने भौंहें सिकोड़ते हुए सोचा कि यह व्यवस्था तो किसी भी मानक पर खरी नहीं उतरती। परंतु हलवाई ने मुस्कराते हुए गरमागरम कचौड़ी और हींग की सब्जी पत्तल में रख दी।

पहला निवाला मुँह में जाते ही उसके चेहरे का भाव बदल गया। तीखेपन ने उसकी आँखों में नमी ला दी, परंतु उसी क्षण उसके चेहरे पर एक अनोखी प्रसन्नता भी झलकने लगी। उसने चाँदी का चम्मच जेब में रखा और हाथ से भोजन करने लगा। उसके भीतर का तर्क मानो धीरे-धीरे पिघलने लगा। उसने अपनी डायरी में लिखा कि यहाँ भोजन केवल पेट भरने के लिए नहीं, बल्कि अहंकार को त्यागने का माध्यम है।



दोपहर को वह टमाटर चाट की दुकान पर पहुँचा। ऊपर से डाले गए घी की परत देखकर उसने मन ही मन कैलोरी का हिसाब लगाना चाहा, पर दुकानदार ने सहज भाव से दोना उसके हाथ में थमा दिया। जैसे ही उसने चाट का स्वाद लिया, उसके चेहरे पर विस्मय उभर आया। खट्टे-मीठे और मसालेदार स्वाद का संगम उसे एक नए अनुभव में ले गया। उसे लगा कि स्वाद की यह विविधता ही जीवन का सार है। उसने लिख लिया कि मोक्ष कोई दूर का लक्ष्य नहीं, बल्कि उस क्षण में छिपा है जब स्वाद और अनुभूति एक हो जाएँ।

शाम होते-होते उसे असली आश्चर्य तब हुआ जब उसने हल्की और झागदार मिठाई का स्वाद लिया। उसे लगा जैसे हवा का कोई टुकड़ा मिठास में बदलकर जीभ पर उतर गया हो। उसने अनुभव किया कि साधारण सामग्री से भी असाधारण आनंद उत्पन्न हो सकता है। उसे लगा कि यही भारतीय परंपरा का सार है-सादगी में गहराई और सहजता में आध्यात्मिकता।

दिन ढलने पर वह पान की दुकान पर पहुँचा। पान मुँह में रखते ही उसकी आँखें बंद हो गईं। वह कुछ क्षणों के लिए मौन हो गया। उसके भीतर एक शांति का भाव उमड़ा। उसे लगा कि यह केवल स्वाद नहीं, बल्कि जीवन की थकान को मिटाने वाला अनुभव है।

अगले दिन वह घाट पर बैठा था, हाथ में कुल्हड़ की चाय और चेहरे पर संतोष। उसने स्वीकार किया कि वर्षों तक उसने महँगे भोजन और आलीशान स्थानों का अनुभव किया, परंतु जो आत्मीयता और सहज आनंद उसे यहाँ मिला, वह कहीं और नहीं मिला। उसने कहा कि यहाँ हलवाई केवल भोजन नहीं बनाता, बल्कि जीवन की सरलता का संदेश देता है।

यह प्रसंग हमें एक महत्वपूर्ण बात समझाता है। आधुनिकता के दौर में हम स्वच्छता, मापदंड और बाहरी आकर्षण को ही सर्वोपरि मान लेते हैं, परंतु स्वाद का असली आनंद आत्मीयता और परंपरा में छिपा होता है। बनारस की गलियों का भोजन हमें यह सिखाता है कि जीवन की सबसे बड़ी संतुष्टि सादगी में है।

जब तक हम स्वाद को केवल पेट की आवश्यकता समझते हैं, तब तक वह सामान्य अनुभव रहता है। परंतु जब उसमें संस्कृति, परंपरा और अपनापन जुड़ जाता है, तब वही स्वाद आध्यात्मिक अनुभव बन जाता है।

काशी की गलियाँ इसी दर्शन का प्रतीक हैं-जहाँ कचौड़ी में अपनापन है, चाट में उल्लास है, मिठाई में सादगी है और पान में विराम का संदेश। यहाँ भोजन केवल स्वाद नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव है।

शायद यही कारण है कि बनारस का हर निवाला यह कहता है-ज्ञान बाद में, पहले अनुभव करो; क्योंकि कभी-कभी मोक्ष ग्रंथों में नहीं, बल्कि मिट्टी की पत्तल में परोसे गए एक साधारण निवाले में भी मिल जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,479 रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,50,500 पाट- 2,49,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## एफएसडब्ल्यू से जिला चिकित्सालय में जन जागरूकता कार्यक्रम

**शाजापुर।** चलित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (फूड सेफ्टी ऑन व्हील) के द्वारा जिला चिकित्सालय शाजापुर में एनआरसी तथा मरीजों को शासन द्वारा प्रदाय निःशुल्क दलिया, दूध, भोजन, बिस्किट्स नाश्ता सामग्री की जांच कर कैंटीन संचालित करने वाले स्टाफ सहित निगरानी डॉक्टर मरीजों को खाद्य साम्रगी के उचित रख रखाव, संग्रहण, व्यक्तिगत स्वच्छता, पैक खाद्य सामग्री के लेबल पढ़ने, दैनिक उपभोग की सामग्री तेल, घी, मिर्ची, मसाले, सौंफ के जांच के घरेलू टिप्स दिए गए। इस दौरान मौजूद जनसमुदाय को प्रतिदिन की डाइट में मैदा, नमक, तेल तथा शक्कर के उपयोग को कम करने की सलाह दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि खाद्य सामग्री को दवाई के रूप में सेवन कर बिना औषधि के भी इलाज संभव है। नमक तेल एवं चीनी के कम से कम मात्रा सेवन से असंचारी रोग (एनसीडी)- हार्ट अटैक, हाइपर टेंशन, बी पी, डायबिटीज, एनीमिया आदि को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर केएल कुम्भकार, केमिस्ट महेश चौधरी, आरएमओ गोविंद पाटीदार, एमओ सचिन नायक, राकेश आर्य उपस्थित थे।

## भाजपा की महिला मोर्चा ने इंडी गठबंधन का पुतला किया दहन




**गुना।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार जन आक्रोश रैली एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाशक्ति शामिल हुई। विशाल जन आक्रोश रैली के उपरांत कांग्रेस और इंडी गठबंधन का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, भिंड जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, गुना जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका लुंबा, नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, श्रीमती सुनीता नाटानी, कुसुमलता कुशवाह, गोमती ओझा, सुश्री गायत्री भील, श्रीमती शांति जोगी आदि उपस्थित रहे।

## दिनदहाड़े दुकान से मीठे तेल की केन चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद



**सुसनेर।** नगर के रतन श्री मार्टरतन से लोहार दरवाजा क्षेत्र में स्थित एक दुकान से दिनदहाड़े एक युवक मीठे तेल की केन उठाकर ले गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार युवक मौके का फायदा उठाकर दुकान से तेल की केन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार ने फुटेज के आधार पर युवक की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। वहीं पुलिस को सूचना दिए जाने की बात भी सामने आ रही है, जिससे आरोपी की तलाश की जा रही है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1- कोमलसिंह पिता श्री जीवनसिंह जाति आंजना 2- श्रीमती संजूबाई पति श्री कोमलसिंह जी जाति आंजना निवासीगण ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन के पृथक पृथक स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 220/2/1/2/2/1/1/1/1 रकबा 1.015 हैक्टर, सर्वे नंबर 220/2/2 रकबा 0.2000 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.215 हैक्टर स्थित ग्राम चिंतामण जवासिया, प.ह.नं. 85 तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 24-04-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606**

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**
**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# शिवघाट का लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ

## नगर पालिका उपाध्यक्ष वर्मा ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**

नगर के वार्ड क्रमांक 6 में चामला नदी किनारे स्थित शिवघाट स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र है। शिवघाट पर दर्शनार्थियों को बेहतर अनुभव मिले इसके लिए शासन द्वारा विशेष निधि से 75 लाख रुपए से घाट पर लाल पत्थर लगाकर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य का निरीक्षण गुरुवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा के साथ इंजीनियर मनोज घोष, उपयंत्री विनोद पोरवाल ने किया और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा ने बताया कि शिवघाट स्थित प्राचीन नवग्रह मंदिर स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र है। यहां कार्तिक पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में महिलाएं दीपदान करने पहुंचती है। नगर पालिका द्वारा यहां बगीचे का निर्माण भी कराया जा रहा है।

**समन्वयक एवं घुमंतु परियोजना के नोडल अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा**

# आदर्श ग्राम मोहना का निरीक्षण, विकास कार्यों की समीक्षा एवं संवाद

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर**




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, राज्य कार्यालय भोपाल के संभाग समन्वयक एवं घुमंतु परियोजना के नोडल अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया विकासखंड अंतर्गत चयनित आदर्श ग्राम मोहना का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में संचालित विभिन्न विकास गतिविधियों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। मो. बडोदिया प्रभारी ब्लाक समन्वयक बसंत रावत ने बताया कि भ्रमण के दौरान श्रीवास्तव ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था ह्यअस्मिता वेल्फेयर सोसायटीह्ल द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम में किए गए दीवार लेखन, जागरूकता संदेशों एवं दोनों संस्थाओं के लगाए गए सूचना बोर्ड का भौतिक सत्यापन करते हुए कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने इन गतिविधियों को ग्राम विकास के लिए उपयोगी बताते हुए निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम के समग्र विकास, जनभागीदारी, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए ग्राम में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि कृपालसिंह राजपूत, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य महेश, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दीपक, विष्णु भगवान सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर ग्राम को आदर्श बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

**यहां भी किया निरीक्षण**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय भोपाल संभाग समन्वयक एवं घुमंतु परियोजना के नोडल अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा शाजापुर जिले के आदर्श ग्राम मटेवा का भ्रमण किया गया। इस दौरान नवांकुर संस्था कृषि जगत प्रणाली के अध्यक्ष दिनेश कलमोदिया द्वारा ग्राम में संचालित विभिन्न विकास कार्यों, जनभागीदारी गतिविधियों एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का अवलोकन कराया गया। साथ ही ग्राम के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।



**जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष**

## मोहन नागर का स्वागत जल संवर्धन कार्यों की सराहना की

**कानड़।** बुधवार को आगर जल गंगा संवर्धनह्ल कार्यक्रम में शामिल होने सारंगपुर से आगर जाते समय मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) मोहन नागर का कानड़ में आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा के निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उन्हें फूलमालाओं से अभिनंदन कर गुलदस्ता भेंट किया गया।इस अवसर पर नवा अंकुर समिति के श्याम पाटीदार, गोविंद राजपूत ,कमल सिंह सोनगरा सहित नगर विकास समिति के डॉ देवनारायण गौड़, डी.एस. आर्य, नरेंद्र नागर , और आशीष शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भी नागर का स्वागत कर सम्मान किया।

कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। इसमें प्रमुख रूप से पानी की प्याऊ व्यवस्था, बोरी बंधान के माध्यम से तालाब संरक्षण, पुराने जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी साझा की गई। उपाध्यक्ष मोहन नागर ने समिति द्वारा किए जा रहे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास जल संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टिकाएं लगाकर दिया सुरक्षा का संदेश

**कानड़।** रात्रि के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सामाजिक सेवा संकल्प अभियान ह्लयुवा संसदह्ल के सदस्यों ने सराहनीय पहल करते हुए मंडी में आए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम पट्टिकाएं लगाईं। मंडी प्रांगण में आयोजित इस अभियान में युवा संसद संयोजक एलडीपीओ इंदौर गोकुल सिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, पार्षद दरबार सिंह आर्य, थाना प्रभारी आर.के. दांगी एवं सीएमओ शिव सिंह चौहान, ईश्वर सिंह सुरजनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मंडी में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टिकाएं लगाईं और किसानों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

थाना प्रभारी आर.के. दांगी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम पट्टिका लगाने से रात्रि में पीछे से आने वाले वाहनों को दूर से ही संकेत मिल जाता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका कम हो जाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर सुरक्षा के ऐसे उपाय जरूर अपनाएं।युवा संसद संयोजक गोकुल सिंह सिसोदिया ने कहा कि संस्था द्वारा यह अभियान लंबे समय से चलाया जा रहा है। वर्तमान में फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहे किसानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष पहल की जा रही है।उन्होंने बताया कि युवा संसद वर्षभर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहती है, जिसमें निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन, किताबों का वितरण, जरूरतमंदों को स्वेटर उपलब्ध कराना एवं निर्धन विद्यार्थियों को शिक्षा में सहयोग देना शामिल है।

# उप डाकघर में आज लगेगा विशेष आधार शिविर, एक ही छत के नीचे होंगे सारे सुधार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर**

आधार कार्ड आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। बच्चों के स्कूल प्रवेश से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तक, हर जगह इसकी जरूरत होती है। नागरिकों की इसी जरूरत और सुविधा को देखते हुए डाक विभाग द्वारा कल 25 अप्रेल शनिवार को सुसनेर उप डाकघर में एक वृहद आधार अपडेशन एवं नामांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान सुबह 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगा। इस शिविर की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें बच्चों का आधार पंजीकरण पूरी तरह से निशुल्क किया जाएगा। वर्तमान में स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश सहित विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी दस्तावेजों में आधार की अनिवार्यता को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों को आधार में संशोधन की आवश्यकता पड़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग द्वारा यह पहल की जा रही है, ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं सुलभता से मिल सकें।

**शिविर में मिलने वाली सुविधाएं**

अभियान के दौरान नागरिक अपने आधार कार्ड में निम्नलिखित सुधार/ अपडेट करवा सकेंगे।

- नाम और पता सुधार
- जन्मतिथि में संशोधन
- मोबाइल नंबर अपडेट
- बायोमेट्रिक जानकारी (फोटो, फिंगरप्रिंट, आईरिस स्कैन)

यह सभी सेवाएं भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेंगी। उप डाकघर प्रबंधन द्वारा इस अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग कम समय में इसका लाभ उठा सकें। सब पोस्टमास्टर धर्मचंद गोयल ने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुँचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। सुधार के लिए अपने साथ मूल दस्तावेज जैसे मार्कशीट, निवास प्रमाण पत्र या वोटर आईडी जरूर लाएं।

**बच्चों के लिए यह है आवश्यक दस्तावेज**

शिविर में बच्चों के पंजीकरण के लिए निम्नलिखित मूल दस्तावेजों को साथ लाना अनिवार्य है:
1-बच्चे का मूल जन्म प्रमाण पत्र।
2-माता या पिता में से किसी एक का मूल आधार कार्ड।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री मनीष भोला पिता श्री भजनलालजी भोला निवासी 17. बक्तावर मार्ग फ्रीगंज उज्जैन के स्वामित्व का गृह क्रमांक 17 स्थित बक्तावर मार्ग माधवनगर फ्रीगंज उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन श्री मनीष भोला को अपने पिता श्री भजनलाल भोला पिता बरकतरामजी भोला द्वारा पंजीयन कमांक पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित MP432022018/3520177 दिनांक 23.07.2018 द्वारा श्री भजनलालजी भोला की मृत्यु उपरांत प्राप्त हुआ है तथा नगर निगम उज्जैन में श्री मनीष भोला का वसीयतनामे के आधार पर श्री भजनलाल भोला के स्थान पर नामांतरण स्वीकृत हुआ है।

श्री भजनलाल भोला को उक्त संपत्ति अपने पिता श्री बरकतरामजी पंजाबी से प्राप्त हुई थी तथा श्री बरकतरामजी पंजाबी द्वारा उक्त भवन के आगे का भाग जर्ये विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 2196 दिनांक 20.12.1961 को विक्रेता रामगोपाल पिता हरदेवदासजी साबू निवासी उज्जैन से कय किया गया था तथा पारिवारिक विभाजन में उक्त भवन श्री भजनलालजी भोला को प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार उक्त भवन के पीछे का भाग श्री भजनलालजी भोला द्वारा जर्ये पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 3304 दिनांक 20.11.1967 को श्री रामगोपाल पिता हरदेवजी साबू निवासी उज्जैन से क्रय किया गया था।

श्री मनीष भोला पिता भजनलालजी भोला निवासी उज्जैन द्वारा अपनी उक्त संपत्ति को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उज्जैन में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदन किया है। अतएव यदि उक्त संपत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था, निजी ऋणदाता का किसी प्रकार से हित, स्वत्व, अधिकार हो या उक्त संपत्ति के संबंध में किसी न्यायालय में न्यायीक या पारिवारिक विवाद विचाराधिन हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में अथवा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उज्जैन में आकर आपत्ति करें अन्यथा बैंक उक्त ऋण को स्वीकृत करने में अग्रसर होगा जिसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। दिनांक 24/04/2026

**अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट**
**बड़नगर, जिला उज्जैन**
**मो.न. 9424870281**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अनिल कुमार पटेल पिता श्री रामप्रसाद निवासी-नीम चौक, ग्राम बिजलपुर तह. व जिला इन्दौर व मनीष कुमार पिता कमल किशोर निवासी-12, तेजाजी चौक वार्ड 11, सांवेर जिला इन्दौर के सहस्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 825/2 (S) रकबा 0.1700 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 826/2/2 (S) रकबा 0.0300 हेक्टेयर सर्वे क्रमांक 831 (S) रकबा 0.5000 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 832/2/2 (S) रकबा 0.5200 हेक्टेयर कुल किता 04 कुल रकबा 1.2200 हेक्टेयर ग्राम टंकारिया पंथ तह. व जिला उज्जैन में स्थित को मय तल लगायत हवाई हक सहित का सोदा कर टोकन राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा जाहिर सूचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन में बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-24.04.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स**
**पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

## हादसे में हाथ गंवाने वाली महिला को 29.51 लाख मुआवजे के आदेश

**ट्रक ने स्कूटी को मारी थी टक्कर**

**शुजालपुर।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होकर अपना हाथ गंवाने वाली महिला को मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण ने 29 लाख रुपए से अधिक की क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिए हैं। अधिकरण ने बीमा कंपनी को 29,51,462 रुपए के साथ आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अदा करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रकरण के अनुसार 29 फ रवरी 2024 को दोपहर करीब 2.30 बजे आवेदिका रेखा कुंभकार निवासी भोपाल हाल मुकाम रायकनपुरा शुजालपुर सिटी पीपुल्स हॉस्पिटल से ड्यूटी कर स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह बेस्ट प्राइस तिराहे के पास पहुंचीं तभी भानपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 8793 के चालक जैद अली ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेखा कुंभकार सड़क पर गिर गईं और ट्रक का पहिया उनके हाथ पर चढ़ गया। गंभीर चोट के कारण उनका हाथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे बाद में ऑपरेशन कर काटना पड़ा। घटना के बाद पीड़िता की ओर से अधिवक्ता महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत द्वारा मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर में क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर सपना पोर्ते ने प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए बीमा कंपनी को उक्त राशि भुगतान के आदेश पारित किए।

## इंडस्ट्रियल एरिया से लोहा चोरी करने वाले गिरफ्तार



**देवास।** औद्योगिक थाना पुलिस ने गुरुवार को कंपनी से लोहा चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 20 अप्रैल को हुई चोरी के मामले में की गई। मामले में, शिखजीर्धाम निवासी सतीश पिता शंकरलाल बैंडवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह देवास के इंडस्ट्रियल एरिया नंबर 1 स्थित श्री निवास बोर्ड एंड पेपर प्राइवेट लिमिटेड का संचालन करते हैं। 20 अप्रैल की रात को उनकी कंपनी से लोहे का सामान चोरी हो गया था। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर औद्योगिक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने दो आरोपियों, शेरसिंह पिता झुझार सिंह पंवार (38) और विशाल पिता मिश्रीलाल पाटीदार (19), दोनों निवासी सर्वोदयनगर, देवास को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया लोहे का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस आगे की पूछताछ कर रही है।

**दो दिन पहले हुआ पेपर, 35 छात्र रह गए वंचित**

## टाइम टेबल बदलाव से गड़बड़ी, प्राचार्य बोले-पुनः परीक्षा का प्रयास करेंगे

**देवास।** देवास के केपी कॉलेज में बीए फाइनल ईयर के 35 से अधिक छात्र विश्वविद्यालय की लापरवाही के चलते परीक्षा देने से वंचित रह गए। शुक्रवार, 24 अप्रैल को जब छात्र परीक्षा देने कॉलेज पहुंचे, तब उन्हें पता चला कि इंडियन फॉरेन पॉलिसी सहित अन्य विषयों का पेपर 22 अप्रैल को ही हो चुका है। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय ने परीक्षा का टाइम टेबल बीच में अपडेट कर दिया था, लेकिन इस बदलाव की सूचना अधिकांश विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पाई। कॉलेज प्रबंधन की ओर से भी छात्रों को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। अधिकांश छात्र फरवरी में जारी पुराने टाइम टेबल के अनुसार ही तैयारी करते रहे और 24 अप्रैल को परीक्षा देने पहुंचे। भौंरासा की छात्रा पायल कुमावत ने बताया कि उन्हें किसी भी माध्यम से बदलाव की सूचना नहीं मिली थी। छात्रों का कहना है कि परीक्षा छूटने के कारण अब उन्हें सप्लीमेंट्री देना पड़ेगा। बीए थर्ड ईयर के छात्र पीयूष बीसे ने बताया कि अगर टाइम टेबल बदला गया था, तो इसकी जानकारी समय पर दी जानी चाहिए थी।

In The Court Of Civil Judge Class-I Shujalpur,
District Shajapur Presiding Officer :
**श्री राम अचल पाल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MJC SUC/0000001/2026)
**रतनसिंह ----वादी**
**Vs**
**भारतीय स्टेट बैंक शाखा अकोदिया---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 24/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) आम जनता अकोदिया तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर
पता-अकोदिया तहसील जिला शाजापुर

यह कि प्रार्थी रतन सिंह ने आपके विरूद्ध धारा 373 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 02 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राम अचल पाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला शाजापुर (म.प्र.)**
**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# धोबी चौराहा स्थित पटेल गार्डन में भड़की आग, बड़ा हादसा टला

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



गर्मी के दिनों में आगजनी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। इसी बीच शहर के व्यस्त इलाके धोबी चौराहा स्थित पटेल गार्डन में अचानक आग भड़कने से हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जनहानि नही हुई। हालांकि, इस अग्निकांड में गार्डन में रखा टेंट का भारी सामान और दर्जनों कुर्सियां जलकर राख हो गईं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में आग फैलने का खतरा टल गया। जानकारी के अनुसार, पटेल गार्डन में शुक्रवार दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच अचानक धुएं का गुबार उठता देखा गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। बीच शहर में आग की लपटें देखकर इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को बिगड़ता देख आसपास मौजूद जागरूक नागरिकों ने तुरंत पुलिस की डायल 112 सेवा को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की एफआरवी टीम चंद मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच गई। टीम में शामिल पायलट विजय नागोर और आरक्षक रवि केलकर ने बिना समय गंवाए स्थिति का जायजा लिया और भीड़ को सुरक्षित दूरी पर किया। इसके साथ ही उन्होंने तत्काल नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया।

**शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है कारण**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में आग लगने की मुख्य वजह शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। फिलहाल गार्डन संचालक के साथ मिलकर आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## गुंदल्ड़या जोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**शाजापुर।** जिले के गुंदल्ड़या जोड़ के समीप एक सड़क दुर्घटना सामने आई है, जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को संभाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में माकड़ोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कड़ोदिया बामनिया की रहने वाली माया (18) पति दीवान और 17 वर्षीय किशोर अरुण पिता राजू भाई (निवासी कड़ोदिया) घायल हुए हैं। इनके अलावा, गोविन्द पिता रामदयाल गुर्जर को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

## खाद्य विभाग ने दो डेयरियों से लिए घी और दूध के सैंपल

**शाजापुर।** शहर में अमानक स्तर की खाद्य सामग्रियों के विक्रय पर रोक लगाने और मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में है। कलेक्टर ऋजु बाफना के कड़े निर्देश और अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने शहर में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने देव नारायण दूध भंडार और वृंदावन दूध डेयरी पर कार्रवाई करते हुए घी व दूध के सैंपल लिए। विभागीय जानकारी के अनुसार, विगत खाद्य सुरक्षा दल ने शहर की इन दोनों डेयरियों की जांच की। टीम ने देव नारायण दूध भंडार से घी तथा वृंदावन दूध डेयरी से भैंस के दूध के सैंपल संग्रहित किए। इन दोनों नमूनों को विधिवत सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने और विवेचना के आधार पर ही संबंधितों पर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## भगवान चित्रगुप्त का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकटोत्सव

**शाजापुर।** कायस्थ समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्तजी महाराज का प्राकट्योत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय लालपुरा स्थित कायस्थ समाज की धर्मशाला में मनाया गया। इस मौके पर समाज की प्रतिभावान बालिका पायलट छवि सक्सेना का सामाजिक स्वागत अभिनंदन किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष व सचिव कायस्थ समाज शाजापुर दीपक निगम ने बताया कि इस दौरान भगवान चित्रगुप्त के मंदिर पर आकर्षक विद्युत साजसज्जा एवं पुष्पसज्जा की गई थी। प्रभुश्री चित्रगुप्तजी का विशेष सामूहिक पूजन अर्चन किया गया इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही आने वाले वित्तीय वर्ष को लेकर समाज द्वारा उपयोगी सुझावों एवं नए कायाकल्पों के बारे में विचार किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज अध्यक्ष सोमप्रकाश श्रीवास्तव वरिष्ठ डॉ. राजेंद्र सक्सेना, नूतन माथुर, शशांक श्रीवास्तव, राजेश सक्सेना, अजय सक्सेना, मनोहर श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, अरविंद भटनागर, योगेंद्र, पंकज सक्सेना, आशीष सक्सेना, अनिल माथुर, मनोहर श्रीवास्तव, देवी प्रसाद सक्सेना, हेमंत सक्सेना, आलोक माथुर, मयंक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष मौजूद थे।

## पुस्तक घर से सजी ज्ञान की पाठशाला

**शुजालपुर।** विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को पुस्तक घर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने न सिर्फ पुस्तकों के प्रति रुचि जगाई, बल्कि विद्यार्थियों में साझा करने की भावना भी मजबूत की। पुस्तकालय विभाग के सहयोग से आयोजित इस अभिनव पहल का मूल संदेश ज्यादा हो तो दे जाओ, जरूरत हो तो ले जाओ रहा। इसके तहत छात्र-छात्राओं ने अपनी अतिरिक्त पुस्तकें दान कीं और जरूरतमंदों ने उन्हें ग्रहण किया। इस अनूठे प्रयास से परिसर में अध्ययन का सकारात्मक वातावरण बना नजर आया। मुख्य अतिथि अवधेश सिंह चौहान ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य भंडार हैं, जो व्यक्ति को सही दिशा देने के साथ व्यक्तित्व का निर्माण भी करती हैं। वहीं प्रीतम सिंह परमार द्वारा पुस्तक दान किए जाने से कई विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी व प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में डॉ. गुलाब मेवाड़ा, इंदु व्यास, राजेश सेन एवं अनमोल गौतम सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राका जिला बदर

**शाजापुर।** अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थाना अवंतिपुर बड़ोदिया निवासी खड़ी डोडिया 38 वर्षीय सुरेश उर्फ राका पिता नारायणसिंह को जिला दण्डाधिकारी ऋजु बाफना ने एक वर्ष के लिए जिला बदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए हैं।

## दिनांक 26 अप्रैल को होगी राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**गुना।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बैठक आयोजित कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन तथा उप वनमंडलाधिकारी नीरज निश्चल (भा.व.से.) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित यह परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को दो सत्रों में ओएमआर पद्धति से आयोजित की जाएगी। पहला सत्र प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक होगा। परीक्षा जिला मुख्यालय के 5 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। आयोग द्वारा ग्वालियर संभाग के लिए श्री शेखर वर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस वर्ष परीक्षा में पहली बार नवीन प्रक्रिया एवं उन्नत सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु दिल्ली को अधिकृत किया गया है, जो नई प्रणाली के तहत व्यवस्थाओं का संचालन करेगी। नई व्यवस्था के अंतर्गत परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से 90 मिनट पूर्व अनिवार्य रूप से प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों का पूर्व निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता एवं सख्ती के साथ किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## गर्मी का सितम, शाजापुर में पारा 42.2 डिग्री के पार

**शाजापुर।** शहर सहित पूरे जिले में इन दिनों सूरज आग उगल रहा है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय आसमान से बरसती आग के कारण सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा सन्नाटा पसरने लगा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रात के समय भी गर्मी से खास राहत नहीं है और न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी (आर्द्रता) का स्तर गिरकर महज 22 प्रतिशत रह गया है, जिसके चलते भारी खुश्की बनी रही। दिन के समय 12 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चल रही उत्तर-पश्चिमी गर्म हवाओं (लू) ने राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों की मुश्किलें और बढ़ा दी।

## किसानों के समर्थन में सत्याग्रह

**शुजालपुर।** कांग्रेस सेवा दल द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भोपाल में आयोजित सत्याग्रह एवं भूख हड़ताल में शुजालपुर से भी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में शुजालपुर से जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने मोहन सरकार के खिलाफ किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने तथा नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर आयोजित सत्याग्रह में शामिल होकर समर्थन दिया। आंदोलन का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना रहा। इस दौरान शुजालपुर से कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया, मंगल सिंह राठौड़, मोहन सिंह पंवार, कैलाश कुशवाह एवं मेहबूब पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रॉमा वार्ड में अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा शुक्रवार नवीन जिला अस्पताल भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रॉमा कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज के साथ केवल एक ही अटेंडर को रहने की अनुमति दी जाए, ताकि अस्पताल परिसर में अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया जा सके तथा मरीजों को बेहतर और सुव्यवस्थित उपचार का वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान एक सड़क दुर्घटना में घायल मरीज से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने हेलमेट के अनिवार्य उपयोग की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे सिर की गंभीर चोटों से प्रभावी बचाव संभव है। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में दोबारा गंदगी पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों पर न्यूनतम 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि साफ-सफाई और अनुशासन के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ के लिए ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर एवं कर्मचारी डीसेंट एवं फॉर्मल परिधान में ही कार्यस्थल पर उपस्थित रहें तथा टी-शर्ट जैसे अनौपचारिक परिधान से परहेज करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों में अस्पताल द्वारा किए गए नवाचारों एवं उत्कृष्ट कार्यों की सूची प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्टाफ को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित भी किया जाएगा। अंत में कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधितों से सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन उपकरणों की अतिरिक्त आवश्यकता है, उनकी जानकारी उपयोगिता सहित लिखित रूप में प्रस्तुत की जाए।

# आरोन अस्पताल या मौत का अड्डा सिस्टम ने उजाड़ दिया परिवार का मुखिया

**आरोन/गुना।** अस्पताल या मौत का अड्डा? रामपुर रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार को उजाड़ दिया, लेकिन आरोन के सिविल अस्पताल में जो हुआ, उसने इंसानियत को ही वेंटिलेटर पर ला दिया। ये खबर नहीं, उस सिस्टम के जनाजे का ऐलान है जिसे हम जीवनरक्षक कहते हैं।

रामपुर रोड पर खून से सनी सड़क पर एक शख्स ने दम तोड़ दिया। तीन जिंदगियां मौत से आंख-मिचौली खेल रही थीं। डायल-112 ने फरिश्ता बनकर घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। पर यहां सफेद कोट वाले भगवान नहीं, यमराज के एजेंट निकले।

**डॉक्टर बने तमाशबीन, गार्ड बना सर्जन**-अस्पताल से जो तस्वीर आई, वो कलेजा चीर देने वाली है। जहां डॉक्टरों के हाथ में इंजेक्शन होना चाहिए था, वहां सुरक्षा गार्ड कैंची-पट्टी लिए खून से लथपथ घायलों को टांके लगा रहा था।



डिग्रीधारी डॉक्टर साहब पीछे खड़े होकर हुक्म चला रहे थे, जैसे कोई फिल्म की शूटिंग हो। **सीधा सवाल**-क्या आरोन के लोगों की जान आवारा कुत्तों से भी सस्ती है? क्या अप्रशिक्षित गार्ड के हाथों जिंदगी सौंपना कत्ल नहीं तो और क्या है?

**एम्बुलेंस खड़ी रही, मौत इंतजार करती रही** -हादसे के बाद लाश को घर ले जाना था, तड़पते घायलों को गुना रेफर करना था पर अस्पताल के गेट पर खड़ी एम्बुलेंस शोपीस बनकर खड़ी रही। स्टाफ का शर्मनाक जवाब आया-चाभी नहीं मिल रही। घंटों तक बिलखते परिजन, तड़पते घायल, और पत्थर दिल सिस्टम। जब सब्र टूटा तो गुस्साए लोगों ने अस्पताल का गेट जाम कर दिया। चीखों से गूंजता अस्पताल और ऐसी कमरों में दुबके जिम्मेदार।

**सिस्टम से तीन खूनी सवाल**

1. कानून का कत्ल? अप्रशिक्षित गार्ड से इलाज करवाना सीधे-सीधे मेडिकल नेग्लिजेंस है। ये इलाज नहीं, सरकारी हत्या है।

2. कुर्सी बचाओ या जान बचाओ? इमरजेंसी में एम्बुलेंस का लापता होना और सिविल सर्जन के मुंह पर कालिख है।

3. एफआईआर होगी या फाइल दबेगी? क्या वर्दी उतरेगी या फिर जांच कमेटी के नाम पर लीपापोती होगी? हर बार की तरह क्या इस बार भी सबूतों को दफना दिया जाएगा? सड़क पर मौत हादसा हो सकती है, लेकिन अस्पताल में तड़प-तड़प कर जाना प्रशासनिक कत्ल है। आरोन पूछ रहा है-डॉक्टरों के हाथ में स्टेथोस्कोप होगा या हथकड़ी? अब गेंद कलेक्टर और सीएमएचओ के पाले में है।

## सुनेरा में घर के अंदर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**शाजापुर।** ग्राम सुनेरा में युवक का अपने ही घर कें अंदर फंदे पर शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को ग्राम सुनेरा में महेश प्रजापति का शव अपने ही घर के अंदर फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

**पशिचम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा**

| ट्रेन नं. | प्रस्थान स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09003 | उधना – जयनगर | २६.०४.२०२६ | 00:30 बजे (रविवार) | २0:00 बजे (अगले दिन) |
| 09004 | जयनगर – उधना | २७.०४.२०२६ | २३:00 बजे (सोमवार) | १६:३0 बजे (बुधवार) |
| विरामः भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी और मधुबनी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच. | | | | |
| 09007 | उधना – दानापुर | २६.०४.२०२६ | 0१:३0 बजे (रविवार) | १२:00 बजे (अगले दिन) |
| 09008 | दानापुर – उधना | २७.०४.२०२६ | १५:00 बजे (सोमवार) | 0१:१५ बजे (बुधवार) |
| विरामः भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच. | | | | |
| 09021 | उधना – दानापुर | २६.०४.२०२६ | १४:३0 बजे (रविवार) | 0१:00 बजे (मंगलवार) |
| 09022 | दानापुर – उधना | २७.०४.२०२६ | 0४:00 बजे (सोमवार) | १४:१५ बजे (अगले दिन) |
| विरामः सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच. | | | | |

उपरोक्त सभी ट्रेनें स्पेशल किराए पर स्पेशल अनारक्षित ट्रेन के रूप में चलेंगी

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। **क्र.सं.: 1. ऑक्शन केटलॉग सं.: MSS-RTM-2026-5. अनुबंध का प्रकार: Misc-Static-Services. लॉट नं.:** MSS-RTM-COR-BCA-58-25-1 (Misc-Static-Services - Battery Operated Carts with Advertisement). **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि:** 06.05.2026. **समय:** प्रातः 11:00 बजे। **क्र.सं.: 2. ऑक्शन केटलॉग सं.: PnU-RTM-WR-06. अनुबंध का प्रकार: Pay and Use. लॉट नं.:** PnU-RTM-RTM-WRL-52-26-1 (Pay and Use Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) और PnU-RTM-RTM- WRL-51-26-1 (Pay and Use Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms). **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि:** 07.05.2026. **समय:** प्रातः 11:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। AK/13

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**संख्या- W/623/5/1/NIT** | **ई-टेंडरिंग नोटिस** | **दिनांक: 24.04.2026**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

**क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-38. कार्य का नाम:** Godhra-Nagda Section:- Regrading of LC approaches, improvement to road surfaces, providing speed breakers and other misc repair works, at LCs 8 Nos. **अनुमानित लागत:** रु 1,92,54,221.13. **बयाना राशि:** रु 3,85,100/-. **कार्य समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 21.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 13.05.2026.

**क्र. सं.: 2. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-39. कार्य का नाम:** GDA-NAD Section:- Providing 20 units type-II Staff quarters at Dahod and 10 units type-II Staff quarters at Piplod in lieu of old Dilapidated quarters. **अनुमानित लागत:** रु 6,31,61,093.56. **बयाना राशि:** रु 12,63,200/-. **कार्य समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 20.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 13.05.2026.

**क्र. सं.: 3. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-40. कार्य का नाम:** Dahod(LCW):-Providing of 20 bed barrack at DHD Loco workshop. **अनुमानित लागत:** रु 1,78,77,494.72. **बयाना राशि:** रु 3,57,600/-. **कार्य समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 20.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 13.05.2026.

**क्र. सं.: 4. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-41. कार्य का नाम:** RTM Division - Provision of PF ends connecting pathway at 13 stations. (Divyangjan facilities). **अनुमानित लागत:** रु 69,59,384.05. **बयाना राशि:** रु 1,39,200/-. **कार्य समापन अवधि:** 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 21.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 13.05.2026.

**ऊपर के सभी टेंडर के लिए अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule. विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। AK/16

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/03, दिनांक: 20.04.2026. कार्य का नाम:** TRD Work in connection with extension of machine Siding and dead ends of Line Number 1 to stable full length trains at Vikaram nagar Station in connection of Simhastha 2028. **अनुमानित लागत:** रु 2,22,80,002.50. **बयाना राशि:** रु 4,45,600/-. **समापन अवधि:** 18 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 18.05.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। AK/15

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: SnT_RTM_26_09_SIGNAL, दिनांक: 21.04.2026. कार्य का नाम:** इंदौर - देवास-उज्जैन खंड में लेवल क्रॉसिंग नंबर 10, 13, 34 और 36 को खत्म करने के लिए सबवे (आरयूबी) प्रदान करना के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 94,78,049.06. **बयाना राशि:** रु 1,89,600/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 15.05.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 15.05.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। AK/14

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## अनियंत्रित कार पलटने से एक की मौत

**नीमच** । जिले के पालसोड़ा, अडमालिया मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर खेत मे घुस कर पलटने से उसमें सवार तीन युवको मे से एक की दुखद मौत हो गई। वही अन्य दो घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार पालसोड़ा मार्ग पर शादी समारोह मे जा रहे तीन युवकों विशाल पिता विनोद सेन 20,वर्ष निवासी बिसलवास सोनगरा, लोकेश 22 वर्ष पिता नंदकिशोर व मनीष पिता पुष्करज 18 वर्ष सहित शादी समारोह में भोजन व्यवस्था के लिए जा रहे तीन युवक, मे से एक लोकेश की दुखद मौत हो गई। अन्य दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी हैं द्य अनियंत्रित गति से जा रही कार हादसे के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया।

## वाइब्रेंट क्लब की अंतिम बक्षी अध्यक्ष, सचिव पिंकी गोयल मनोनीत

**मन्दसौर।** वाइब्रेंट क्लब मंदसौर की संस्थापक अध्यक्ष सीए प्रजवी जैन ने बताया वाइब्रेंट क्लब की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई जिसमें क्लब के आगामी वर्ष हेतु अध्यक्ष अंतिम बक्षी, सचिव पिंकी गोयल, उपाध्यक्ष सपना गोयल और दीपा जैन, कोषाध्यक्ष ममता चोपड़ा, सह सचिव स्वीटी चौधरी, प्रवक्ता रुचि गर्ग को मनोनीत किया। नवीन अध्यक्ष सहित नवीन कार्यकारिणी को क्लब के संस्थापक अध्यक्ष प्रजवि जैन, कल्पना ओसवाल, सुनीता कुदार, सोनल बाबेल और क्लब के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## टोल प्लाजा की अव्यवस्थाओं के खिलाफ जोकचंद ने उठाई आवाज

**पिपलिया मंडी।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित टोल प्लाजा की कार्यप्रणाली को लेकर आम नागरिकों में बढ़ते असंतोष के बीच किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने गंभीर मुद्दों को उठाते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी को विस्तृत शिकायत पत्र प्रेषित किया है। मल्हारगढ़ क्षेत्र के किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने अपने पत्र में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई फास्टैग प्रणाली का उद्देश्य टोल वसूली को पारदर्शी एवं सुगम बनाना था, लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था कई स्थानों पर आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

# जिला चिकित्सालय में 100 बेड के नवीन वार्ड और एमसीएच भवन का शुभारंभ

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा और लोनिवि मंत्री राकेश सिंह ने दी 29 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



शुक्रवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में कुल 29 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर 7 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित 100 बिस्तरीय नवीन वार्ड तथा 17 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से तैयार अत्याधुनिक 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) भवन का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। साथ ही, क्षेत्र के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से 4 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत वाले चांदाखेड़ी फंटा से खजुरिया मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मेडिकल कॉलेजों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को स्थायी रूप से दूर किया जा सकेगा। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह नई सुविधाएं विशेष रूप से माताओं और बहनों की सेवा के लिए समर्पित रहेगी। लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि मंदसौर मेडिकल कॉलेज में अब न्यूरोलॉजी जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी उपचार मिल सकेगा, जिससे स्थानीय मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने लोक निर्माण विभाग की गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली की सराहना की और नयापुरा मार्ग को आदर्श सड़क के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष दुगा पाटीदार, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायकद्वय यशपाल सिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी का नाम हटाने पर काले कपड़े लेकर सड़क पर बैठे कांग्रेसी



शहर के इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में आयोजित लोकार्पण समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन मुख्य वजह निमंत्रण पत्र रही, जिसमें च्इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालयज के स्थान पर केवल च्जिला चिकित्सालयज लिखा गया था। इस नाम विलोपन से नाराज विधायक विपिन जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के पिछले गेट पर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में काले कपड़े लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। विधायक श्री जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक तरफ महिला सशक्तिकरण की बात करती है और दूसरी तरफ भारत रत्न व देश की पहली महिला प्रधानमंत्री का नाम हटाने जैसी घिनौनी हरकत कर रही है। जिलाध्यक्ष श्री गुर्जर ने बताया कि इस त्रुटि के संबंध में उन्होंने रात में ही जिला कलेक्टर को अवगत करा दिया था, जिस पर प्रशासन ने इसे च्मानवीय भूलज मानते हुए सुबह 11 बजे तक सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन सुधार न होने पर कार्यकताओं को सड़क पर उतरना पड़ा। हालांकि, प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष अपने कार्यकताओं को गांधीवादी तरीके से विरोध करने की समझाइश देते भी नजर आए, जिसके बाद काले कपड़े हटा लिए गए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी मौके पर मोर्चा संभाले रखा।

## शहर के प्रमुख बाजार में नगर निगम की सख्त कार्रवाई, अमले ने हटाया अतिक्रमण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों माणक चौक, न्यू क्लॉथ मार्केट और गणेश देवरी में शुक्रवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई की गई। सुबह से ही निगम का अमला बाजार क्षेत्र में पहुंचा और व्यवस्थित तरीके से अभियान चलाया।

कार्रवाई के दौरान टीम ने सबसे पहले अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया। दुकानों के बाहर रखे सामान, और अन्य अवैध कब्जों को हटाकर जब्त किया गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी ओटलों पर भी कार्रवाई की गई और हथौड़ों से उन्हें तोड़ा गया। लोहे के खोखले ढांचे भी निगम द्वारा जब्त किए गए।

निगम अमले ने व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण न करें, अन्यथा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, कुछ स्थानों पर कार्रवाई के दौरान निगम कर्मचारियों और दुकानदारों के बीच हल्की बहस भी देखने को मिली, लेकिन अभियान लगातार जारी रहा।

गौरतलब है कि इससे दो दिन पूर्व भी बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद दोबारा अतिक्रमण सामने आने पर निगम ने सख्ती बढ़ा दी है।

इधर, आम जनता ने इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह नियमित रूप से अभियान चलता रहा, तो शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और बाजार अधिक व्यवस्थित बन सकेंगे।

## जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के बनते ही महामंत्री ने असंतुष्ट होकर दिया इस्तीफा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

लंबे इंतजार के पश्चात जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा शुक्रवार को जिला अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने की जिला अध्यक्ष ने अपनी जिला कार्यकारिणी में जिले के हरेक नेता एवं उनके समर्थकों को शामिल कर खुश करने का प्रयास किया। लेकिन पदाधिकारीयो की घोषणा के कुछ ही घंटो पश्चात जिला महामंत्री १५ बनाए गए उनमें से एक जिला महामंत्री वरुणश्रोत्रिय ने अपने पद से इस्तीफा जिला अध्यक्ष गहलोत को भेजा। जिला कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सांवेर विधानसभा प्रभारी वरुणश्रोत्रिय (एडवोकेट )को जिला अध्यक्ष गहलोत ने अपनी टीम में 15 महामंत्रियों में एक क्षोत्रिय को भी मनोनीत किया। क्षोत्रिय को महामंत्री मनोनीत किए जाने से पूर्व उनकी स्वीकृति भी नहीं ली गई ऐसा श्रोत्रिय ने पूछने पर बताया ।जबकि श्रोत्रिय विगत 16वर्षो से जिला कांग्रेस ग्रामीण के उपाध्यक्ष रहे ।ऐसे में श्रोत्रिय को महामंत्री बनाए जाना रास नहीं आया जैसे ही जिला कार्यकारिणी की सूची जारी हुई और उन्होंने तुरंत महामंत्री पद से अपना इस्तीफा जिला अध्यक्ष को भेज दिया ।इस्तीफा की प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी भेजी है । वहीं चर्चा है कि करीब 10 वर्षों तक एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पद पर रहे पप्पू चरोडिया को जिला कार्यकारिणी में सोशल मीडिया प्रभारी पद दिया गया चर्चा यह भी है कि वह भी उक्त पद से संतुष्ट नहीं है। जबकि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित वार्ड से अपनी भाभी को वार्ड चुनाव जितवा कर कांग्रेस का परचम लहराया था ।देखना है कि चरोडिया क्या सोशल मीडिया प्रभारी पद से संतुष्ट हो पाएंगे?

## न्यूज कालम



## कायस्थ समाज ने किया श्री चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्योत्सव महाआयोजन

**नीमच।** सृष्टि के समस्त प्राणियों का लेखा जोखा रखने वाले प्रभु श्री चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्योत्सव का आयोजन कायस्थ समाज नीमच ने किया यह जानकारी देते हुए कायस्थ समाज नीमच के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सक्सेना, कायस्थ समाज महिला मंडल अध्यक्ष कृष्णा निगम एवं कोषाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज परिवार सम्मिलत हुए। कार्यक्रम संयोजक संजय भटनागर एवं उपाध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में श्री चित्रगुप्त जी की कथा प्रकाश गौड़ के मुखारविंद से हुई। भजनों का आयोजन भी किया गया जिसे उपस्थित समाजजन ने भक्ति रस का आनंद लिया। कथा के पश्चात महाआरती का आयोजन के साथ ही प्रसाद वितरण और अल्पाहार भी हुआ। इस अवसर कायस्थ समाज संरक्षक ब्रजेश सक्सेना, एडवोकेट अजय भटनागर, पूर्व अध्यक्ष राजेश जौहरी, पूर्व अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मुकेश जौहरी, सहसचिव आलोक श्रीवास्तव, पूर्व कोषाध्यक्ष बसंत गौड़, दिलीप निगम, सांस्कृतिक सचिव दीपक राय गौड़, बाबूलाल गौड़, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार कायस्थ समाज नीमच सचिव नितिन सक्सेना ने माना। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पंकज श्रीवास्तव ने दी।

## सिंगोली पुलिस ने बाइक पर लदे कट्टे मे 120 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त

**नीमच।** जिले के सिंगोली थाना पुलिस की नाकेबंदी को देख तस्कर ने अपनी बाइक और उस पर लदा अवैध डोडाचूरा बीच सड़क पर ही छोड़ दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भाग निकला। पुलिस ने काफी पीछा किया, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना 24 अप्रैल की है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत सिंगोली पुलिस टीम रूघनाथपुरा फंटे पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान नीमच की ओर से एक युवक हीरो स्प्लेंडर बाइक पर भारी कट्टे लादकर आता दिखाई दिया।पुलिस की घेराबंदी को देखकर तस्कर की 'शातिर' नजरें सचेत हो गईं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस टीम से करीब 100 फीट पहले ही उसने नाकेबंदी भांप ली और घबराकर बाइक बीच सड़क पर ही पटकी और जान बचाकर अंधेरे में भाग निकला।

## सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और वीडियो क्रिएशन पर कार्यशाला संपन्न

**मन्दसौर।** पीएमसीओई राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर संकाय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में सॉफ्टवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. जे.एस. दुबे के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर निर्माण की आधुनिक औद्योगिक पद्धतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत में कंप्यूटर संकाय के समन्वयक डॉ. आर.सी. डाड ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सॉफ्टवेयर कंपनी के डायरेक्टर कुलदीप सिंह पंवार ने सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग पर विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन गौरव सोनी ने किया तथा आभार नरेंद्र बंधवार ने माना। कार्यशाला में कंप्यूटर संकाय की फैकल्टी सी.पी. आडवाणी, मनीष तिवारी, मनीष सोनी, रविन्द्र रामावत, श्रीमती उष्मीता सोनी, भीम सिंह चौहान, सय्यद अशफाक हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा का विकास चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, सड़के,पेयजल टँकी स्कूल भवन

**मल्हारगढ़** ।क्षेत्र में विकास को लेकर पानी पी पी कर बार बार कोसने वाले क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा जी आपने विकास कार्यो एवं सड़को का जाल नही आपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार का जाल बिछाया है ।उक्त आरोप क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया ने लगाते हुवे बताया कि देवड़ा जी हरसोल में पानी की टँकी पहले ही टेस्टिंग में झरने की तरह बहने लगी ग्रामवासियों एवं कांग्रेसनेताओ द्वारा घटिया निर्माण का मामला उठाने के बाद अब टँकी पर लीपा पोती का काम चल रहा है। है,मल्हारगढ़ अस्पताल के घटिया निर्माण का मामला भी सुर्खियों में रहा है और अस्पताल जैसी बिल्डिंग में गुणवत्ता विहीन निर्माण करने वाले ठेकेदार का आप सार्वजनिक मंच से सम्मान कर रहे हो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।आप बार बार सड़को की बात करते हो लेकिन आपकी ही पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से आपके विकास के दावों की पोल खोली है,ओर घटिय निर्माण के वीडियो भी शेयर किए है।शुक्रवार को सिसोदिया कांग्रेसनेता पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष तुलसीराम पाटीदार, विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर के साथ दोपहर 2.30 बजे हरसोल पहुंचे व किसान भेरूलाल प्रजापति से चर्चा की।

## सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण संपन्न



## विधायक ने महिला शक्ति को बताया समाज की धुरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर।

सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के नवीन सत्र हेतु शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक विपिन जैन ने महिला शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज को संस्कारित करने वाली धुरी हैं। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की मांग को स्वीकार करते हुए विधायक श्री जैन ने समाज के कार्यक्रमों हेतु हॉल निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि से १० लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ की प्राचार्य डॉ. मनीषा चौरडिया ने महिलाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानकर समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और समाज की मजबूती के लिए संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं से सरकारी नीतियों और आरक्षण का लाभ उठाने की दिशा में सक्रिय होने की बात कही। कार्यक्रम के प्रारंभ में हीरल नलवाया, यश्वी कुदार सहित अन्य बालिकाओं ने मनमोहक मंगलाचरण नृत्य पेश किया, वहीं चहेती सुराणा और साथियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

नव मनोनीत महामंत्री विनाली मेहता ने अपने संबोधन में सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया, जबकि मंत्री पूर्णिमा चौरड़िया ने नौ महत्वपूर्ण सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व महामंत्रियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शशि मारू एवं हेमा हिंगड़ ने किया तथा आभार नीमा जैन ने माना।

## पिपलोदा क्षेत्र में टीम की तत्परता एक ही दिन में रोके गए तीन बाल विवाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पिपलोदा परियोजना अंतर्गत तहसील पिपलोदा के वार्ड क्रमांक ९ करियामर एवं कालूखेडा लसूडिया में बाल विवाह संबंधी शिकायत चाइल्ड लाइन के माध्यम से प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया के निर्देशन में सहायक संचालक एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती भारती डांगी के द्वारा दल का गठन किया गया एवं पुलिस विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया गया।

जांच के दौरान पिपलोदा तहसील के वार्ड क्रमांक 9 करियामर में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की जहा पर 1 बालक और 11 बालिका के बाल विवाह की सूचना मिली। जहां बालिका के विवाह की तैयारी चल रही थी। जिसमें स्कॉलर रजिस्टर के आधार पर बालिका की उम्र 16 वर्ष पाई गई। समझाइश देने पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका का विवाह १८ वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। इसी क्षेत्र में एक बालक के विवाह की सूचना भी मिली। जांच में बालक की उम्र 16 वर्ष 10 माह पाई गई। टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि बालक की वैधानिक विवाह आयु 21 वर्ष है। परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया कि वे निर्धारित आयु के बाद ही विवाह करेंगे।इसके पश्चात टीम द्वारा कालूखेड़ा लसूडिया में पहुंची, जहां बालिका के विवाह की तैयारी की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचे दल को बालिका के पिता ने बताया कि विवाह फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/830/लो.नि.वि. रतलाम, दिनांक 21.04.2026

### ई-निविदा आमंत्रण

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवंलागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 501891 | (विधायक निधि) वार्ड क्रमांक 07 अलकापुरी गार्डन में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(प्रथम आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 138030/- | 1- 1000/- 2- 2765/- | 05-05-2026 15:30 |
| 2 | 501892 | वार्ड क्रमांक 09 सांवरिया सेव भण्डार के पास वाली गली मे सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(द्वितीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 868520/- | 1- 2000/- 2- 17370/- | 05-05-2026 15:30 |
| 3 | 501893 | वार्ड क्रमांक 17 ईश्वर नगर मेन रोड़ से सत्येश्वर महादेव मंदिर से जगराम से मुकेश के मकान तक सी.सी. निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(द्वितीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 384100/- | 1- 2000/- 2- 7690/- | 05-05-2026 15:30 |
| 4 | 501894 | वार्ड क्रमांक 18 टाटा नगर गली न. 2, 3 व 4 के बीच सी.सी. बेकलेन कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(तृतीय आमंत्रण) | 1- 3 माह 2- 303180/- | 1- 2000/- 2- 6065/- | 05-05-2026 15:30 |
| 5 | 501896 | वार्ड क्र. 21 गवली मोहल्ला में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेंट अनुसार।(द्वितीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 2010100 /- | 1- 2000/- 2- 40210/- | 05-05-2026 15:30 |
| 6 | 501897 | वार्ड क्रमांक 24 कुंजडों का वास, जगदीश जी किराने वाले के मकान से जहुर भाई के मकान तक नाली निर्माण कार्य। एस्टीमेंट अनुसार। (द्वितीय आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 103620/- | 1- 1000/- 2- 2080/- | 05-05-2026 15:30 |
| 7 | 501899 | वार्ड क्रमांक 25 शुभ विहार कालोनी से रूद्राक्ष कालोनी तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार ।(प्रथम आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 838590/- | 1- 2000/- 2- 16775/- | 05-05-2026 15:30 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेब साईड पर ही किया जावेगा , पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, रतलाम


## बूढ़ा में 85 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ, गांधी सागर का पानी पहुँचाने का लक्ष्य तय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने 85.61 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए नारायणगढ़ से बिल्लोद, मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन से नारायणगढ़ और पिपलियामंडी बायपास सहित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया गया। साथ ही गर्रावद, खड़पालिया और मुंडकोषा जैसे ग्रामीण अंचलों को जोड़ने वाले नए मार्गों का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि दिसंबर 2026 तक गांधी सागर का पानी मल्हारगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक खेत तक पहुँचाने का लक्ष्य है, जिससे भविष्य में कोई भी किसान सिंचाई से वंचित नहीं रहेगा। वहीं कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह ने जानकारी दी कि बजट में मल्हारगढ़ क्षेत्र के लिए 450 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने शिक्षा और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को रेखांकित करते हुए मंदसौर को देश के लिए एक आदर्श उदाहरण बनाने की बात कही। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलाव और नई कार्य संस्कृति की सराहना की।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम श्रीराम भिडावद तहसील बडनगर में स्थित कृषि भूमि सर्वे 23 रकबा 0.50 हे. जिसके दक्षिण में आम रास्ता तथा उत्तर में नदी स्थित है भूमि को राजेश पिता बालकिशन जाति माहेश्वरी से क्रय करने का सोदा मेरे पक्षकार द्वारा तय किया गया है और मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि का आंशिक विक्रय मूल्य बयाना राशि भी अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा कर उपरौक्त भूमि विक्रय पत्र निष्पादित करवाया जाना है। उक्त भूमि पर यदि किसी बैंक शाखा किसी विभाग, संस्था, सोसायटी अथवा साहूकारी का या अन्य किसी प्रायवेट पक्षकार का किसी प्रकार से हित, स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से ७ दिन की अवधि में मय लेखी प्रमाण के लिखित में अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें उक्त अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मंजुर नही की जावेगी। मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनाक 24.04.2026

**स्थान :- बडनगर**

**सुनील राठौड एडव्होकेट**
**बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर 70675-15552**



## दीप्ति कान्वेंट स्कूल में समर कैंप का आगाज, बच्चों को मिलेगा विकास का मंच

**शुजालपुर।** नगर के दीप्ति कान्वेंट स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल मैनेजर फ ादर कुरियन, प्राचार्य सिस्टर जेस एवं सिस्टर ज्योति द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। स्वागत भाषण वर्षु उपाध्याय और अंतिमा कुंभकार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित फादर कुरियन ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण मंच है। यह केवल अवकाश का आनंद लेने का माध्यम नहीं, बल्कि नई प्रतिभाओं को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि खेल, कला, संगीत, नृत्य और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। समारोह के दौरान मिस्टी चौधरी समूह द्वारा समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, वहीं दीवा बिंदल ने अपने विचार व्यक्त किए। समर कैंप प्रभारी मिस जिंसी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन सुबह 6 बजे से आउटडोर गतिविधियों के तहत बास्केटबॉल, फु टबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, जुम्बा डांस और एरोबिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद सुबह 7 से 9 बजे तक आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, म्यूजिक, नेचर वॉक, बिजनेस डे और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित होंगी। कार्यक्रम के अंत में आभार सालवी जैन ने व्यक्त किया।

## पोषण पखवाड़ा में मेले का आयोजन महिलाओं व किशोरियों को किया जागरूक



**शुजालपुर।** आठवें पोषण पखवाड़ा के समापन अवसर पर वार्ड 8/3 स्थित नसीम बानो के आंगनवाड़ी केंद्र शहरी 1 सेक्टर में पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर ऋजु बाफ ना के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी व सहायक संचालक नीलम चौहान के निर्देश पर आयोजित हुआ। प्रभारी परियोजना अधिकारी ममता परमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। थीम के अनुरूप पोषण सामग्री से पोषण गुडि?ा का निर्माण किया गया और महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को विभिन्न खाद्य पदार्थों से मिलने वाले पोषक तत्वों एवं उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र से दी जाने वाली स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित आहार अपनाने और स्वच्छ जीवनशैली का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मंजू दांगी, परियोजना समन्वयक मनीषा दवे, ममता पुरविया, कार्यकर्ता सहायिका डाली सहित अन्य हितग्राही उपस्थित रहे। 403

## नामांतरण शुल्क में की गयी मनमानी वृद्धि में अधिवक्तओं ने आपत्ति दर्ज करवाई



**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर के द्वारा विगत दिनों संपत्तियों के नामांतरण शुल्क 2000/- को संशोधित कर न्यूनतम 4,000/- रुपयें एवं रजिस्ट्री मूल्यांकन का 1 प्रतिशत करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया था, जो कि मनमाना और अवैधानिक है। नगर की जनता विक्रय पत्र करवाते समय नगर पालिका मद में 3 प्रतिशत स्टॉम्प ड्युटी प्रदान करती है, इसके अतिरिक्त रजिस्ट्री मूल्यांकन का 1 प्रतिशत अतिरिक्त नामांतरण शुल्क नगर की जनता पर अधिरोपित करना अवैध है, उक्त संबंध में अधिवक्तागण के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव को लिखित आपत्ति प्रस्तुत की है। उक्त समय पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेश छजलानी, पूर्व अभिभाषक संघ सचिव दीपक लश्करी, अभिभाषक संघ सचिव शंकरसिंह तोमर, पूर्व अधिवक्ता संघ सचिव भगवतीप्रसाद पुरोहित, संतोष पांचाल, पूर्व अधिवक्ता संघ सहसचिव अमित लश्करी, दिनेश राठौर तथा वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छजलानी उपस्थित थे।

## मुक्तिप्रभा श्रीजी मसा का समाधि मरण, नाल बीकानेर में अंतिम संस्कार

**महिदपुर।** जं.यु.प्र.वृ.भ. 1008 खरतरगच्छाधिपति श्रीपूज्य श्री जिनचन्द्रसूरिजी म.सा.की सुशिष्या खरतरगच्छ की सत्य



साधिका प.पू. आर्या मुक्तिप्रभा श्रीजी म.सा. ने दिनांक 22-4-2026, दोपहर 3.30 बजे शांतिपूर्वक समाधि मरण प्राप्त किया। यह समाचार जानकर खरतरगच्छ जैन श्री संघ सहित समस्त जैन समाज के श्री संघों में शोक की लहर दौड़ गई। ज्ञातव्य है कि 24 मार्च 2023 को महिदपुर की धर्मधरा पर भीमाखेड़ा मार्ग स्थित भगवान श्रीसुमतिनाथ जिनालय एवं दादावाड़ी परिसर में विराट कार्यक्रम में चार प्रमुख प्रसंग बने थे जिनमें सर्वप्रथम श्री प्रतीक वैद्य जी की अमृत सुंदर जी मसा की भावी श्री पूज्य की रूप में उद्घोषणा एवं इंदिरा जी नाहर मुक्तिप्रभा श्रीजी मसा के नामकरण के साथ, महिदपुर निवासी श्री विकास चौपड़ा की सुमति सुंदर जी मसा के नामकरण के साथ, अंजलि राखेचा की समकित प्रभा श्री जी के नामकरण के साथ दीक्षित हुए थे।पपू मुक्तिप्रभा श्रीजी मसा का अंतिम संस्कार नाल बीकानेर में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। महिदपुर निवासियों ने अपने घर पर सत्य साधना की तथा उन्हें अंतिम भावभीनी श्रद्धांजलि मौनपूर्वक दी।

भोली-भाली महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी करने वाला शातिर बदमाश

# शरीर में देवता आने और गृह शुद्धि के नाम पर करता था ठगी की वारदात करने वाला गिरफ्तार

### आरोपी से पूछताछ में हुए चौंकाने वाले खुलासे, बीनागंज सहित कुम्भराज, राघौगढ़, ब्यावरा, शिवपुरी में भी की गई इस प्रकार की कई वारदातें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल, सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में ठगी, धोखाधड़ी जैसे आर्थिक अपराधों को गंभीरता से लेकर इन अपराधों में लगातार प्रभावी और सक्रिय कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में चांचौड़ा थाना पुलिस द्वारा एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को एक महिला द्वारा चाचौड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर के समय एक अज्ञात व्यक्ति स्कूटी पर उनके घर आया, उस समय वह घर पर अकेली थी। उस व्यक्ति ने स्वयं को उनका रिश्तेदार बताते हुए मकान उद्घाटन का निमंत्रण देने की बात कही और बातचीत के दौरान अन्य रिश्तेदारों का उल्लेख कर विश्वास जीत लिया। तत्पश्चात पानी मांगने के बहाने घर के अंदर प्रवेश कर गया। बातचीत के दौरान उसने स्वयं के शरीर में देवता आना और पूजा-पाठ जानने वाला बताकर घर में परेशानियों एवं गृह क्लेश की बात कहकर भयभीत किया और फिर गृह शुद्धिकरण के नाम पर उसके पहने हुए सोने के आभूषण उतरवाकर ले लिए और उसे बातों में उलझाकर फरार हो गया। उक्त रिपोर्ट पर से चाचौड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

यह मामला पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल के संज्ञान में आते ही उनके द्वारा घटना को गंभीरता से लिया और घटना के शीघ्र खुलासा हेतु तत्काल एक विशेष टीम गठित कर सक्रिय की गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में गहन जांच की गई, जिसमें पुलिस की अलग अलग टीमों द्वारा बीनागंज, राघौगढ़, आरोन, ब्यावरा सहित आसपास के जिलों में कई जगहों पर पैट्रोल पंप, टोलनाके, होटल, बस स्टेण्ड आदि महत्वपूर्ण स्थानों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। साथ ही जांच में सामने आया कि बीनागंज में घटित घटना की तरह ही इस प्रकार की घटनाएं दिसम्बर 2025 में कुम्भराज क्षेत्र में तथा लगभग एक माह पूर्व राजगढ़ जिले के ब्यावरा में भी घटित हुई थीं।

जांच के दौरान पुलिस की टीमों द्वारा बीनागंज, कुम्भराज, ब्यावरा क्षेत्र से घटनाओं से संबंधित सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए गए, जिसमें आरोपी द्वारा उपयोग की जा रही स्कूटी को चिन्हित किया जाकर विभिन्न तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की लगातार तलाश की गई एवं सघन प्रयासों के बाद आरोपी के अशोकनगर का होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम अशोकनगर पहुंची जहां सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही की पहचान सुनिश्चत की गई और सघन तलाश के बाद आरोपी राजू उर्फ दीपक पुत्र बीरेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी दुवे कॉलोनी अशोकनगर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए है, जिसने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसके द्वारा बीनागंज में 2 घटनाएं, कुम्भराज में 2 घटनाएं, ब्यावरा में 1 घटना, राघौगढ़ में 1 घटना एवं शिवपुरी में 1 घटना सहित कुल 7 स्थानों पर इस प्रकार की वारदातें की हैं ।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने जेवरात और वारदात में प्रयुक्त सफेद रंग की जुपिटर स्कूटी जप्त की गई है। आरोपी को प्रकरण में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे अन्य घटनाओं के संबंध में चांचौड़ा पुलिस द्वारा विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

### इनका रहा सहयोग

पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज राणा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, सउनि बृजेश देवरिया, आरक्षक शुभम मिश्रा, आरक्षक अजय समाधिया, आरक्षक विकाश राजावत, साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव, आरक्षक भूपेन्द्र खटीक, आरोन थाने से आरक्षक प्रवीण मीना एवं अशोकनगर कोतवाली से आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

किसान का आरोप

# खरीदी केंद्र पर रिश्वत का बवाल 1000 रुपये नहीं दिए तो 2 घंटे खड़ी रखी ट्रॉली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले के समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाएं और भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला बेरछा रोड स्थित सांपखेड़ा गांव के धन कन्या वेयरहाउस का है। यहां गुरुवार दोपहर एक किसान ने गेहूं पास करने के एवज में सर्वेयर पर 1000 की रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। केंद्र पर निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं तौलने की गड़बड़ी भी उजागर हुई है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार किसान अभिराज राजपूत का स्लॉट पहले अभयपुर केंद्र पर बुक था, लेकिन वहां जगह न होने के कारण उन्हें सांपखेड़ा भेजा गया। किसान का आरोप है कि यहां पहुंचते ही सर्वेयर ने गेहूं में मिट्टी बताकर उसे तौलने से इनकार कर दिया। इसके बाद एक कर्मचारी ने उसे अलग ले जाकर 1000 देने पर उपज पास करने की सेटिंग सुझाई। जब किसान ने पैसे देने से मना किया, तो दो घंटे तक उसकी ट्रॉली खाली नहीं की गई और गेहूं रिजेक्ट करने की धमकी दी गई, जिसके बाद मौके पर हंगामा खड़ा हो गया।

इस केंद्र पर किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। शासन के निर्देशानुसार बारदाने (बोरी) के वजन के रूप में प्रति बोरी 600 ग्राम अतिरिक्त गेहूं लिया जाना चाहिए, लेकिन यहां किसानों से 650 ग्राम तक अतिरिक्त गेहूं तौला जा रहा था। हंगामे के दौरान जब सर्वेयर से कैमरे पर जवाब मांगा गया, तो वह मुंह छिपाता नजर आया।

### किसान नशे में था- सुपरवाइजर

केंद्र के सुपरवाइजर वीरेन प्रजापति ने रिश्वत मांगने के सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि किसान के गेहूं में वास्तव में मिट्टी थी। उसे गेहूं छन्ना लगाकर साफ करने की सलाह दी गई थी, जिसे उसने मानने से इनकार कर दिया। सुपरवाइजर ने आरोप लगाया है कि किसान शराब के नशे में केंद्र पर आया था और बेवजह विवाद कर रहा था।

### जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई

इस पूरे घटनाक्रम पर जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी अंजू मरावी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एक विशेष टीम मौके पर जाकर पूरे प्रकरण की जांच करेगी। यदि किसान के आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 27 को खाद, बीज, कीटनाशक व्यापारियों का देशव्यापी बंद


### समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकॉलीन हड़ताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

देशभर के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर 27 अप्रैल को एक दिन के सांकेतिक बंद का ऐलान किया है। यह बंद ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर किया जा रहा है, जिसमें सभी राज्यों के व्यापारी शामिल होंगे। शुजालपुर, अकोदिया बीज एवं कीटनाशक विक्रेता संघ के अध्यक्ष सचिन शाह ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं को लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र राज्य संगठन द्वारा 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है, जिसके समर्थन में देशभर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में उर्वरकों में डीलर मार्जिन को वर्तमान डेढ़ प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत करना, रिटेलर के गोदाम तक एफ ओआर व्यवस्था लागू करना, खाद, बीज, कीटनाशक के सैंपल फेल होने पर निमार्ता कंपनियों पर कार्रवाई करना तथा व्यापारी को गवाह के रूप में शामिल करना शामिल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जा सकती है। बंद के दौरान प्रधानमंत्री के नाम तहसील, विकासखंड और जिला स्तर पर जुलूस निकालकर ज्ञापन सौंपे जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री, प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत एवं प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी ने प्रदेश के सभी व्यापारियों से बंद में पूर्ण सहयोग करने की अपील की है।

# इंदौर से आगरा जा रही हंस ट्रेवल्स की यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई, बस क्लीनर की मौत, दो दर्जन से अधिक यात्री घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।





आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित करनवास थाना अंतर्गत पचोर-ब्यावरा रोड पर आजाद पेट्रोल पंप के पास इंदौर से आगरा जा रही हंस ट्रेवल्स की यात्री बस एएस 01 ओसी 2691 सड़क पर बिना संकेतक, लाइट के लापरवाही पूर्वक खड़े ट्रक क्रमांक यूपी 93 बीटी 4907 के पीछे से टकरा गई, यात्री बस में कुल 38 सवारी मौजूद थी, दुर्घटना में बस हेल्पर कल्लू उर्फ परमानंद पिता छक्की लाल राजपूत 33 साल निवासी ग्राम बिजिलपुरा थाना दुरसडा जिला दतिया की मौत हो गई, बस में सवार लगभग 27-28 यात्री घायल हुए है सभी घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु शासकीय सिविल अस्पताल ब्यावरा लाया गया। घायलों में अक्षय पिता विश्वनाथ सुतार 28 निवासी कोल्हापुर, महाराष्ट्र, मधुवाला पति युवराज 20 निवासी छत्तीसगढ़ (इंदौर में कार्यरत), ऋषि-विजय पिता बाजो 23 निवासी ग्वालियर, सागर पिता जगदीश 35 निवासी ग्वालियर, विशाखा पति सागर निवासी ग्वालियर, अंकित पिता भगवती शर्मा 30 निवासी भिंड, किरण शर्मा पति सतीश शर्मा, 60 निवासी मुरैना, सतीश शर्मा पिता नाथूराम शर्मा निवासी मुरैना, गन्धर्व सिंह पिता ध्रुव सिंह 29 निवासी श्योपुर, निशांक मित्तल पिता पवन मित्तल 32 निवासी जलेसर, उत्तर प्रदेश, सचिन सेन पिता संजय सेन 32 निवासी देवास, सूरज पिता संजय जोशी 32 निवासी गोविन्दपुरी दिल्ली, अजय पिता संजय जोशी निवासी दिल्ली, धीरज पिता ओमप्रकाश चौरसिया 45 निवासी ग्वालियर, राजू पिता कालीचरण प्रजापति 38 निवासी मथुरा, बलराम पिता बापू सिंह 40 निवासी बजरंगगढ़ महाराष्ट्र, श्रीकृष्ण पिता संजय जाटव 16 निवासी पलानिया, अब्बासल्लपिता याकीन शाह उम्र 32 निवासी ग्वालियर, शंकरलाल पिताः मुकेश कुमार उम्र 37 निवासी ग्वालियर, आदित्य पिता संदीप शर्मा, उम्र 15 निवासी मुरैना, दुर्गावती पति स्व. श्रीनिवास उम्र 72 निवासी चंबल कॉलोनी मुरैना, मयूर सिंह पिता बिल्लू कुमार कुशवाह 28 निवासी इंदौर, पंकज पिता विष्णु कुशवाह, निवासी इंदौर, अविनाश पिता सत्यदेव आर्य उम्र 25 निवासी भिंड, शुभम सिंह पिता रघुनाथ सिंह तोमर उम्र 30 निवासी ग्वालियर अनिरुद्ध पिता नीरज शर्मा उम्र 19 निवासी ग्वालियर, ज्योति सिकरवार पतिः जयवीर उम्र 31 निवासी इंदौर बच्चा वेदांत उम्र 8 साल निवासी ग्वालियर (परिजनों के साथ) आदि घायल हो गए जिनको प्राथमिक उपचार किया गया। सड़क दुर्घटना में सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और डायल 112 व शासकीय वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया. फरियादी बस चालक नवलकिशोर शर्मा की रिपोर्ट पर थाना करनवास में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## गैस सिलेंडर फटने से व्यक्ति की मौत

**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर के राजगढ़ बायपास स्थित शिव धाम कॉलोनी में आज शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे सुरेंद्र सिंह भल्ला के रसोई घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से विस्फोट हो गया धमाका इतना तेज था कि शिव धाम कॉलोनी में हड़कंप मच गया, गैस सिलेंडर के फटने से सुरेंद्र सिंह भल्ला और उनकी पत्नी पदमा भल्ला बुरी तरह से जलकर घायल हो गए, दोनों पति पत्नी घर पर अकेले रहते थे, सुरेंद्र सिंह भल्ला के घर पीएनजी गैस कनेक्शन और एलपीजी गैस सिलेंडर दोनों थे, आग किसने पकड़ी यह जांच का विषय है, 80 प्रतिशत से ऊपर जल जाने के कारण सुरेंद्र सिंह भल्ला उम्र 60 वर्ष और उनकी पत्नी पद्मा भल्ला को प्राथमिक उपचार के बाद हाय सेंटर भोपाल रेफर किया गया था, मगर नरसिंहगढ़ पहुंचते ही रास्ते में सुरेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। उन्हें वापस सिविल अस्पताल ब्यावरा लाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

## नगर में 29 अप्रैल को गांव गेर माता के भव्य पूजन का आयोजन होगा

**भौरासा।** नगर में 29 अप्रैल को गांव गेर माता के भव्य पूजन आयोजन किया जा रहा हे जो कि 12 वर्षों के बाद उक्त आयोजन किया जा रहा हे जिसमें नगर के प्रत्येक घरों में उक्त आयोजन को लेकर भव्य तैयारी चल रही हे बैठक में नगर के प्रत्येक ज्येष्ठ, वरिष्ठ, समाजजन, समाज प्रमुख, जनप्रतिगण ने अपने सुझाव, विचार, बैठक में रखे जिसको लेकर पुलिस थाना स्थित एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मूल भूत सुविधा, चिकित्सा, विद्युत, ट्रेफिक कंट्रोल संबंधित प्रशासनिक सुविधा हेतु संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक कर अपने अपने विभागों की समीक्षा हेतु आदेशित किया गया जिसमें सोनकच्छ एस डी एम आनंद मालवीया, सोनकच्छ एस डी ओ पी, दीपा मांडवे नायब तहसीलदार हर्षल बेहरानी, थाना प्रभारी अनीता सिंह,कनिष्ठ यंत्री मंसूर अली की उपस्थिति में बैठक सहसहमति के साथ सम्पन्न हुई जिसमें नगर की ओर से नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,बद्रीलाल लोधी, जीवन सिंह ठाकुर, गोकुल माली, रमेश ईनाणी, प्रकाश मंत्री, ओमप्रकाश जायसवाल, राजेंद्र यादव, प्रेमचंद सेठी, नरेंद्र माली, रमेशचंद जाजू, अभय नागर, धर्मेंद्र ठाकुर आदिजन उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**भौरासा।** आज सत्य के रक्षक, शस्त्र व शास्त्र के ज्ञाता, महा पराक्रमी योद्धा,भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। यूं तो पूरे भारत में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव सभी दूर मनाया गया इसी कड़ी औदुंबर धर्मशाला मैं भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया ब्राह्मण समाज बंधुओं ने भगवान श्री परशुराम जी का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया वही औदुम्बर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश जोशी परसाई महाराज के द्वारा पुष्पमाला पहनकर भगवान परशुराम जी का पूजन-पाठ किया गया एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर नगर परसाई संजय जोशी, ओमप्रकाश चौधरी, श्री कृष्ण चौधरी, राजेंद्र कुमार चौधरी, श्रीराम कृष्ण चौधरी,अशोक नागर, नरेश दुबे, संतोष चौधरी, मनोज जोशी, वीरेंद्र कुमार चौधरी, सतीश तिवारी, संजू चौधरी, मंगलेश चौधरी, सचिन तिवारी, अरविंद चौधरी, रजत चौधरी, शुभम नागर, राहुल बंड, जयप्रकाश चौधरी, तपेश चौधरी सहित आदि ब्राह्मण समाज के बच्चे महिला पुरुष समाज जन उपस्थित रहे।

## पृथ्वी दिवस के अवसर पर योग कक्षा में मिट्टी के सकोरे का वितरण



**शाजापुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका कार्यलय के प्रांगण में नियमित योग कक्षा में गायत्री परिवार एवं पवित्र वसुधा आनंद क्लब के प्रतिनिधि द्वारा मनोज कुमार जायसवाल की नियमित योग कक्षा में सम्मिलित होकर पर्यावरण की रक्षा एवं पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु योग परिवार के सभी साधक साधिकाओं से अपील करते हुए सभी को मिट्टी से निर्मित पात्र वितरित किए। योग परिवार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत अभियान में हम सभी साथ हैं।

## 27 को खाद-बीज बाजार बंद, देशभर के व्यापारी करेंगे सांकेतिक हड़ताल

**महिदपुर।** खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन के आहवान पर 27 अप्रैल को देशभर में कृषि आदान व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान खाद-बीज की दुकानों को बंद रखकर तहसील, विकासखंड और जिला मुख्यालयों पर जुलूस निकालते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। संगठन के नरेश पालीवाल ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार के स्तर पर बातचीत की जा रही है, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इसी के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) ने 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है, जिसके समर्थन में अन्य राज्यों में एक दिन की प्रतीकात्मक हड़ताल की जा रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी के अनुसार प्रमुख मांगों में उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को वर्तमान डेढ़ प्रतिशत से बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करने, रिटेलर के गोदाम तक उर्वरकों की आपूर्ति (एफओआर) सुनिश्चित करने, सैंपल फेल होने पर निमार्ता कंपनियों पर कार्रवाई और व्यापारी को गवाह के रूप में शामिल करने जैसी मांगें शामिल हैं।



## क्या आप अपने बच्चे को बार-बार डांटकर उसके दिमाग को नुकसान पहुंचा रहे हैं?



आज के दौर में बच्चों की परवरिश पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गई है। माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव कोशिश करते हैं, अच्छे स्कूल, ट्यूशन, एक्स्ट्रा क्लासेस और हर कदम पर परफेक्ट परफॉर्मेंस की उम्मीद लेकिन इसी दौड़ में एक चीज अक्सर नजरअंदाज हो जाती है, वह है बच्चों की मानसिक सेहत। कई घरों में यह आम बात है कि पढ़ाई में गलती हो, बात न मानी जाए तो बच्चों को डांट दिया जाता है। कभी गुस्से में ऊंची आवाज, तो कभी ताने और तुलना, माता-पिता इसे सामान्य सुधार का तरीका मान लेते हैं लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह रोज-रोज की डांट बच्चों के दिमाग पर क्या असर डालती है?

लगातार डांटने से बच्चे के दिमाग में कॉर्टिसोल का लेवल बढ़ जाता है। यह हार्मोन अगर लंबे समय तक बढ़ा रहे तो मेमोरी, सीखने की क्षमता और इमोशनल कंट्रोल पर असर डाल सकता है। ऐसे बच्चे धीरे-धीरे डर, असुरक्षा और आत्म-संदेह की भावना में जीने लगते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है।

# अगर बच्चा खाना नहीं खा रहा है, तो क्या करना चाहिए?

**आज के समय में बच्चों में खाना न खाने को लेकर नखरे बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। ऐसे में अगर आपका बच्चा भी खाना खाने में नखरे करते हैं तो आप उन्हें खाना खिलाने के लिए इन टिप्स को फॉलो कर सकते है।**



आज के समय में पेरेंटिंग काफी मुश्किल हो गई है। बच्चों को अच्छी परवरिश देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी है। वर्किंग पेरेंट्स होने के कारण पेरेंट्स अपने बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में कई बच्चे अक्सर खाने-पीने में नखरे दिखाने लगते हैं। जंक फूड्स का चलन भी काफी ज्यादा बढ़ गया है, जिस कारण बच्चों के खानपान पर बुरा असर पड़ता है। वर्तमान समय में बच्चे खाने में काफी नखरे दिखाते हैं, जिसका असर सीधे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। छोटे बच्चों का खाना न खाना माता-पिता के लिए सबसे बड़ी समस्या होती है। अक्सर माता-पिता को लगता है कि बच्चा कमजोर हो रहा है, जबकि कई बार यह सिर्फ एक व्यवहारिक बदलाव होता है।

### बच्चा खाना न खाएं तो अपनाएं ये टिप्स

बच्चे के खाना न खाने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इसलिए आप उनके खाना न खाने के कारणों के बारे में पता लगाकर उनकी सेहत का ध्यान रख सकते हैं और आसानी से खाना खिला सकते हैं। इसके लिए आप इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं

### भूख की कमी के कारणों को समझें

बच्चों के खाना न खाने पर डॉक्टर सबसे पहले यह देखने की सलाह देते हैं कि बच्चा खाना क्यों नहीं खा रहा है, आप सबसे पहले इसके कारणों को समझने की कोशिश करें। बच्चों में विकास की दर धीमी होने के कारण भी उनकी भूख कम हो सकती है, या फिर अगर बच्चा दिन भर स्नैक्स जैसे चिप्स, बिस्किट, पिज्जा और बर्गर आदि का सेवन करता है तो भी उसकी भूख मर जाती है। वहीं, दांत निकलते समय मसूड़ों में दर्द के कारण भी बच्चे खाना खाने से परहेज करते हैं। साथ ही बच्चे के पेट में कीड़े, इंफेक्शन या कब्ज की समस्या होने पर भी उनकी भूख में कमी आ सकती है।

### खाने का माहौल

बच्चों पर खाना खिलाने के दबाव के कारण खाना खाने से चिढ़ते हैं। इसलिए बच्चों को फोर्स फीडिंग कराने से बचें। बच्चों को जबरदस्ती खाना खिलाने से वो खाने से भागने लगता है। इसलिए, अगर बच्चा खाना खाने से मना करें तो 15-20 मिनट बाद दोबारा कोशिश करें। बच्चों को मोबाइल या टीवी दिखाकर खाना खिलाने से बचें, क्योंकि इससे बच्चे के दिमाग को पेट भरने के संकेत नहीं मिल पाते हैं और वह खाने के स्वाद को नहीं समझ पाते हैं। आप बच्चे को खाना खिलाने के लिए एक सकारात्मक माहौल बना सकते हैं, जिसके लिए बच्चे को पूरे परिवार के साथ बैठकर खाना खिलाएं, इससे बच्चा दूसरों को देखकर प्रेरित होता है और खुद खाना खाने लगता है।

### खाने को रोचक बनाएं

बच्चे सादा और फिका भोजन करना पसंद नहीं करते हैं। बच्चे अक्सर रंगों और आकारों की ओर आकर्षित होते हैं। इसलिए आप बच्चों को फल, उबली हुई सब्जियां या पनीर के टुकड़े अलग-अलग शेप में काट कर दें। इसके अलावा, रोटी को गोल बनाने के स्थान पर अलग-अलग आकार में बनाएं। इदली या डोसे के साथ सब्जियों से स्माइली फेस बनाकर दें। अगर बच्चा सब्जियां खाना पसंद नहीं करता है तो पराठे में सब्जी या पनीर भरकर तैयार करें।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






फ्रंट फुट पर 300+ के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं

# वैभव सूर्यवंशी, भविष्य की टी-20 बल्लेबाजी का नया मॉडल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उम्र और अनुभव की कमी को ताकत बनाकर वह ऐसी ह्यमुकम्मलह्न बल्लेबाजी शैली लेकर आए हैं, जिसे आधुनिक टी-20 क्रिकेट का नया ब्लूप्रिंट माना जा रहा है।

पिछले साल तक जो बल्लेबाज सिर्फ झलकियों में अपनी क्षमता दिखाता था, इस बार वह एक मुकम्मल और बेहद खतरनाक रूप में सामने आया है। 38.30 की औसत और 220.40 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट के साथ सूर्यवंशी ने खुद को बाकी बल्लेबाजों से अलग खड़ा कर दिया है।

टी-20 में गुड लेंथ को गेंदबाजों का सबसे सुरक्षित किला माना जाता है, लेकिन वैभव ने इसी किले को ह्यस्कोरिंग क्षेत्रह्न में बदल दिया है। जहां दुनिया भर के बल्लेबाज इस लेंथ पर रक्षात्मक होते हैं, वहां वैभव ने ऐसी 47 गेंदों पर 119 रन बनाए हैं, वह भी 253.20 के स्ट्राइक रेट से और सिर्फ तीन बार आउट हुए। उनका यह बेखौफ अंदाज जसप्रीत बुमराह जैसे विश्वस्तरीय गेंदबाज के सामने भी नहीं डगमगाता, जिनका स्वागत उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्के से किया था। पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद के अनुसार, वैभव की बॉटम हैंड डोमिनेंट ग्रिप उन्हें असाधारण ताकत देती है। उनका बैट एक लीवर-पुली मोशन में चलता है। पहले नीचे स्विंग होना और फिर बिजली की तेजी से ऊपर जाना। यही कारण है कि वह फ्रंट फुट पर 300+ के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। वैभव के लिए गेंदबाज का प्रकार मायने नहीं रखता। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 236.80 है, जबकि स्पिन के खिलाफ भी 189 से ऊपर है, जो कम से कम 50 गेंदें खेलने वाले बल्लेबाजों में छठा स्थान है। बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ तो वैभव और भी घातक हो जाते हैं, जहां उनका स्ट्राइक रेट 280 के पार चला जाता है।



### दिलचस्प : मैच से पहले कार्टून देखते हैं

सूर्यवंशी आज भी मैच से पहले कार्टून देखते हैं। वह खुद मानते हैं कि कार्टून देखना उनकी पुरानी आदत है, जो अभी तक नहीं बदली है। उनके लिए कार्टून देखना एक तरह से दिमाग को शांत रखने का तरीका है, जिससे वह बिना ज्यादा दबाव के मैदान पर उतर पाते हैं और खेल पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। एक बेहतरीन उदाहरण भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ देखने को मिला, जब उन्होंने धीमी गेंद से वैभव को चकमा दिया। सूर्यवंशी ने पहले आक्रामक शॉट की कोशिश की, पर गेंद की गति पहचानते ही खुद को एडजस्ट कर लिया। यह लम्हा दिखाता है कि उनके खेल में नियंत्रण का स्तर भी ऊंचा है।

## प्राची, वंशिका के स्वर्ण से भारत शीर्ष पर

**काहिरा।** प्राची गायकवाड़ और वंशिका चौधरी के स्वर्णिम निशानों की मदद से भारत ने जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पदक तालिका के शीर्ष पर कब्जा कर लिया है। गुरुवार को प्राची ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में जबकि वंशिका ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीते। इसी स्पर्धा में सेजल कांबले ने रजत पदक जीता। उससे पहले नारायण प्रणव ने 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य जीता था। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में शिवा नरवाल ने स्वर्ण जीता था। अब भारत के कुल पदकों की संख्या 11 हो गई है जिनमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। वंशिका ने 241.3 अंक के साथ स्वर्ण और सेजल ने 239.6 के साथ रजत हासिल किया।

# कुत्ता लाए, धुआं किया, जेबकतरे रखे...पर कप ना जीत पाए अटेर्टा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फुटबॉल जगत में जीत के लिए कोच अक्सर नई रणनीतियों, खेल संरचना पर ध्यान देते हैं। लेकिन आर्सेनल क्लब के मैनेजर मिकेल अटेर्टा अपनी टीम को प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने के लिए ऐसे अतरंगी प्रयोग कर रहे हैं, जिन्हें सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। विडंबना यह है कि इतने टोटकों के बाद भी खिताबी सूखा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अटेर्टा का सबसे ताजा कारनामा पिछले हफ्ते मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ मैच से पहले देखने को मिला। उन्होंने टीम में जोश भरने और खिलाड़ियों के बीच एक ह्यअग्नि परीक्षाह्न जैसा माहौल बनाने के लिए लंदन कोल्नी ट्रेनिंग ग्राउंड पर अलाव जला दिया। यह प्रयोग इतना भारी पड़ा कि पास के मैदान पर अभ्यास कर रही वाटफोर्ड टीम के कोच डैन गोसलिंग की आवाज धुंए की वजह से बैठ गई। उन्होंने शिकायत की कि पड़ोसी क्लब तक इसकी गंध आ रही थी। अटेर्टा की पागल वैज्ञानिक वाली छवि तब और मजबूत हुई जब उन्होंने एक बार टीम डिनर के दौरान पेशेवर जेबकतरों को काम पर रख लिया। मकसद था-खिलाड़ियों को यह सिखाना कि वे हर पल सतर्क रहें। इसके अलावा, एक प्री मैच बातचीत के दौरान उन्होंने ड्रेसिंग रूम में हाथ में जलता हुआ लाइटबल्ब लेकर भाषण दिया ताकि टीम के भीतर जोश और ऊर्जा पैदा की जा सके।

## मधवाल चेन्नई में म्हात्रे की जगह लेंगे

**चेन्नई।** आयुष म्हात्रे के चोट के कारण आईपीएल 2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरुवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल कर लिया। अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने इस सत्र में शानदार शुरूआत करके छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।32 वर्षीय मधवाल 30 लाख रुपये में सीएसके से जुड़े हैं।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा.
9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बेटे ने पिता पर किया चाकू से हमला गंभीर हालत में बेटियां ले गईं अस्पताल

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में एक बेटे ने अपने ही पिता की गर्दन पर वार कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। यहां घायल पिता के बयान लिए गए, इसके बाद आरोपी बेटे पर एफआईआर दर्ज की गई। मल्हारगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घायल रमेश कुमार नीमा, निवासी प्रजापतपुरा कुम्हार मोहल्ला है। पुलिस के अनुसार, बुधवार-गुरुवार की रात यूनिक अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस रमेश कुमार के बयान लेने पहुंची थी। रमेश ने बताया कि उनका बेटा जयंत उर्फ मोनू शराब के नशे में देर रात घर पहुंचा। इसके बाद वह उन्हें और पत्नी मधु को अपशब्द कहने लगा। जब उसे रोका गया तो उसने अचानक गर्दन और गले पर चाकू से वार कर दिया। इस दौरान दोनों बेटियों ने बचाव किया और उन्हें नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचीं। यहां अधिक खून बहने के चलते डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद गले और गाल की सर्जरी की गई। रमेशचंद नीमा के मुताबिक, बेटे से उनकी जान को खतरा है। पुलिस ने बयान के आधार पर आरोपी बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

लसूड़िया में गुरुवार रात एक बदमाश द्वारा की जा रही छेड़छाड़ का विरोध करना महिला के पति को भारी पड़ गया। आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने रात में पीड़ित का मेडिकल कराया है। पुलिस के मुताबिक, लसूड़िया तालाब के पास लक्की नाम के बदमाश ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ की। इस मामले में महिला के पति प्रिंस ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे चाकू मार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### घटना से हटाए गए पुलिसकर्मियों ने सुलझा दी हत्या की गुत्थी, मृतक का साथी पकड़ाया



**इंदौर।** लसूड़िया में 17 अप्रैल को 45 साल के एक शख्स का शव मिला था। उसका सिर कुचलकर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। शराब दुकान से शराब लेने के बाद युवक ने साथ में शराब पीने की जिद की थी, जिस पर आरोपी ने उसे पत्थर मारकर मौत के घाट उतार दिया। डीसीपी कुमार प्रतीक ने बताया कि स्कीम नंबर 136 में अज्ञात शव मिला था। उसकी पहचान कड़वा जी पुत्र राजाराम दगोड़ के रूप में हुई, जो खरगोन के भीकनगांव का रहने वाला था। वह लाहिया कॉलोनी, हीरानगर में किराये से रहकर मजदूरी का काम करता था। उसकी हत्या के मामले में पुलिस ने प्रमोद पुत्र फूलचंद वेद्य को पकड़ा है। प्रमोद भी मजदूरी के काम से जुड़ा है। जानकारी में सामने आया कि 16 अप्रैल की रात उसने एमआर-10 की शराब दुकान से शराब ली थी। कड़वा वहां मिल गया और शराब पिलाने के लिए जिद करने लगा। इसके बाद उसने अपशब्द कहे। बाद में गुस्से में उसे गाड़ी पर बैठाकर साथ ले गया। वहां नशे की हालत में उसे बाइक से गिराकर सिर पर ब्लॉक मारकर उसकी हत्या कर दी। शराब दुकान के सीसीटीवी में आरोपी प्रमोद अपने साथ कड़वा को ले जाते हुए दिखा था। इस मामले में थाने से हटाए गए एसआई संजय विश्नाई, प्रणीत भदौरिया, दिनेश गुर्जर और रविन्द्र भदौरिया ने हटने के बाद भी लगातार हत्याकांड से पर्दा उठाने के लिए मेहनत की। पुलिस अफसरों ने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में उन्हें शामिल किया था।

### क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के लिए बुलाया, बिना रुपए दिए भगा दिया

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में क्रिप्ट्रो करेंसी एक्सचेंज को लेकर मामला सामने आया है। बताया जाता है कि बुधवार को कृष्णा नाम के युवक के साथ कुछ लोगों ने डरा धमकाकर रुपए वसूले। कृष्णा को धमकाने वाले युवक खुद को पुलिसकर्मी बता रहे थे। बाद में कृष्णा मामले की जानकारी लेकर एरोड्रम थाने भी पहुंचा लेकिन यहां से उसे भगा दिया। गुरुवार को डीसीपी से शिकायत की, इसके बाद अफसर थाने पहुंचे और दो घंटे के फुटेज अपने साथ लेकर चले गए। मामला विद्याधाम मंदिर के पास का है। बुधवार को यहां कृष्णा नाम के युवक को क्रिप्ट्रो करेसी एक्सचेंज के नाम पर कुछ लोगों ने बुलाया था। बताया जाता है कि कृष्णा को इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मी बताकर पकड़ा और रुपए अपने पास रखकर उसे बंद करने की धमकी दी। बाद में युवक वहां से चले गए। कृष्णा शिकायत लेकर एरोड्रम थाने पहुंचा। लेकिन यहां बाहर से ही पुलिसकर्मियों ने उसकी शिकायत सुने बिना उसे भगा दिया। गुरुवार को डीसीपी कृष्णा लाल चंदानी से युवक अपने परिचित के साथ मिला था। सूत्रो के मुताबिक रात मे एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेटटा एरोड्रम थाने पहुंचे थे। यहां उन्होंने दो घंटे के सीसीटीवी फुटेज उन्होंने देखे। इसके बाद वह लैपटॉप में फुटेज लेकर चले गए। हालांकि इस मामले से जुड़ी पुष्टि अफसरों ने नहीं की है। कृष्णा से रुपए लेने वाले युवक एरोड्रम के स्टॉफ से जुड़े बताए जा रहे हैं।

### निजी गाड़ियों में घूम रहे एमआईसी सदस्य, निगम से ले रहे टैक्सी का बिल

**इंदौर।** नेता प्रतिपक्ष से लेकर तमाम एमआईसी सदस्य निजी गाड़ियों में घूम रहे हैं, लेकिन नगर निगम से टैक्सी के बिल वसूले जा रहे हैं। फॉर्च्यूनर-स्कॉर्पियो से घूम रहे सदस्यों ने निगम के रिकॉर्ड में उसी गाड़ी को इनोवा बता रखा है। हद यह है कि सरकारी विभाग में निजी गाड़ियां अटैच ही नहीं हो सकती, लेकिन यहां बिना रोक-टोक के लंबे समय से हर महीने लाखों रुपए के बिल निकाले जा रहे हैं। नगर निगम में अटैच वाहनों की पड़ताल में सामने आया है कि एमआईसी सदस्यों और अफसरों को आवंटित कई गाड़ियों की जानकारी निगम के रिकॉर्ड से मेल ही नहीं खाती। इनमें सभापति मुन्नालाल यादव, नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को आवंटित वाहन भी शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष को आवंटित गाड़ी किसी कंपनी की बताई है, पर आरटीओ में वह गाड़ी माधवी चौकसे के नाम पर दर्ज है। चिंटू चौकसे की फॉर्च्यूनर जिसे निगम के रिकॉर्ड में इनोवा बताकर बिल लिया जा रहा है।

### सफाई का कार्य ठीक नहीं मिलने पर दरोगा निलंबित, सुपरवाइजर की 10 दिन की सैलरी काटी

**इंदौर।** इंदौर शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल लगातार मैदान में उतरकर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को भी उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान सफाई कार्य में लापरवाही मिलने पर निगमकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एजेंसियों पर भी पेनल्टी लगाई गई। कमिश्नर ने अरिहंत नगर, लुनियापुरा रेलवे क्रॉसिंग, अन्नपूर्णा तालाब, सैफी नगर रेलवे स्टेशन, राजेंद्र नगर, राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन, कैलाश मार्ग और पुलिस लाइन सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। वार्ड 62 के गाड़ी अड्डा रेलवे क्रॉसिंग के पास कचरा और गंदगी मिलने पर उन्होंने संबंधित सीएसआई को फटकार लगाई और वार्ड दरोगा रविंद्र खोड़े को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं, वार्ड 6 और 8 के लोहारपट्टी, कैलाश मार्ग, अहिल्यापुरा चौराहा और पुलिस लाइन क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर दरोगा पृथ्वीसिंह चौहान और दुश्यंत बोड़े की एक-एक दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने राजेंद्र नगर स्थित सीटीपीटी (कम्युनिटी टॉयलेट) का भी निरीक्षण किया, जहां सफाई व्यवस्था खराब मिली। वॉश बेसिन गंदे पाए गए और रजिस्टर संधारण में भी अनियमितताएं सामने आईं। इस पर संबंधित एजेंसी पर 10 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई और सीटीपीटी सुपरवाइजर की 10 दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए गए।

---

इंदौर में भले ही नगर निगम ने बीआरटीएस कॉरिडोर को हटा दिया हो, लेकिन ट्रैफिक की समस्या अभी भी जस की तस ही बनी हुई


# 45 मिनट में तय हुआ निरंजनपुर से राजीव गांधी चौराहा का सफर

### बीआरटीएस हटा तो ब्रिज निर्माण ने घेर ली जगह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में भले ही नगर निगम ने बीआरटीएस कॉरिडोर को हटा दिया हो, लेकिन शहर के कई हिस्सों में ट्रैफिक की समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है। खासकर जहां ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है, वहां सड़कों के संकरे होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**ब्रिज निर्माण ने बढ़ाई परेशानी-** बीआरटीएस हटने के बाद कई जगह सड़कें चौड़ी हो गई हैं, लेकिन जहां एलिवेटेड ब्रिज का काम चल रहा है, वहां हालात उलट हैं। निरंजनपुर चौराहे पर निर्माण कार्य के चलते दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर दी गई है, जिससे सड़क संकरी हो गई है। यहां से दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है।




#### सत्यसाईं से विजय नगर तक सबसे ज्यादा जाम

शाम 7.25 बजे टीम निरंजनपुर से निकली। महिंद्रा शोरूम चौराहे तक पहुंचने में डेढ़ मिनट लगे, लेकिन इसके बाद ट्रैफिक का दबाव बढ़ता गया। सत्यसाईं चौराहे से विजय नगर और भमोरी चौराहे के बीच सबसे ज्यादा परेशानी देखने को मिली। सड़क के बीच चल रहे काम के कारण वाहन सर्विस रोड और फुटपाथ से भी गुजरते नजर आए। विजय नगर चौराहे पर संकरी सड़क और चारों ओर से आ रहे ट्रैफिक के चलते दो सिग्नल लगने के बाद रास्ता साफ हुआ।

#### नवलखा चौराहे पर सिग्नल ने रोका

भमोरी के बाद एलआईजी, पलासिया, गीताभवन, व्हाइट चर्च और जीपीओ चौराहों पर ट्रैफिक सामान्य रहा। हालांकि नवलखा चौराहे पर सिग्नल टाइमिंग ने चालकों को रोके रखा। यहां रेड लाइट 125 सेकंड से ज्यादा और ग्रीन सिर्फ 25 सेकंड की होने से दो बार सिग्नल का इंतजार करना पड़ा। इसके बाद सड़क चौड़ी होने और ब्रिज कनेक्टिविटी के कारण ट्रैफिक सामान्य मिला और टीम सीधे भंवरकुआं होते हुए राजीव गांधी चौराहे पहुंची। टीम शाम 7.25 बजे निरंजनपुर चौराहे से निकली और 8.11 बजे राजीव गांधी चौराहे पहुंची। यानी करीब 45 मिनट में यह दूरी तय हुई, जो पीक टाइम में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की हकीकत बयां करती है।

---

इंदौर पुलिस ने सात घंटे में अगवा किए बच्चों को ढूंढ लिया

# फोन कर मांगी थी 15 लाख रुपये की फिरौती

### पति-पत्नी समेत चार आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर पुलिस ने तिरुपति गार्डन से अगवा दोनों बच्चों को गुरुवार देर रात करीब दो बजे सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले में एक दंपती, एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। युवक-युवती आपस में भाई-बहन हैं।

नैतिक सोनकर (9) और सम्राट (11) गुरुवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गए थे। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक युवती उन्हें अपने साथ ले जाते हुए दिखी थी। बच्चों के दादा पूनमचंद जयदेव ने पुलिस को बताया था कि एक महिला ने वीडियो कॉल के जरिए 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। इसके बाद फोन बंद हो गया। सूचना मिलते ही टीआई सुरेंद्र रघुवंशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्चों को तलाशने में संयोगितागंज, बड़ी ग्वालटोली, राजेंद्र नगर, द्वारकापुरी, तुकोगंज और पलासिया थाने की टीमों को लगाया। जिस नंबर से बच्चों के दादा को फोन आया था, उसे सर्विलांस पर डाला। इसकी लोकेशन निकालकर बच्चों को राजेंद्र नगर के दत्त नगर में एक बिल्डिंग से बरामद कर लिया। एसीपी तुषार सिंह ने बताया- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपी लड़की के रूट की पहचान की। जिस नंबर से फिरौती का फोन आया था, उसे सर्विलांस पर डाला। मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। सभी आरोपी आपस में वॉट्सएप पर चैटिंग कर रहे थे। इनमें से एक नंबर से ही वॉट्सएप कॉल करके उन्होंने 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। इस नंबर को पुलिस ने सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन पता कर ली। बच्चों को दत्त नगर की एक बिल्डिंग में रखा गया था।



#### आरोपियों ने बच्चों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया

एसीपी सिंह ने बताया- आरोपियों में भाई-बहन राधिका और विनीत समेत पति-पत्नी ललित और तनीषा शामिल हैं। तनीषा बच्चों को अपने साथ लेकर गई थी। वह राधिका की सहेली है। आरोपियों ने बच्चों को किसी तरह की चोट या नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। दोनों का मेडिकल परीक्षण भी करा लिया गया है।

#### पक्षी-जानवर दिखाने के बहाने ले गई थी लड़की

नैतिक के पिता जूस का ठेला लगाते हैं, जबकि सम्राट के पिता ढोलक बजाने का काम करते हैं। नैतिक के चाचा राहुल सोनकर ने कहा कि दोनों बच्चे शाम करीब 6 बजे तिरुपति गार्डन में क्रिकेट खेल रहे थे। जब दादी उन्हें देखने पहुंचीं, तो दोनों वहां नहीं मिले। उन्होंने कहा- आरोपी लड़की बच्चों को पक्षी-जानवर दिखाने के बहाने ले गई थी। सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

---

सलमान खुर्शीद का हाई कोर्ट में तर्क

## लंदन में रखी वाग्देवी की प्रतिमा भोजशाला की, इसका प्रमाण नहीं



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भोजशाला मामले में हाई कोर्ट की डिविजन बेंच के सामने गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट सलमान खुर्शीद की बहस पूरी हो गई। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से करीब एक घंटे तक तर्क रखे। उन्होंने कहा- लंदन के म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा भोजशाला से ही गई है, जिसका कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है। खुर्शीद के मुताबिक, म्यूजियम में दी गई जानकारी में भी प्रतिमा के गुजरात या राजस्थान से मिलने का उल्लेख है।

**14वीं शताब्दी के उर्दू ग्रंथों का दिया हवाला:** जस्टिस विजयकुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिविजन बेंच के सामने एडवोकेट खुर्शीद ने कहा कि 14वीं शताब्दी और उससे पहले लिखे गए ग्रंथों में भी यह उल्लेख है कि भोजशाला में मस्जिद थी और उस समय उसकी मरम्मत भी की गई थी। खुर्शीद ने तर्क दिया कि जिस तरह हिंदू ग्रंथों में भोजशाला को मंदिर होना बताया गया है, उसी तरह इसे मस्जिद बताने के भी प्रमाण हैं।

---

लसूड़िया थाने में मारपीट पर हाईकोर्ट सख्त

## पुलिस पर 10 हजार का जुर्माना, थानों में बॉडी वॉर्न कैमरे लगाने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर से जुड़े पुलिस मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने लसूडिया थाना पुलिस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए यह राशि याचिकाकर्ता को मुआवजे के रूप में देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शहर के प्रमुख थानों में बॉडी-वॉर्न कैमरे लगाने का आदेश भी जारी किया गया है।

याचिकाकर्ता हर्ष जावरिया ने याचिका में बताया कि 29 दिसंबर 2025 की रात बॉम्बे अस्पताल के पास एक रेस्टोरेंट में बिल को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद मौके पर पहुंची लसूडिया थाना पुलिस उन्हें और उनके साथियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने प्लास्टिक के पाइप से पिटाई की, मोबाइल छीन लिया और रिकॉर्ड किया गया वीडियो भी डिलीट कर दिया। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि पुलिस विभाग बॉडी-वॉर्न कैमरों के उपयोग को लेकर गंभीर नहीं है, जबकि इस संबंध में पहले भी निर्देश दिए जा चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि उपलब्ध कैमरों का भी प्रभावी उपयोग नहीं किया जा रहा, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। कोर्ट ने निर्देश दिए कि इंदौर के 35 थानों में से अपराध की दृष्टि से महत्वपूर्ण 5 थानों के सभी पुलिसकर्मियों को 9 माह के भीतर बॉडी-वॉर्न कैमरे उपलब्ध कराए जाएं। इस संबंध में अगली सुनवाई में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश की प्रति गृह विभाग, डीजीपी और पुलिस कमिश्नर को भेजने के लिए कहा गया है।




**थाने में दुर्व्यवहार और रिश्वत के आरोप-** याचिकाकर्ता के अनुसार, थाने में उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उनकी मूंछ खींची गई और करीब एक घंटे तक मारपीट की गई। बाद में कथित रूप से रिश्वत लेकर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया गया।
**सीसीटीवी फुटेज पर सवाल-** सुनवाई के दौरान कोर्ट ने थाने के सीसीटीवी फुटेज तलब किए। रिकॉर्ड में सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों को ऐसी जगह ले जाया गया, जहां कैमरे की कवरेज नहीं थी। याचिकाकर्ता पक्ष ने दलील दी कि वीडियो उपलब्ध नहीं है, लेकिन ऑडियो में चीखने और मारपीट की आवाजें साफ सुनाई देती हैं। वहीं शासन पक्ष ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि जिस स्थान पर उन्हें रखा गया, वहां महिला अधिकारियों का क्षेत्र होने के कारण कैमरे नहीं लगे थे।

## इंदौर में पांच दिनी सनातन जागृति पदयात्रा 17 मई से

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में पहली बार सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों को केंद्र में रखकर सनातन जागृति पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा 17 से 21 मई तक निकाली जाएगी। इसके माध्यम से सनातन संस्कृति, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता लाने का संदेश दिया जाएगा।

पहले दिन का आयोजन तेजाजी नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर धाम स्वामी अतुलानंद सरस्वती के सानिध्य में होगा। यहां से शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सनातन जागृति पदयात्रा जाएगी, जो तीन इमली तक जाएगी। 18 मई इसी समय तीन इमली चौराहा से रोबोट चौराहा तक यात्रा जाएगी। 19 मई को रोबोट चौराहा से मरीमाता चौराहा, 20 मई को मरीमाता चौराहा से हंसराज मठ तक जाएगी। आखिरी दिन 21 मई को हंसराज मठ से निकलकर दशहरा मैदान जाएगी जहां समापन होगा। इस दौरान संत-महात्मा और सामाजिक कार्यकर्ता लोगों को जीवन से जुड़े मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करेंगे। स्वामी अतुलानंद सरस्वती ने बताया कि सनातन जागृति पदयात्रा का संदेश संस्कृति का संरक्षण, गौसेवा, जीव हत्या पर रोक, पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल है। आयोजकों के अनुसार वर्तमान समय में युवा पीढ़ी तेजी से पाश्चात्य जीवनशैली की ओर आकर्षित हो रही है, जिससे भारतीय संस्कृति और मूल्यों का क्षरण हो रहा है। पदयात्रा के माध्यम से युवाओं को भारतीय परंपराओं, आध्यात्म और प्रकृति प्रेम से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न संत और सामाजिक कार्यकर्ता अपने विचार साझा करेंगे, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ व संस्कारित दिशा मिल सके।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com